॥ श्रीः ॥

इन्द्रजिद्विरचितः

# क्रियोड्डीशः ।

पं० लालमनशर्मकृतभाषाटीकासमेतः

तथा

पं० बलदेवप्रसादमिश्रसंशोधितः ।

स चायं

श्रीकृष्णदासात्मज-गङ्गाविष्णोः
अध्यक्ष "लक्ष्मीवेंकटेश्वर" मुद्रणागारे
मेनेजर पं० शिवदुलारे वाजपेयी इत्यनेन स्वाम्यर्थं
मुद्रयित्वा प्रकाशितः ।

संवत् १९८०, शकाब्दाः १८४५.

कल्याण-मुंबई.

ॐ नमो गणेशाय ।

# क्रियोड्डीशः ।

## भाषाटीकासमेतः ।

आनन्दशिखरारूढं पार्वत्या सह शंकरम् ।
पप्रच्छ गिरिजा कान्ता पुनर्नत्वा वृषध्वजम् ॥ १ ॥

आनन्दशिखरके ऊपर विराजमान श्रीपार्वतीसे शोभित श्रीशंकरजी महाराजको नमस्कार कर श्रीमहारानी पार्वतीजी पूछने लगीं ॥ १ ॥

पार्वत्युवाच—भगवन्सर्वदेवेश सर्वज्ञानमय प्रभो ।
इदानीं श्रोतुमिच्छामि क्रियोड्डीशं विभो वद ॥ २ ॥

श्रीपार्वतीजी कहनेलगीं हे भगवन ! हे सर्वदेवेश ! हे सर्वज्ञानमय ! हे प्रभो ! इस समय क्रियोड्डीश सुननेकी मेरी अति इच्छा है कृपा कर वर्णन कीजिये ॥ २ ॥

ईश्वर उवाच—शृणु देवि प्रवक्ष्यामि उड्डीशं तन्त्रमुत्तमम् । गोपितव्यं प्रयत्नेन मम स्वप्राणवल्लभे ॥ ३ ॥

श्रीशिवजी कहनेलगे, हे देवि ! श्रवण करो तन्त्रोंमें उत्तम उड्डीश तन्त्रको कहता हूं, हे प्राणवल्लभे ! यह तन्त्रोत्तम उड्डीश तन्त्र सर्वथा गोपनीय है ॥ ३ ॥

शांत्यादि षट् कर्माणि तेषां लक्षणं च ।

स्वदेवतादिक्कालादि ज्ञात्वा कर्माणि साधयेत् । शीतांशुसलिलक्षोणिव्योमवायुहविर्भुजः ॥४॥ एतेषां बीजयोगेन ग्रथनादिक्रमेण कर्म साधयेत् । ठं वं लं हं यं वं ।

शांति आदि षट् कर्म और उनका लक्षण कहाजाता है । निजदेवता, दिक्, कालादिकको जानकर कर्म साधन करे । चन्द्र, जल, पृथ्वी, व्योम, वायु, अग्नि ॥ ४ ॥ इन छःके बीजयोगसे ग्रथनादिक्रमपूर्वक कर्म साधन करे । ठं, वं, लं, हं, यं, वं, यह छः इन छहों देवताओंके बीज हैं ।

तत्तद्देवता–रतिर्वाणी रमा ज्येष्ठा मातङ्गी कुलकामिनी । दुर्गा चैव भद्रकाली क्रमादेताः प्रपूजयेत् ॥ ५ ॥ वसन्ताद्यृतुकालनियमः ।

रति, वाणी, रमा, ज्येष्ठा, मातंगी, कुलकामिनी, दुर्गा, भद्रकाली इन देवताओंका क्रमसे आदिमें पूजन करे ॥ ५ ॥

वसन्त आदि ऋतु कालनियममें ग्रहण किये हैं।

इति क्रियोड्डीशे महातन्त्रराजे देवीश्वरसंवादे प्रथमः पटलः॥ १ ॥

---

अथ सर्वरोगमुक्तिकवचम्।

**श्रीदेव्युवाच–देवदेव महादेव सुरासुरनमस्कृत।**
**इदानीं श्रोतुमिच्छामि रोगमुक्तः कथं प्रभो॥ १॥**

श्रीपार्वतीजी कहनेलगीं। हे देवदेव! हे महादेव! हे सुरासुरनमस्कृत! हे प्रभो! इस समय मेरी यह इच्छा है कि, रोगमुक्तिका उपाय आपके मुखारविन्दसे सुनूं अर्थात् साधक लोग किस प्रकार रोगमुक्त होते हैं॥ १॥

**नास्ति त्राता च जगतां त्वां विना परमेश्वर।**
**ज्वरादिवारणं शीघ्रं कृपया परया वद॥ २॥**

हे परमेश्वर! आपके विना त्रिलोकरक्षक अन्य नहीं हैं अतः हे प्रभो! कृपापूर्वक ज्वरादि रोगोंकी निवृत्तिका उपाय वर्णन कीजिये॥ २॥

**ईश्वर उवाच–कथयामि तव स्नेहात्कवचं वारणं महत्॥**

श्रीशिवजी कहने लगे हे प्रिये! तुम्हारे स्नेहसे मैं ज्वरादि रोगनाशक कवचको कहता हूँ।

ॐ नमो भगवति वज्रशृंखले हनतु भक्षतु खादतु अहो रक्तं पिब पिब नरवक्षास्थिरक्तपटे भस्माङ्गि भस्मलिप्तशरीरे वज्रायुधे वज्रप्राकारनिचिते पूर्वान्दिशं मुञ्चतु दक्षिणां दिशं मुञ्चतु पश्चिमां दिशं मुञ्चतु उत्तरा दिशं मुञ्चतु नागार्थं धनग्रहपतिं बन्धतु नागपति बन्धतु यक्षराक्षसपिशाचान् बन्धतु प्रेतभूतगन्धर्वादयो ये केचिद् उपद्रवास्तेभ्यो रक्षतु ऊर्ध्वं रक्षतु अधो रक्षतु श्येनिकां मुञ्चतु ज्वल महाबले एह्येहि तु मोटि मोटि सटावलि वज्राग्निवज्रप्राकारे ऐं फट् ह्रीं ह्रीं श्रीं फट् हं हं फुं फें फः सर्वग्रहेभ्यः सर्वव्याधिभ्यः सर्वदुष्टोपद्रवेभ्यः ह्रीं अशेषेभ्यो मां रक्षतु ॥

इतीदं कवचं देवि सुरासुरसुदुर्लभम् ।
ग्रहज्वरादिभूतेषु सर्वकर्मसु योजयेत् ॥ १ ॥

हे देवि ! देवताओंकोभी बडी कठिनतासे प्राप्त होनेलायक इस

कवचके पाठ करनेसे सर्व प्रकारके ज्वरादिक सहसा दूर होजाते हैं अतः सर्वकर्मोंमें इस कवचका प्रयोग करे ॥ १ ॥

न देयं यस्य कस्यापि कवचं मन्मुखाच्च्युतम् ।
तद्दत्ते सिद्धिहानिः स्याद्योगिनीनां भवेत्पशुः ॥२॥

मेरे मुखारविन्दसे निर्गलित यह कवचराज हरएकको न देने चाहिये क्योंकि हरएकको देनेसे सिद्धिहानि होतीहै और दाताको योगिनियोंका पशु होना पडता है ॥ २ ॥

दद्याच्छान्ताय वीराय सत्कुलीनाय योगिने ।
सदाचाररता ये च निर्जिताशेष एव हि ॥ ३ ॥

यह कवचराज शांतप्रकृति, वीर, सत्कुलीन, योगी, सदाचाररत, जितेन्द्रियको ही प्रदान करना चाहिये अन्यको नहीं ॥३॥

ऐकाहिको द्व्याहिकश्च त्र्याहिकश्चातुराहिकः ।
सर्वे ज्वरा विनश्यन्ति कवचं धारयेद्यदि ॥ ४ ॥

इस कवचराजके धारण करनेसे प्रतिदिन आनेवाला ज्वर, दूसरे दिन आनेवाला ज्वर, तिजारी ज्वर, चौथे दिन आनेवाला एवं सर्व प्रकारके ज्वर सहसा दूर होजाते हैं ॥ ४ ॥

स्त्रिया वामकरे धार्यं पुंसा च दक्षिणे करे ।
अवश्यमेव सिद्धिः स्यात्सत्यं सत्यं वरानने ॥ ९ ॥

यह कवचराज स्त्रियोंको बायें और पुरुषोंको दक्षिण हस्तमें धारण करना चाहिये, हे वरानने ! अवश्य इस कवचके धारण करनेसे साधकवर्गको सिद्धिलाभ होगा ॥ ९ ॥

इति क्रियोड्डीशमहातन्त्रराजे देवीश्वरसंवादे द्वितीयः पटलः॥२ ॥

---

अथ सर्वरोगविनाशाय पार्थिवशिवलिंगपूजनप्रकरणम् ।

अतः परं महेशानि पूजनं पार्थिवं शिवम् ।
विशेषतः सर्वरोगे त्र्यम्बकस्य प्रपूजनम् ॥ १ ॥

अब सर्व रोगोंकी शांतिके लिये पार्थिव शिवलिंगके पूजनका प्रकरण कहाजाता है हे महेशानि ! पार्थिव [ मृत्तिकाके बनाये हुए ] शिवपूजनका प्रकार कहाजाता है । विशेषतासे समस्त रोगोंके उत्पन्न होतेही त्र्यम्बक शिवजी महाराजका पूजन करना योग्य है ॥ १ ॥

यत्कृत्वा सर्वतः शान्तिर्भवेद्देवि न संशयः ।
ततः प्रयोगं सर्वेषां वश्यादीनां च कारयेत् ॥ २ ॥

हे देवि ! जिस पार्थिव विधान करनेमें सर्व प्रकारके रोगोंकी

शांति होती है, इसमें किसी प्रकारका संदेह नहीं तत्पश्चात् समस्त वश्यादिकोंका प्रयोग करावे ॥ २ ॥

विधानं तत्र वक्ष्यामि शृणुष्व कमलानने ।

हे कमलानने ! मैं पार्थिवपूजनके विधानका वर्णन करताहूँ श्रवण करो ।

शिवपूजाविधानम् ।

मृदा लिङ्गं विनिर्माय शततोलकमानया । तत्रानीय मृतं मुण्डं स्थापयित्वा ममार्चनम् ॥ १ ॥ पूर्वमग्निं च संस्थाप्य यज्ञस्थानं चतुर्विधम् । उत्तरे दक्षिणे वापि पूर्वे च पश्चिमे तथा ॥ २ ॥ सर्वकामेषु होतव्यमन्यथा निष्फलं भवेत् । घटं संस्थाप्य मम पूजां यथाशक्ति कुर्यात् । ततो वह्निस्थापनम् । मुण्डस्थापनम् । नरमहिषमार्जारमुण्डत्रयम् । अथवा नृमुण्डत्रयम् । एकमुण्डं वा तदुपरि मां संपूज्य गन्धोदकैः स्नापयित्वा वितस्तिमितधरातले पोथयित्वा तस्योपरि वेदीं कल्पयेत् । तत्रैव

भूतनाथादीन् चतुर्दिक्षु समर्चयेत् । पूर्वे ॐ भूतनाथाय नमः इति पाद्यादिभिः पूजयित्वा बलिं दद्यात् । एवं दक्षिणे श्मशानाधिपाय । पश्चिमे कालभैरवाय । उत्तरे च ईशानाय । वेदीमध्ये हौं प्रेतबीजं विलिख्य तत्रैव भारतीं पूजयेत् ।

१०० ( सौ ) तोले मृत्तिकाके शिवलिंगको बनाकर और मृतक पुरुषके कपालमें स्थापन कर अगाडी कहेहुए विधानके अनुसार पूजन करे ॥ १ ॥ पूर्व अग्निको स्थापन कर चारों दिशाओंमें हवन करे क्योंकि यह चारों दिशा यज्ञस्थान कहाती हैं । सर्व प्रकारकी कामनाओंमें पूर्व, पश्चिम, दक्षिण, उत्तर, अवश्य इन चारों दिशाओंमें हवन करे इन दिशाओंमें हवनके न करनेसे समस्त कियाहुआ कर्म निष्फल होजाते हैं, प्रथम घट स्थापन कर यथाशक्ति मेरा पूजन करना चाहिये तत्पश्चात् अग्नि स्थापन करे । पुनः मुंड स्थापन करे । नर, महिष, मार्जार इन तीनोंके मुण्डको स्थापन करे । अथवा तीनों नरमुंडही स्थापन करने चाहिये यदि किसी कारणसे ३ नर मुंड प्राप्त न होसकें तो एक नरमुण्ड अवश्यही स्थापन करे और उस मुंडके ऊपर औंधा-

र्थिव शिवजी महाराजका पूजन कर गन्धोदक आदिसे स्नान करावे ( पुनः ) वितस्तिमात्र पृथिवीको खोदकर उक्त पार्थिव-प्रतिमाको उक्तस्थानमें गाडकर वहीं वेदी निर्माण करे और भूतनाथादिकोंका चारों दिशाओंमें यथावत् पूजन करे। ॐ भूत-नाथाय नमः इस नाममंत्रसे पाद्यादि प्रदान कर पूर्वदिशामें पूजन करे, वलिदान करे ॐ नमः श्मशानाधिपाय इस नाममंत्रसे उक्तविधानपूर्वक दक्षिण दिशामें पूजन कर बलिप्रदान करे। कालभैरवाय नमः इस नाममन्त्रसे पश्चिममें बलिप्रदान करे। ईशानाय इस नाममंत्रसे उत्तर दिशामें वलिप्रदान करे। वेदीके मध्यमें ह्रीं इस प्रेतबीजको लिखकर वहींपर सरस्वतीका पूजन करे।

पुष्पांजलिः।

रे वीर शव देवेश मुण्डरूप जगत्पते। दयां कुरु महाभाग सिद्धिदो भव मज्जपे॥ इति पुष्पाञ्जलि-त्रयं दत्त्वा आग्नेय्यां ह्रीं ❀ ❀ ❀ नमः नैर्ऋत्यां ह्रीं चण्डिकायै नमः। वायव्यां ह्रीं भद्रकाल्यै नमः। ईशाने ह्रीं दयामय्यै नमः। श्मशानवासिनो ये ये देव। देवाश्च भैरवाः। दयां कुर्वन्तु ते सर्वे सिद्धिदाश्च

भवन्तु मे । अनेन प्रणवाद्येन पुष्पाञ्जलित्रयं क्षिपेत् । ततः स्थानं तु संस्पृश्य वश्यो भव वदेदिति ।

रे वीर शव ! रे देवेश ! मुंडरूप ! जगत्पते महाभाग ! दया कर और मेरे इस जपविधानमें सिद्धि दे, इस प्रकार तीन पुष्पांजलि प्रदान कर इन वीजमंत्रोंका उच्चारण करे । आग्नेय्यां ह्रीं नमः । नैर्ऋत्यां ह्रीं चंडिकायै नमः । वायाव्यां ह्रीं भद्रकाल्ये नमः । ईशाने ह्रीं दयामय्यै नमः । जो २ श्मशानवासी देव अथवा अदेव भैरव हैं वह समस्त मेरे ऊपर कृपा कर सिद्धि प्रदान करे । इस प्रणवादिसे तीन पुष्पांजलिको छोडे तत्पश्चात् स्थानको स्पर्शकर कहे "वश्या भव" अर्थात् मेरे वशमें हो ।

तदनन्तरं स्नानं तत्र लिङ्गं संस्थाप्य परमेश्वरि । स्नानं तु पञ्चगव्येन दधिदुग्धादिकं तथा ॥ अथवा परमेशानि शर्करामधुना युतम् । पंचामृतैस्ततः स्नानं कारयेत्परमेश्वरि ॥ ईशानाय प्रथमं स्नानं वामदेवाय द्वितीयकम् । तृतीये सद्योजाताय चतुर्थे च

पिनाकधृक् । पंचमं देवदेवेशं पूजयेत्पार्थिवं शिवम् ॥ अथुना मूलमंत्रेण शर्करया गायत्रिकं परम्। ततो जीवन्यासं कृत्वा न्यासादिकं ततः परम् ॥

हे परमेश्वरि ! तत्पश्चात् लिंगको स्थापन कर स्नान करावे । दधि दुग्ध आदि पंचगव्यसे स्नान करावे। हे परमेशानि ! अथवा मधुमिश्रित शर्कराहीसे स्नान करावे, हे परमेश्वरि ! तत्पश्चात् पञ्चामृतसे स्नान करावे, 'ईशानाय' इस मन्त्रसे प्रथम स्नान करावे, 'वामदेवाय' इस मन्त्रसे दूसरा स्नान करावै 'सद्यो जाताय' इस मन्त्रसे तीसरा स्नान करावे, 'पिनाकधृक्' इस मन्त्रसे चौथा स्नान करावै, 'देवदेवेश इस मन्त्रसे पांचवां स्नान करावै, पार्थिव श्रीशिवजीका पूजन करे। अब मूलमन्त्र अथवा गायत्रीमन्त्रको उच्चारण कर शर्करासे स्नान करावै, तत्पश्चात् जीवन्यास कर न्यासादिक करै।

ध्यानं शृणु महादेवि स्नेहेन कथितं मया। हस्ताभ्यां कलशद्वयामृतरसैराप्लावयन्तं शिरो द्वाभ्यां तौ दधतं मृगाक्षवलये द्वाभ्यां वहन्तं परम्। अंके

न्यस्तकरद्वयामृतघटं कैलासकान्तं शिवं स्वच्छाम्भोजगतं नवेंदुमुकुटं देवं त्रिनेत्रं भजे ॥ पुनर्ध्यात्वा तु संपूज्य अंगन्यासं ततः परम् ।

हे देवि! तुम्हारे स्नेहसे वद्ध मैं अब ध्यान कहता हूँ, श्रवण करो । दोनों हाथोंसे दो अमृतके कलशोंमेंसे अमृतरसको अपने शिरपर छिडकते हुए, और दोनों हाथोंमें अमृतकलशको धारण करते हुए, दोनों हस्तकमलके मणिवन्धमें मृगाक्षवलयको धारण करतेहुए अंक ( गोदी ) में रक्खाहै अमृत कलश जिनके नवीन चन्द्र है मुकुटमें जिनके ऐसे कैलासकान्त श्रीशिवजी महाराजको भजते हैं । फिर ध्यान और पूजन कर अंगन्यास करे ।

अंगन्यासः—ॐ तत्सवितुर्वरेण्यं हृदयाय नमः । त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्द्धनं शिरसे स्वाहा । भर्गोदेवस्य धीमहि शिखायै वषट् । उर्वारुकमिव बन्धनात् कवचाय हुं । धियो यो नः प्रचोदयात् नेत्रत्रयाय

वौषट् । मृत्योर्मुक्षीय मामृतात् अस्त्रायफट् एवं करन्यासः ।

इसी प्रकार करन्यास भी करे ।

ततः षोडशोपचारैः पूजा । जवापराजिता कृष्ण-बिल्वपत्रं च पिप्पलम् । अपामार्गं करवीरं प्रत्येकं जुहुयाच्छिवे । अष्टाधिकशतेनैव पूजयेत् ।

हे शिवे ! जवा, अपराजिता, कृष्ण, विल्वपत्र, पीपल, अपामार्ग ( चिरचिटा ), कनेर प्रत्येकसे १०८ हवन करै ।

अतः परं महेशानि मधु देयं विशेषतः । गुडार्द्रं करसंनैव सुरास्तु ब्राह्मणस्य तु ॥ नारिकेलोदकं चैव कांस्ये तु क्षत्रियस्य च । कांस्यस्थं माक्षिकम् वैश्यस्य । शूद्रस्य ताम्रपात्रे तु मधुयुक्तं निवेदयेत् । अथवा सार्षपं तैलमाज्येन होमयेद्द्विजः । जुहुया-त्सर्वकर्माणि कथितानि महेश्वरि ।

हे महेशानि ! इसके पश्चात् मधु देना चाहिये । गुड और अदरखके रसमें मिश्रित सुरा ब्राह्मणको दे। नारियलका जल कांस्यपात्रमें क्षत्रीको दे। कांसीके पात्रमें सहत वैश्यको दे, शूद्रको तांबेके पात्रमें मधु दे वे, अथवा ब्राह्मण सरसोंका तेल और घृतसे समस्त कर्मोंमें हवन करे हे महेश्वरि ! यह अति गोपनीय विषय तुम्हारी प्रीतिके वश होकर मैंने तुमसे कहाहै ।

मन्त्र-मंत्रं शृणु महादेवि कथितं तवश्रद्धया ।

हे महादेवि ! मंत्रको सुनो मैं तुम्हारी श्रद्धासे कहता हूं ।

ॐ तत्सवितुर्वरेण्यं त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्द्धनं भर्गोदेवस्य धीमहि उर्वारुकमिव बंधनाद्‌ धियो यो नः प्रचोदयात् मृत्योर्मुक्षीयमामृतात् ।

पुरश्चरणके साथ इस मंत्रको १००००८ जपे उपरोक्त विधान सब कर्मोंमें है ।

स्थानभेदकम्-शून्यागारे नदीतीरे पर्वते वा चतुष्पथे । बिल्वमूले श्मशाने वा निर्जने च प्रपूजयेत् । अणिमाद्यष्टशक्तिं च ॥ वन्ध्या वा मृतवत्सा वा बह्वो

वा राजशत्रुके । सर्वशान्तिकरं देवि पूजनं त्र्यम्बके शिवे ॥ अत एव कथितं मे च सत्यं सत्यं वरानने॥

शून्यस्थान, नदीके किनारे, पर्वत, चौराहे, बेलके वृक्षकी जडमें, श्मशान या एकांतमें अणिमादि आठ शक्तियोंकी पूजा करे । वंध्या मृतवत्साका इस पूजनके करनेसे दोष निवारण होताहै, राजभय शत्रुभय दूर होताहै । हे शिवे ! हे देवि ! शिवका यह पूजन सब भांतिकी शांतिको करनेवाला है । हे वरानने मैंने यह सत्य कहाहै ।

इति क्रियोड्डीशे महातन्त्रराजे देवीश्वरसंवादे तृतीयः पटलः॥३॥

---

अथ सर्वव्याधिमोचनम् ।

शृणु वक्ष्यामि चार्वांगि सर्वव्याधिविमोचनम् । एकादश पूजयेद्रुद्रान्दशांशं गुग्गुलैर्घृतैः ॥ चत्वारः कुम्भाः संस्थाप्याः पंचपल्लवसंयुताः ॥ उक्तमंत्रेण रौप्याष्टदलपद्ममध्ये लिंगं पूजयेत् । प्रतिवासरं सप्त-लिंगं पूजयेत् लक्षं जप्त्वा ॥ पलाशसमिधा होमम्

उक्तमंत्रेण तत्क्रमात् ॥ अत्र पीठे यजमानमभिषेच-येत् । दक्षिणां दद्याद्गोभूहेमतिलांजलीन् ब्राह्मणेभ्यः किञ्चिद्देया आचार्याय दद्यात् ॥

हे श्रेष्ठ अंगवाली ! अब सब व्याधियोंसे छूटनेका उपाय कहताहूँ दशांश गूगल और घीसे ११ रुद्रोंकी पूजा करनी चाहिये । पञ्चपल्लवयुक्त पांच घट स्थापन करे । उपरोक्त मंत्रसे चांदीके अष्ट दलवाले पद्ममें लिंगको पूजे । एक लक्ष जप करके पलाशकी समिधाद्वारा उक्त मंत्रसे क्रमानुसार होम करे । फिर यजमानका अभिषेक करे । गौ, पृथ्वी, हेम ( सुवर्ण ) तिलांजलि दक्षिणामें दे । कुछ ब्राह्मणको देकर बाकी आचार्यको दे दे ।

इति क्रियोड्डीशे महातंत्रराजे देवीश्वरसंवादे चतुर्थः पटलः ॥४॥

---

अथ क्रियोपदेशः ।

वशीकरणादिकर्माणि वारतिथिनक्षत्रमण्डलवि-शेषे कर्त्तव्यानि । स्फाटिकी माला सर्वसिद्धिदा । मणिसंख्या । पंचविंशतिभिर्मोक्षं पुष्टौ तु सप्तविंश-तिः । त्रिंशद्भिर्धनसिद्धिस्तु पंचाशन्मन्त्रसिद्धये ॥ अष्टोत्तरशतैः सर्वसिद्धिः ।

थंव क्रियोपदेश कहाजाता है। वशीकरण आदि कर्म वार, तिथि, नक्षत्र और मण्डलविशेषमें करना चाहिये, स्फटिककी मालासे जप करने पर सर्वसिद्धि प्राप्त होती है। दोनोंकी गिनती २९ दानेकी मालासे जप करने पर मोक्षसुख प्राप्त होता है पौष्टिक कर्ममें २७ दानोंकी माला होनी चाहिये। धनसिद्धिमें तीस दानोंकी माला होनी चाहिये। मन्त्रसिद्धिमें ५० दानोंकी माला लेनी चाहिये। १०८ दानोंकी माला सर्वसिद्धिमें लेनी चाहिये।

शिवमन्त्रसमायुक्तमौषधं सफलम्भवेत्। मूलिकोत्पाटनच्छेदनादिविधिः पूर्वतन्त्रे कथितः। वन्ध्यादिदोषनिवारणम्। स्त्रीणां बाधकमोचनम। रक्तमाद्र्यादिचतुर्विधबाधकदोषनिवारणम। तत्र यन्त्रम्। त्रिकोणमथषट्कोणं नवकोणं मण्डलाकृति। यन्त्राण्येतानि संलिख्य वाहयेन्मन्त्रपूर्वकम्। तंत्रपूजनात् औषधादिभक्षणाद्दोषशान्तिः।

शिवमन्त्रके जपपूर्वक यदि औषधि उत्पाटन कीजाय तो सफल हो । मूलिका ( जड ) के उखाडनेकी विधि पूर्वतन्त्रमें कहचुके हैं । वन्ध्यादि दोप निवारणके अर्थ और स्त्रियोंकी बाधा मोचनेके अर्थ इस मूलिकाका प्रयोग करे माद्रि आदि चार प्रकारके दोषोंका यथार्थ निवारण होता है । अब यन्त्र कहाजाता है मण्डलाकृति, त्रिकोण, षट्कोण अथवा नवकोण मन्त्रसहित यन्त्र लिखकर पूजन करे और औषधी भक्षण करे तो सर्व प्रकारके रोग शांत होयँ ।

इति क्रियोड्डीशे महातन्त्रराजे देवीश्वरसंवादे पञ्चमः पटलः ॥५॥

---

अथ मृतवत्सादिशांतिकवचम् ।

मृतवत्सामृतगर्भापुत्रहीनानां शान्तिः कवचधारणात् । कवचं प्रथमम् । ॐ नमो नरसिंहाय नमो महाविपन्नाशाय दिव्यरूपाय नरसिंहाय नमः । क्ष्रौं क्ष्रौं क्ष्रौं रामाय नमः । रां रामाय नमः । ॐ ह्रीं श्रीं फणं हुं हां फेत्कारशब्देन सर्वबालकस्य सर्वभयोपद्रवनाशाय इमां विद्यां पठति धारयति यदि तदा नरसिंहो रक्षति सदा हुं फट् स्वाहा ।

अब मृतवत्सादि शान्तिकवच कहाजाता है । जिन स्त्रियोंके गर्भमेंही पुत्रादिक मरजाते हैं उन्हें मृतवत्सा कहते हैं उन्हींका शांतिविधान कहाजाता है । उनको ही इस कवचके धारण करनेसे शांतिलाभ हो सकताहै ।

प्रकारांतरेण,द्वितीयकवचम् ।

अब प्रकारान्तरसे दूसरा कवच कहाजाता है ।

ॐ नमोनरसिंहाय हिरण्यकशिपोर्वक्षःस्थलविदारणाय त्रिभुवनव्यापकाय भूतप्रेतपिशाचडाकिनीकुलनाशाय स्तम्भोद्भवाय समस्तदोषान् हरहर विष विष पचपच मथमथ हनहन फट्ट हुँ फट्ट ठःठः एहि रुद्रो ज्ञापयति स्वाहा ।

ॐ क्षौं नमो भगवते नरसिंहाय ज्वालामालिने दीप्तदंष्ट्राय अग्निनेत्राय सर्वरक्षोघ्नाय सर्वभूतविनाशाय सर्वज्वरविनाशाय दहदह पचपच रक्षरक्ष हुँ फट्ट स्वाहा ।

गोरोचनया भूर्जे विलिख्य स्वर्णस्था गुटिका स्त्रिया वामकरे पुरुषेण दक्षिणे करे धार्या कदापि न दोषः ।

इस कवचराजको भोजपत्रके ऊपर लिखकर सोनेके तावीजमें बंद कर स्त्रियां बायें और पुरुष दक्षिणभुजदण्डमें धारण करें किसी अवस्थामें भी यह अपवित्र न होगा ।

इति क्रियोड्डीशे महातन्त्रराजे देवीश्वरसंवादे षष्ठः पटलः॥ ६॥

---

श्रीदेव्युवाच–श्रुतं कवचचरितमपूर्वं देववाञ्छितम् । इदानीं श्रोतुमिच्छामि यन्त्रं कथय मे प्रभो ।

श्रीदेवीजी कहने लगी । हे देव ! मनोवांछितदायक अपूर्व कवच चरित सुना, हे प्रभो ! अब मेरी यन्त्र सुननेकी इच्छा है कृपा कर कहिये ।

( यन्त्रम् ) ईश्वर उवाच–मात्रादीनं रकारं तु पार्श्वे शीर्षे तथा पुनः । मायात्मकं तेन भवेत् षट्कोणं यन्त्रमुत्तमम् । माया बीजं ह्रीं गर्भेषु ।

षट्कोण यन्त्र लिखकर ह्रीं बीजको मध्यमें लिखे, शेष सुगम है ।

स्त्रिया वामहस्ते धारणाद्वन्ध्या पुत्रवती भवेत् । बालाया बालकस्यापि कण्ठे सन्धार्य सुखी भवेत् । भूर्जे गोरोचनया विलिख्य स्वर्णस्थं धारयेत् । षोडशीचक्रस्य गोरोचनया भूर्जे विलिख्य धारणात् स्त्रीणां सौभाग्यवृद्धिः । चतुष्कोणचक्रं संलिख्य ह्रीं गर्भं बाहौ धारणात् नारी जीवत्पुत्रिका अथवा चतुष्कोणे प्रणवादि क्षं पुनः । मीनचक्रं संलिख्य धारणात् वन्ध्या जीवत्पुत्रिका भवति ।

इस यंत्रराजको भोजपत्रके ऊपर लिखकर यदि स्त्री अपने बायें हाथमें बांधे तो वन्ध्याके भी पुत्र पैदा हो गोरोचनसे भोजपत्रके ऊपर लिखकर सोनेके तावीजमें बन्द कर बाला अथवा बालकके कण्ठमें यदि यह यन्त्रराज पहनाया जाय तो सुख प्राप्त हो । षोडशीचक्रको गोरोचनसे भोजपत्रके ऊपर लिखकर धारण करनेसे स्त्रियोंको सौभाग्य प्राप्ति होती है । चतुष्कोण चक्रके मध्यमें ह्रीं बीज लिखकर बाहुमें धारण करनेसे स्त्री जीवत्पुत्रिका होती है मीन चक्रके चारों कोनेमें

प्रणवादि क्षं बीज लिखकर धारण करे तो वन्ध्या स्त्रीभी सन्तानसुखको प्राप्त हो ।

अतः परम् अष्टदलकर्णिकामध्ये माया । ततः परं दलमध्ये द्वे द्वे मायाबीजे पुनः पुनः । इतः परं नव-दलं मायाबीजं विलिख्य बाहौ धारणात् मृतवत्सा जीवत्वत्सा ॥ गोरोचनाकुंकुमेन संलिख्य रक्तसूत्रेण संवेष्ट्य गुटिकां पञ्चामृतैः पंचगव्यैः स्नापयित्वा । प्रणवेन तु संमन्त्र्य स्नापयेद्गन्धद्रव्यकैः । प्राणान् प्रतिष्ठाप्य देवतारूपां गुटिकां सम्पूज्य धारयेत् ।

तत्पश्चात् अष्टदल कर्णिकामध्यमें मायाबीज लिखे और दल-मध्यमें दो दो मायाबीज लिखे। एवं नवदलमें मायाबीज लिख-कर और रक्त सूत्रसे लपेटकर गुटिकाको पंचामृत तथा पंच-गव्यसे स्नान कराकर प्रणवसे अभिमंत्रित कर पुनः गन्धद्र-व्योंसे स्नान करावे । प्राणप्रतिष्ठा करके देवतारूप गुटिकाका पूजन कर धारण करे ।

शिवस्नानम्—घृतेन मधुना वापि स्नापयेद्द्रव्य-

कर्मणि । दुग्धादिना तथा देवि शान्तौ मृत्युञ्जयेऽपि च ॥ आकर्षणे तु मधुना भस्मना क्रूरकर्मणि ।

अब शिवस्नान कहाजाता है । वश्यकर्ममें घृत और मधुसे स्नान करावे, शांति तथा मृत्युञ्जयजप कर्ममें दुग्धादिकसे स्नान करावे, आकर्षण कर्ममें मधुसे स्नान करावे, क्रूर कर्ममें भस्मसे स्नान करावे ।

अस्य परिमाणम्-शततोलकमानेन द्रव्यमेतत्प्रकीर्तितम् । तन्मानं सम्विदाचूर्ण-नैवेद्यं च सुरेश्वरि ॥ बिल्वपत्रं तथा पुष्पं दद्यादष्टोत्तरं शतम् । शांतिकादौ द्रोणपुष्पं बर्बरं चाभिचारके ॥ स्तम्भने मोहने चैव धत्तूरं कनकाह्वयम् । विद्वेषोच्चाटने देवि विजयाप्यपराजिता ॥ चतुर्दश्यां समारभ्य यावदन्या चतुर्दशी॥ एकैकं क्रमशो लिंगं पूजयेद्भक्तिभावतः । अष्टाधिकसहस्रं तु जपं कुर्याद्दिनेदिने ॥ सप्ताहे सप्त लिङ्गानि

पंचाहे वाथ पञ्चकम् । चण्डोग्रेण विधानेन जपपूजा-
दिकं स्मृतम् ॥ वटुकेन तु मंत्रेण मंजुघोषेण वा
प्रिये । त्रैयम्बकेण देवेशि शान्तिके जपपूजनम् ॥
तत्तत्कल्पविधानेन जपं पूजां समाचरेत् । जातिध्वंसे
कुलोच्छेदे ज्वरादौ रोगसंकटे ॥ महाभये समुत्पन्ने
सर्वाभिचारसम्भवे । यत्नेन पूजयेद्देवि लिङ्गमष्टोत्तरं
शतम् । अतिरुद्रप्रयोगादौ रुद्राध्यायेन वा पुनः ॥
नीलकण्ठेन वा देवि स्तवेन तोषयेच्छिवम् ।

हे देवेशि ! अब स्नान द्रव्यके तोलेका परिमाण कहाजाता है, सौ तोले परिमाण स्नानद्रव्य होना चाहिये । तत्परिमाणही नैवेद्य होना योग्य है । बिल्वपत्र और पुष्प १०८ होना चाहिये । शान्ति आदिमें द्रोणपुष्प, अभिचार प्रयोगमें बर्बरा पुष्प, स्तम्भन और मोहन कर्ममें धतूरेके पुष्प, विद्वेष और उच्चाटन कर्ममें विजया तथा अपराजिताके पुष्प होने योग्य हैं । एक पक्षकी चतुर्दशीमें प्रयोग आरम्भ करे और दूसरे पक्षकी चतुर्दशीमें प्रयोग समाप्त करे । क्रमानुसार भक्तिपूर्वक एक २ लिंगका पूजन करे प्रतिदिन अष्टोत्तर

शत जप करे । सप्ताहमें सात और पक्षाहमें पांच लिङ्गक पूजन करे । चण्डोग्र विधानपूर्वक जप पूजन करना चाहिये । हे प्रिये ! शुद्ध और साफ २ उच्चारणं कियेहुए वटुक मन्त्र अथवा त्र्यम्बक मंत्रसे शांति कर्ममें जप और पूजन करे । तत्तत् कल्पानुसार पूजा जप करना योग्य है । जातिध्वंस, कुलोच्छेद, महाज्वर, संकट, महाभयकी प्राप्ति, सर्व प्रकारके अभिचार आदि प्रयोगोंमें यत्नपूर्वक अष्टोत्तर शत १०८ लिंगका पूजन करे । हे देवि ! रुद्राध्याय, अथवा नीलकण्ठस्तवसे स्तुतिकर श्रीशिवजी महाराजको प्रसन्न करे ।

स्तव–सर्वज्ञज्ञानविज्ञानप्रदानैकमहात्मने । नमस्ते देवदेवेश सर्वभूतहिते रत । अनन्तकान्तिसम्पन्न अनन्तासनसंस्थित । अनन्त कान्तिसम्भोग परमेश नमोस्तु ते । परापरतरातीत उत्पत्तिस्थितिकारक । सर्वार्थसाधनोपाय विश्वेश्वर नमोऽस्तु ते । सर्वार्थनिर्मलाभोग सर्वव्याधिविनाशन । योगियोगी महायोगी योगीश्वर नमोऽस्तु ते । कृत्वा लिंगप्र-

तिष्ठाञ्च ध्यात्वा देवं सदाशिवम् । पूजयित्वा विधानेन स्तवपाठमुदीरयेत् । लिंगस्तवं महापुण्यं यः शृणोति सदा नरः । नोत्पद्यते च संसारे स्थानं प्राप्नोति शाश्वतम् । तस्मात्सर्वप्रयत्नेन शृणुयाच्च सुसंस्तवम् । पापकर्ता कलैर्मुक्तः प्राप्नोति परमं पदम् ।

अब स्तव कहाजाताहै । हे सर्वज्ञ ! हे सर्वदेवेश ! हे सर्वभूतहितेरत ! ज्ञान विज्ञान देनेवाले आपको नस्मकार है । अनन्तकान्तिसम्पन्न ! हे अनन्तासनसंस्थित ! अनन्तकांतिसम्भोग ! परमेश्वर ! आपको नमस्कार है । हे परापर ! परातीत ! हे उत्पत्तिस्थितिकारक ! हे सर्वार्थ साधनके उपाय ! विश्वेश्वर आपको नमस्कार है । हे सर्वार्थ निर्मलाभोग ! हे सर्वव्याधिविनाशन ! योगियोंके योगी, महायोगी ! योगीश्वर आपको नमस्कार है । लिंगकी प्रतिष्ठा और सदाशिवका ध्यान कर विधानपूर्वक पूजन कर इस स्तवका पाठ करे । यह लिंगस्तव महापुण्यदायक है जो नर एकाग्रचित्त हो इस स्तवका पाठ करते हैं फिर उनको इस संसारके दुःख नहीं भोगने पडते, किन्तु शाश्वत शिवलोकको प्राप्त होते हैं । इस कारण प्रयत्नपूर्वक इस मनोहर स्तवराजका पाठ करना और श्रवण करना

अत्यावश्यक है क्योंकि महापापी मनुष्यभी इस संसारके दुःखों को तृणवत् त्यागकर परम पदको प्राप्त होजाताहै ।

इति क्रियोड्डीशे महातंत्रराजे देवीश्वरसंवादे सप्तमः पटलः ॥७॥

---

अथ रुद्रकवचम् ।

भैरव उवाच--वक्ष्यामि देवि कवचं मंगलं प्राणरक्षकम् । अहोरात्र महादेवरक्षार्थं देवमण्डितम् ॥ अस्य श्रीमहादेवकवचस्य वामदेवऋषिः पंक्तिश्छन्दः सौः बीजं रुद्रो देवता सर्वार्थसाधने विनियोगः ।

भैरवजी कहनेलगे कि हे देवि ! मंगलरूप प्राणरक्षक रुद्रकवचको कहता हूँ । यह कवच रात्रि दिन रक्षा करनेमें समर्थ है । यह श्रीमहादेवजीकी रक्षाके लिये देववृन्दसे मण्डित है इस कवचका वामदेव ऋषि, पंक्ति छंद, सौः बीज, रुद्र देवता है ।

रुद्रो मामग्रतः पातु पृष्ठतः पातु शंकरः ॥ कपर्दी दक्षिणे पातु वामपार्श्वे तथा हरः ॥ १ ॥ शिवः शिरसि मां पातु ललाटे नीललोहितः ॥ नेत्रं मे त्र्यम्बकः पातु बाहुयुग्मं महेश्वरः ॥ २ ॥ हृदये

च महादेव ईश्वरश्च तथोदरे ॥ नाभौ कुक्षौ कटिस्थाने पादौ पातु महेश्वरः ॥ ३ ॥ सर्वं रक्षतु भूतेशः सर्वगात्राणि मे हरः ॥ पाशं शूलञ्च दिव्यास्त्रं खड्गं वज्रं तथैव च ॥ ४ ॥ नमस्करोमि भूतेश रक्ष मां जगदीश्वर ॥ पापेभ्यो नरकेभ्यश्च त्राहि मां भक्तवत्सल ॥ ५ ॥ जन्ममृत्युजराव्याधिकामक्रोधादपि प्रभो ॥ लोभमोहान्महादेव रक्ष मां त्रिदशेश्वर ॥ ६ ॥ त्वं गतिस्त्वं मतिश्चैव त्वं भूमिस्त्वं परायणः ॥ कायेन मनसा वाचा त्वयि भक्तिर्दृढास्तु मे ॥ ७ ॥

मेरे अग्रभागमें रुद्रदेव मेरी रक्षा करें, मेरे पृष्ठभागमें शंकर देव मेरी रक्षा करें, कपर्दी देव मेरे दक्षिण भागमें मेरी रक्षा करें, मेरे वामभागमें हर देव मेरी रक्षा करें, शिवजी महाराज मेरे शिरकी रक्षा करें, नीललोहित मेरे ललाटकी रक्षा करें, त्र्यम्बक नेत्रकी रक्षा करें, महेश्वर दोनों बाहुकी रक्षा करें, मेरे हृदयकी महादेव रक्षा करें ईश्वर उदरकी रक्षाकरें नाभि, कुक्षि, कटि ( कमर ) हाथ पैरकी

महेश्वर रक्षा करें, सर्वथा भूतेश मेरी रक्षा करें, हरदेव समस्त गात्रकी रक्षा करें, हे भूतेश! पाश, शूल, दिव्यास्त्र, खड्ग, वज्र, आदिकी रक्षाकरो, मैं आपको नमस्कार करताहूं, हे भक्तवत्सल! पाप और नरकसे सदा मेरी रक्षा करो, हे प्रभो! जन्म, मृत्यु, जरा, व्याधि, काम, क्रोधसे भी मेरी रक्षा करो हे त्रिदशेश्वर! लोभ मोहसे भी रक्षा करो, हे भगवन्! आपही गति हैं आपही मति हैं, अपही भूमि हैं और आपही हमारे मुख्य आश्रय हैं। हे प्रभो! मन, वचन, कायकरके मेरी भक्ति आपमें दृढ हो॥ १-१७॥

फलश्रुतिः--इत्येतद्रुद्रकवचं पाठनात्पापनाशनम्। महादेवप्रसादेन भैरवेन च कीर्त्तितम्॥ न तस्य पापं देहेषु न भयं तस्य विद्यते। प्राप्नोति सुखमारोग्यं पुत्रमायुःप्रवर्द्धनम्॥ पुत्रार्थी लभते पुत्रान्धनार्थी धनमाप्नुयात्। विद्यार्थी लभते विद्यां मोक्षार्थी मोक्षमेव च॥ व्याधितो मुच्यते रोगाद्बद्धो मुच्येत बन्धनात्। ब्रह्महत्यादि पापं च पठनादेव नश्यति।

अब कवचपाठका फल कहाजाता है इस रुद्रकवचके पाठ करनेसे पाप नष्ट होते हैं। श्रीमहादेवजीकी प्रसन्नताके लिये यह कवच श्रीभैरवजीने कहाहै। इसके पाठ करनेवालोंका शरीर पापोंसे स्वच्छ होजाता है जैसे कि मैलके कट जानेसे सुवर्ण स्वच्छ होजाता है, इसके पाठ करनेवालोंको कहीं किसी प्रकारका भय नहीं होता सुख और आरोग्यताको प्राप्त होता है, पुत्रार्थी पुत्रको प्राप्त होताहै, धनार्थी धनको प्राप्त होताहै, विद्यार्थी विद्याको प्राप्त होता है, मोक्षार्थी मोक्षको प्राप्त होता है. रोगी रोगसे छूट जाता है, बन्धनग्रसित बन्धनसे छूटजाता है, विशेष क्या इस कवचके पाठ करनेसे ब्रह्महत्यादिक पापभी नष्ट होजाते हैं।

अथासनम् ।

एकं सिद्धासनं प्रोक्तं द्वितीयं कमलासनम् । व्याघ्राजिने सर्वसिद्धिर्ज्ञानसिद्धिर्मृगाजिने । वस्त्रासनं रोगहरं वेत्रजं प्रीतिवर्द्धनम् । कौशेयं पुष्टिदं प्रोक्तं कम्बलं सर्वसिद्धिदम् ॥ शुक्लं वा यदि वा कृष्णं विशेषाद्रक्तकम्बलम् । सेपासनं तु वश्यार्थसाकृष्टौ

व्याघ्रचर्म च । शांतौ मृगाजिनं शस्तं मोक्षार्थं व्याघ्रचर्म च । गोचर्म स्तम्भने देवि वाजं चोच्चाटने तथा । (विद्वेषे श्वानचर्म च) मारणे माहिषं चर्म कर्मोद्दिष्टं समाचरेत् । सर्वकामार्थदं देवि पट्टवस्त्रासनं तथा । कुशासनं कम्बलं वा सर्वकर्मसु पूजितम् ॥ दुःखदारिद्र्यनाशं तु काष्ठपाषाणजासनम् ।

अब आसनविधान कहाजाता है। पूजनकर्ममें एक सिद्धासन अथवा दूसरा कमलासन प्रशंसनीय है । व्याघ्रचर्मके आसनपर जप करनेसे सर्वसिद्धि प्राप्त होती है । मृगचर्मपर पूजन करनेसे ज्ञानप्राप्ति होती है । वस्त्रासनपर पूजन करनेसे रोग दूर होता है । वेत्रके आसनपर जप करनेसे प्रीतिकी वृद्धि होती है । कुशके आसनपर जप करनेसे पुष्टि प्राप्त होती है । कम्बलके आसनपर जप करनेसे सर्वसिद्धि प्राप्त होती है । शुक्ल अथवा कृष्ण इन दोनों प्रकारके कम्बलोंसे रक्त कम्बल श्रेष्ठ है । वश्यकर्ममें मेष आसन, आकर्षण कर्ममें व्याघ्रचर्मका आसन, स्तम्भनमें गोचर्मका आसन, उच्चाटनमें अश्वचर्मका आसन, विद्वेषणमें श्वानचर्मका आसन, मारणकर्ममें महिषीके चर्मका आसन ग्रहण

करे । हे देवी ! रेशमीन वस्त्रका आसन सर्व कामनाओंका देने-वाला है। कुशासन अथवा कम्बलासन सर्व कर्मोंमें पूजनीय है। काठ तथा पाषाणका आसन दुःख और दारिद्र्यनाशक है ।

अथ होमघटादिस्थापनम् ।

नित्यं नैमित्तिकं कार्यं स्थण्डिले वा समाचरेत् । हस्तमात्रेण तत्कुर्याद्वालुकाभिः सुशोभनम् । तोय-पूर्णान्घटान्पंच स्थापयेत्परमेश्वरि । एकेन मन्त्रयु-ग्मेन स्थापिता स्युः सपल्लवः । अशक्तौ च महादेवि एकैकेन च वाससा । कदाचिदपि चैकेन सर्वान्ना-च्छादयेच्छिवे । अनाच्छादिततोयानि स्थापयित्वा व्रजत्यधः ।

अब होमघटादिकका स्थापन कहाजाताहै । हे परमेश्वरि ! नित्य तथा नैमित्तिक कर्म समाप्तकर पुनः हस्तमात्र वालुकासे सुशोभित स्थंडिल निर्माण कर उसके ऊपर जलसे भरे पांच घट स्थापित करे, एक अथवा दो मंत्रोंसे अभिमंत्रित कर उक्त पांच

कलशोंके मध्यमें पंचपल्लव प्रवेश करे, हे महादेवि ! यदि पृथक्२ कलशके आच्छादनार्थ वस्त्रकी शक्ति न हो तो एकही वस्त्रसे पांचों कलशोंको लपेटदे क्योंकि स्थापित जलको आच्छादन न करनेसे स्थापनकर्ता अधोगतिको प्राप्त होताहै ।

ततः स्थां स्थीं इति श्रीमिति मन्त्रेण घटं स्थिरीकृत्य । क्लीं इति घटप्रोक्षणम् ॥ क्रामिति घटाभिमन्त्रणम् । ह्रीं इत्यारोपणम् । ह्रीं जलेन पूरणम् । ततः कृताञ्जलिः पठेत् ।

तदनन्तर स्थां स्थीं इन वीजमन्त्रोंसे और श्रीं इस मन्त्रसे घटको स्थिर कर क्लीं इस वीजमन्त्रसे घटको प्रोक्षण करै । क्रां इस वीजमंत्रसे घटको अभिमंत्रित कर ह्रीं इस वीजमंत्रसे घटको स्थापन करे । पुनः ह्रीं मंत्रसे जलसे पूर्ण करे फिर अंजलि बांधकर प्रार्थनामंत्र पढे ।

गंगाद्याः सरितः सर्वाः समुद्राश्च सरांसि च । सर्वे समुद्राः सरितः सरांसि जलदा नदाः ॥ ह्रदाः प्रस्रवणाः पुण्याः स्वर्गपातालभूगताः । सर्वतीर्थानि पुण्यानि घटे कुर्वन्तु सान्निधिम् ॥

ततः श्रीमिति पल्लवम्, हुमिति फलम्, रमिति सिन्दूरम्, वमिति पुष्पम् मूलेन, दूर्वाम्, ओं ओं ओं इत्यभ्युक्षणम् ॐ फट् स्वाहा इति कुशेन ताडनम् । शान्त्यर्थं स्नापयेत्कुम्भम् ।

पुण्याहं वाचयित्वा कर्म कुर्यात् दिग्बन्धनादि गणेशग्रहदिक्पालादीन्प्रतिकुण्डे पूजयेत् । स्थण्डिले पूजयेल्लिङ्गं सर्वापत्तिविनाशनम् । कुम्भे चापि पूजयेत् । ततः अग्निमानीय संस्कृत्य होमं कुर्यात् ।

हे घट ! गंगा आदि नदियां, चारों समुद्र, तालाव, शेष समुद्र क्षीरसागर आदि, सरितायें, छोटी छोटी नदी, नाले, पक्के तालाव झरने, स्वर्ग, पाताल और मर्त्यलोकके समस्त वावडी आदिजलस्थान, समस्त काशी आदि पुण्यक्षेत्र तुम्हारेमें आकर वास करें ।

पुनः श्री वीजसे पञ्चपल्लव स्थापन करे । हूं इस वीजमंत्रसे घटके भीतर फलस्थापन करे । रं इस वीजमंत्रसे घटके ऊपर सिन्दूर चढावे । वं बीजमंत्र उच्चारण कर पुष्प चढावे । मूलमन्त्रसे दूर्वा

चढावे । ॐ ॐ ॐ इन तीन प्रणवोंको उच्चारण कर अभ्युक्षण करे । ॐ फट् इस बीजमंत्रको पढकर कुशासे घटको ताडन करे । शान्तिके लिये कुम्भको स्नान करावे । पुण्याहवाचन कर दिग्बन्धनादि कर्म करे । गणेश, ग्रह, दिक्पालादिकोंकी प्रीतिके अर्थ कुंडमें पूजन करे स्थंडिलमें लिंगका पूजन करनेसे सर्व प्रकारकी आपत्तियां दूर रहती हैं । कुंभमें भी पूजन करना चाहिये फिर अग्निको ताम्रपात्र द्वारा लाकर संस्कार कर हवन करे ।

महाविपत्तौ जुहुयात् जवां कृष्णपराजिताम् । द्रोणं वा करवीरं वा मनोऽभीष्टफलं लभेत् ॥ करवीरैः श्वेतरक्तैः रक्तचन्दनमिश्रितैः । द्रोणैश्च केतकीपुष्पैः होमो रोगं विमोचयेत् ॥ चम्पकैः श्वेतपद्मैश्च कोकनदं च बन्धुकम् । बिल्वपत्रं कुरुवकं मुनिपुष्पं च केसरम् ॥ हुत्वा यदि महादेवि अवश्यं पुत्रवान्भवेत् । रक्तोत्पलं बिल्वपत्रं काञ्चनं रक्तवर्णकम् ॥ शान्तिमंत्रत्रिकं चापि शतसंख्याक्रमेण तु । जुहुयात्तु महेशानि सर्वसिद्धिर्भवेत्तदा ।

महाविपत्तिमें जवाकुसुम, तथा विष्णुक्रान्ताके पुष्पसे हवन करे । मनवांछितकी प्राप्तिके लिये द्रोणपुष्प, तथा कनेरके पुष्पोंसे हवन करे । वा श्वेत, अथवा रक्तचन्दनमिश्र कनेरके पुष्पोंसे हवन करे, रोग शान्तिके अर्थ द्रोणपुष्प अथवा केतकीके पुष्पोंसे हवन करे । पुत्रप्राप्तिके अर्थ चंपाके पुष्प, श्वेत पद्म, कोकनद, कन्दूरीके पुष्प; विल्वपत्र, कुरुवक, अगस्तवृक्षके पुष्प केशरसे हवन करे। सर्व सिद्धिके अर्थ रक्तकमल, विल्वपत्र धनूरेके पुष्पोंसे हवन करे । परन्तु एकही शांतिमंत्रसे अष्टोत्तर शत १०८ वार हवन करना चाहिये ।

इति क्रियोड्डीशे महातंत्रराजे देवीश्वरसंवादे नवमः पटलः॥ ९॥

---

अथ शाक्ताभिषेकः ।

शाक्ताभिषेको वन्ध्यामृतवत्सारोगिणीनां शान्तिकरः । धनकीर्त्यायुर्वृद्धिसौभाग्यजननः सर्वाशापूर्णो मन्त्रदोषनिवारणोऽभिचारहरो ग्रहदोषनाशनः सर्वसिद्धिप्रदोऽभिषेकः ॥

अब शाक्ताभिषेक कहाजाताहै । यह शाक्ताभिषेक वंध्या, मृतवत्सा रोगिणी स्त्रियोंको शांतिप्रदान करनेवाला है । धन, कीर्ति, आयुवृद्धि करनेवाला है । सम्पूर्ण आशा पूर्ण करनेवाला है । मन्त्रदोष निवारक है । अभिचार और ग्रहदोष दूर कर सर्व सिद्धि प्रदान करता है ।

अथ नयनरञ्जनम् ।

दीपं कृत्वा ताम्रपात्रे कज्जलं पातयेदथ । गवां घृतेन चालोड्य चक्षुषी अथ रञ्जयेत् । पूर्वं च यादृशं दृष्टं तादृशं च प्रपश्यति ।

दीपक जलाकर ताम्रके पात्रमें कज्जल पाडे, फिर उसी कज्जलको घृतमें मथकर नेत्रोंको आंजे, जैसा कि पूर्वमें देखा था वैसा ही देख सकता है ।

प्रकारान्तरे—रक्तचन्दनसंयोगान्मधुना सह रौद्रके। किंचद्दृष्टरञ्जनञ्च तिमिरं हन्ति सुन्दरि ।

अंजनका द्वितीय प्रकार रक्तचन्दन और शहतको मिलाकर धूपमें सुखाले पुनः नेत्रोंमें आंजे तो रतौंधी दूर हो ।

अथान्यः—पुनर्नवाघृतं सद्यश्चक्षुस्तेजः करं भवेत् ।

पुनर्नवामें सिद्धकिया हुआ घृत शीघ्र नेत्रकान्ति बढानेवाला है ।

अथ ज्वरहरणम् । अपामार्गस्य मूलं च कन्य-

कासूत्रबन्धने । स्वात्यां तथा वैष्णवे च ज्वरं हन्ति सुदारुणम् ।

ज्वरहरण चिकित्सा कहीजाती है । अपामार्गकी जडको कुमारी कन्याके हाथसे कते सूत्रमें बांधकर स्वाती अथवा विष्णु नक्षत्रमें यदि शिरोभागमें धारण करे तो सहसा ज्वर दूर हो ।

अथ सर्वज्वरनिवारणम् । रक्तवाट्या मूलमर्कवारे कदलीसूत्रैः शय्यायां दापयेत् सर्वज्वरं तापज्वर हरेत् ।

अब सर्वज्वर शान्ति प्रकार कहाजाता है । लाल बाडीकी जडको मंगलवारके दिन केलेके सूत्रमें लपेटकर यदि शय्याके एकदेश ( पायेमें ) बांधे तो तापज्वर आदि सर्व प्रकारके ज्वर शांत हों ।

अथोदररोगप्रशमनम्—नागेश्वरमूलं मधुना सह पानादुदररोगशांतिः ।

उदररोग शान्ति कही जाती है । नागेश्वरकी जडको सहतमें मिलाकर पान करनेसे उदररोगशांत होता है ।

अथ तृष्णानाशः—रक्तचन्दनं घर्षयित्वा तोलकं जलसंमिश्रं वामहस्ते गृहीत्वा सप्तम-

ष्टोत्तरशतं संजप्य पिबेत् । सप्ताहात्तस्य तृष्णा-
नाशो भविष्यति ।

अब तृष्णानाशप्रकार कहाजाताहै । रक्तचंदनको पानीमें घिस कर और एक तोला मात्र पानी मिलाकर बांये हाथमें लेकर १०८ वार अगाडी कहे मंत्रका जप कर अभिमन्त्रित कर पान करे एक सप्ताहके बीच तृष्णाशांति होगी ।

मन्त्रस्तु—शब्दबीजद्वयं भद्रे नाशयद्वितयं वदेत् । तृष्णेति पदमुच्चार्य ततः स्वाहा मनुर्मतः । अनेन मनुना देवि तृष्णानाशो भविष्यति ।

हे भद्रे ! अब मंत्रोद्धार कहाजाता है । दो शब्दबीज दोवार नाशयपद, तृष्णापद स्वाहापद इनको जोड देनेसे मंत्रोद्धार होता है, हे देवि ! इस मन्त्रसे पान करनेसे तृष्णानाश होती है ।

अथ सर्वापच्छान्तिकरं महास्वस्त्ययनम् ।

अथ वक्ष्ये महेशानि महास्वस्त्ययनं शृणु । सर्व-सिद्धिकरं पुण्यं सर्वपापविनाशनम् ॥ सर्वोपद्रवशमनं सर्वारिष्टविनाशनम् । महाव्याधिप्रशमनमपस्मार-

विनाशनम् ॥ योगिनीभूतवेतालाः प्रेतकूष्माण्डपन्नगाः । तत्र स्थाने न तिष्ठन्ति डाकिन्याद्या विशेषतः ।

हे महेशानि ! अब सम्पूर्ण आपत्ति दूरकर शान्तिप्रदान करनेवाला स्वस्त्ययन कहा जाताहै । हे देवि ! शान्तिप्रद महास्वस्त्ययन श्रवणकरो ( सुनो ) इस स्वस्त्ययनके पाठ करनेही मात्रसे सर्वसिद्धि प्राप्त होती है । यह परम पवित्र और सम्पूर्ण पापनाश करनेवाला है । यह सम्पूर्ण उपद्रव और सम्पूर्ण अरिष्ट विनाशक है इसके उच्चारण करनेसे महाव्याधि और अपस्मार ( मृगी ) दूर रहते हैं । योगिनी, भूत, वेताल, प्रेत, कूष्माण्ड, पन्नगादि कदापि उस स्थानमें नहीं वास करते जिस स्थानमें निरन्तर इस महास्वस्त्ययनका पाठ होता रहता है ।

कृत्वामभ्यर्च्चयेद्देवि यथाविधिपुरःसरम् । षोडशारं लिखेत्पद्मं योनियुग्मं सविन्दुकम् ॥ तन्मध्येऽष्टदलं लिख्य यकारादीन्यसेत्क्रमात् । तन्मध्ये चैव षट्कोणं लिखेन्मूलमनुस्मरन् ॥ चन्द्रबिम्बं लिखेन्मध्ये असाध्ये पार्थिवं शिवम् । तस्य मध्ये न्यसेत्

कुंभं गले स्रग्दामभूषितम् । तस्य मध्ये न्यसेत् कृत्यां सर्वलक्षणसंयुताम् । पूजयेच्च यथान्यासं पायसन्तु निवेदयेत् ॥ परितोष्य घटे न्यस्य असितांगादिभैरवान् । गन्धपुष्पादिनाभ्यर्च्य तद्वाह्ये क्षेत्रपालकान् । लोकपालं यजेद्देवि तदग्रे होममाचरेत् । जुहुयादाज्यापामार्गेण रक्षतां भिदमर्षणौ ॥ दूर्वाग्रखदिराश्वत्थं प्रत्येकन्तु शतादिकम् । कुण्डे वा स्थण्डिले वापि होमकर्म समाचरेत् । तस्य दक्षिणपार्श्वे तु लक्ष्मीं ध्यायेद्यथाविधि। कुण्डमध्ये न्यसेद्देवीं दक्षिणे च श्रियं स्मरेत् ॥ वामपार्श्वे स्मरेद्देवीं ह्रल्लेखां परमेश्वरीम् । तस्यैव वामपार्श्वे तु पूजयेद्दशनायकम् ॥ अयुतं मूलमंत्रञ्च जपेन्मृत्युविनाशनम् । अयुतं भ्रूणहत्यायां जपेत् परिमाणं विदुः॥महाव्याधिप्रशमनं तावजप्त्वाभिषेकतः।

एवं यः कुरुते मर्त्यः पुण्यां गतिमवाप्नुयात् ॥ तस्या-वश्यं न विद्येत व्याधिभ्योऽपि भयन्नहि ।

हे देवि ! यथाविधान कृत्या देवीका पूजनकरे । षोडश दल कमल लिख सविन्दु योनियुग्म लिखे । उस योनियुग्मके मध्यमें अष्टदल कमल लिख क्रमानुसार यकारादिक लिख उसके मध्यमें षट्कोण यन्त्र लिख मन्त्रका ध्यान करे । मध्यमें चन्द्रबीम्ब लिखे अशक्तिमें पार्थिव शिव लिंगही, 'स्थापन करदे ॥ उसके मध्यमें कुम्भ स्थापन कर कंठदेशमें पुष्पमालासे विभूषित करे। कलशके ऊपर कृत्या देवीको स्थापन करे जो कि सर्वलक्षणयुक्त है । यथान्यास पूजन कर पायस 'प्रदान करे । घटके ऊपर न्यासकर असितांग (उज्ज्वल वर्ण ) भैरवका ध्यान कर । गन्ध-पुष्पादि प्रदानकर बाह्य प्रदेशमें क्षेत्रपालका पूजन करे । अग्र भागमें लोकपालोंका पूजन कर हवन करे । उसके दक्षिण भागमें यथाविधान लक्ष्मीजीका ध्यान करे । कुण्डके मध्यमें देवीजीको स्थापन कर दक्षिणभागमें श्रीका ध्यान करे । हृदयमें स्थित देवीजीका वाम भागमें ध्यान करे । उसीके वामभागमें दशना-यकोंका पूजन करे । मृत्यु विनाशक मूल १०००० जप करे। भ्रूणहत्या दोषकी निवृत्तिके अर्थ भी १०००० ही जप करे । महाव्याधिकी शांतिके अर्थ १०००० जप कर अभिषेक

करे । इस प्रकार करनेसे उत्तम गति प्राप्त होतीहै । जप करनेवालेको व्याधियोंसे भय नहीं होता ।

इति श्रीक्रियोड्डीशे महातंत्रराजे देवीश्वरसंवादे दशमःपटलः ॥१॥

---

अथ कुमार्यावेशनम् ।

श्रीईश्वर उवाच–अथ वक्ष्यामि संक्षेपात् कुमार्यावेशनं शृणु । सुगुप्ते विजने देशे गोमयेनोपलेपिते ॥ आचार्यः प्रयतो भूत्वा सुस्नातो विजितेन्द्रियः । नवकुम्भान् समादाय शुद्धकुम्भेन पूरयेत् ॥ नवं शरावमानीय कपिलाघृतपूरितम् । कुम्भोपरि समारोप्य दीपं प्रज्वालयेत्ततः ॥ शताष्टमन्त्रजापेन कुमारा वा कुमारिकाः । अतीतानागतञ्चैव वर्तमानं च यद्भवेत् ॥ शुभाशुभानि सर्वाणि पश्यन्ति नात्र संशयः । सम्यग्ध्यात्वा गणेशानं गते यामे जपेन्निशि ॥ शुभाशुभानि कर्माणि कथयन्ति न संशयः । कन्यकार्थी

शुचिर्भूत्वा मन्त्रराजं गणेशितुः ॥ जप्त्वा दशसहस्राणि भानुरक्ताश्वभावजैः । पुष्पैर्दशांशहवनात् तां कन्यां लभते ध्रुवम् ।

श्रीशिवजी कहने लगे । हे देवि ! अब संक्षेपसे कुमारी आवेशन कहाजाता है सुनो । सुगुप्त ( अच्छे प्रकार रक्षा कियाहुआ ) एकान्त स्थानको गोबरसे लीपकर आचार्य। उक्त नियमानुसार स्नान करे और जितेन्द्रिय रहे । पुनः नवीन कुंभको शुद्ध जलसे पूर्ण कर स्थापन करे और उसी घटके ऊपर नई सराईमें कपिला गौके घृतसे दीपकको प्रज्वलित कर स्थापन कर १०८ वार मन्त्रका जप करे । यदि जपके समय कुमार अथवा कुमारी दोनोंमेंसे एक अथवा दोनोंही स्वयं पूजा स्थानमें आकर उपस्थित हों तो यथाविधान उनका पूजन करे । पूजनके करनेसे और उनके प्रसादसे बीतेहुये अथवा आनेवाले और वर्तमान शुभाशुभ समस्तही स्वयं दृष्टि पड़ेंगे इसमें किसी प्रकारका संदेह नहीं है । तत्पश्चात् भले प्रकार गणेशजीका ध्यान कर एक प्रहर रात्रि बीते जप कर्ममें रत हो, इस विधानके करनेसे देवता प्रसन्नहो स्वयं सन्मुख आकर समस्त शुभ अशुभ जैसा होना है कहेगा। परन्तु देवताके रूपको देखकर डरना मत देवता

मारता नहीं है । कन्यार्थी पुरुषको योग्य है कि पवित्र हो गणेश मन्त्र जपै, मन्त्र जपनेके पश्चात् सूर्यमुखीके पुष्पोंसे दशांश हवन करे तो अवश्य उस कन्याको प्राप्त होय ।

अथ काम्यकर्माणि ।

**वक्ष्यामि काम्यकर्माणि साधकानां हिताय वै ।**
**शास्त्रोक्तेनैव मन्त्रेण संक्षेपान्न तु विस्तरात् ॥**

अब साधक लोगोंके हितार्थ काम्य कर्म कहेजाते हैं, शास्त्रोक्त मंत्रहीसे संक्षेपपूर्वक कर्म करे विस्तारपूर्वक नहीं ।

अथ दिव्यज्ञानादिलाभः ।

**स्वहृत्पद्मे गणेशानं कुन्देन्दुधवलप्रभम् ।**
**शुक्लालंकाररूपञ्च भावयेद्यो निरन्तरम् ॥**
**भारती तस्य वक्त्राब्जे शास्त्रज्ञा बहुसुन्दरी ।**
**नित्यं प्रकाशते सत्यं दिव्यज्ञानप्रदायिनी ।**

अब दिव्य ज्ञानादि लाभ प्रकार कहाजाता है । जो मनुष्य निरंतर निज हृदयकमलमें कुन्देन्दु धवल कांतिवाले और श्वेत आभूषणोंसे सुशोभित श्रीगणेशजी महाराजका ध्यान करते हैं उन मनुष्योंकी रसना ( जीभ ) के ऊपर मनोहर रूप धारण करनेवाली और अनेक शास्त्रोंके ज्ञानसे प्रकाशवाली सरस्वतीजी वास करती हैं ।

अथ वशीकरणम् ।

न विनश्येद् गणेशानं सिन्दूरसदृशप्रभम् ।
पाशांकुशधरं ध्यात्वा योजपेन्मंत्रिसत्तमः ॥
अनंगवशसम्पन्ना तमभ्येति वरांगना ।

अथ वशीकरणम् । सिन्दूरके समान है कांति जिनकी ऐसे पाश और अंकुशधारण करनेवाले गणेशजी महाराजका जो साधकलोग ध्यानकर पूजन करते हैं और मंत्रका जप करते हैं ऐसे साधकोंके समीप अवश्य काममोहित सुन्दरी अंगना स्वयं सेवार्थ आती है ।

प्रकारान्तरं–पाशांकुशवराभीतिं हिमकुन्देन्दु-सन्निभम् । दिग्वस्त्रं चन्द्रवर्णाभं स्फुरन्माणिक्य-मण्डलम् ॥ यः स्मरेत्तस्य वशगा ह्यवश्यापि वरांगना ।

प्रकारांतर कहाजाता है । पाश, अंकुश, वर, अभय धारण करनेवाले, कुन्दके फूलके सदृश कांतिवाले, चन्द्रके तुल्य कांति-वाले, स्फुरन् मणियोंके मण्डलसे सुशोभित ऐसे दिगम्बर सदा-शिवका ध्यान करनेसे जो नहीं प्राप्त हो सकती है अवश्य ऐसी मनोहारिणी प्रिया स्वयं आ अपनेको प्रदान करे । अर्थात् वशमें होय ।

**अथ मुखस्तम्भनम्–विवादेषु गणेशानं ज्वलदग्निसमप्रभम् । प्रतिवादिमुखे ध्यायन्प्रजपेन्मनसा मनुम् । तन्मुखं स्तंभयेदाशु वादी दीनोऽपि नान्यथा ।**

अथ मुखस्तम्भन कहाजाता है । जलती हुई अग्निके तुल्य कांतिवाले गणेशजीका ध्यान कर यदि विवादविषयमें वादीके सम्मुख मंत्रराजका जप करे तो अवश्य वादीके मुखका स्तम्भन हो और वादी दीनवत् व्यवहार करे ।

**अथ सर्वरोगहरणम् । अंगुष्ठमानं हृत्पद्मे शुद्धस्फटिकसन्निभम् । चिन्तयित्वा गणेशानं चिदंबरसुधारसम् । अभिषिच्य सुरश्रेष्ठं सततं धरणीतले । सर्वरोगविनिर्मुक्तश्चिरकालं स जीवति ।**

अब सर्वरोग हरण प्रकार कहाजाता है । शुद्धस्फटिकके तुल्य उज्ज्वल, चेतना स्वरूप, अमृत रसपूर्ण, अंगुष्ठमात्र देहधारी श्रीगणेशजीका जो मनुष्य निज हृदयकमलमें ध्यान कर निरन्तर पृथिवीतलमें अभिषेक करते हैं वह लोग सर्व प्रकारके रोगोंसे मुक्ति लाभ करते हैं । और चिरकालतक जीवनसुख भोगते हैं ।

अथ विषहरणम् । शुक्लवर्णं गणेशानं दशबाहुं मदोत्कटम् । शुक्लांबरधरं सौम्यं चिच्छशांकामृतप्लुतम् ॥ भावयेद्धृदयाम्भोजे नित्यं निर्मलमानसः । मंत्री गरुडवत् सद्यस्त्रिविधं हरते विषम् ॥

अब त्रिविध विषहरण प्रकार कहाजाता है । शुक्लवर्ण, दशभुज, मदोत्कट, शुक्लवस्त्र धारण करनेवाले, सौम्य, चन्द्र अमृतसे प्लुत ऐसे गणेशजीको जो मंत्रीलोग शुद्धचित्तसे निज हृदयकमलमें ध्यान करते हैं वह मंत्री लोग तीन प्रकारका विषहरण करनेमें गरुडवत् समर्थ होते हैं ।

अथ नानाविधकार्याणि–धनार्थी मधुना नित्यं वशार्थी पायसैर्हुनेत् । घृतेन लक्ष्मीसंप्राप्त्यै हुनेत् शर्करया तथा ॥ आयुषे चार्थसंपत्तौ दध्ना च जुहुयात्तथा । अन्नेन चान्नसंपत्त्यै द्रव्यार्थं तिलतण्डुलैः ॥ लवणैरप्यनावृष्टयै वृष्टिकामस्तु बिल्वकैः । सौभाग्यार्थी तथा लाजैः कुसुमैश्चापि सोदनैः ॥

अब नानाविध कार्य विधान कहाजाता है । धनार्थी सहतसे हवन करे, वश्यार्थी पायस ( खीर ) से हवन करे, लक्ष्मीप्राप्तिके अर्थ घृत शर्करासे हवन करे, आयु अथवा अर्थसम्पत्तिके लिये दधिसे हवन करे, अन्न प्राप्तिके लिये अन्नसे हवन करे, द्रव्य प्राप्तिके लिये तिल और तण्डुलसे हवन करे, अनावृष्टिके अर्थ लवणसे हवन करे, वृष्टिकामनाके अर्थ वेलसे हवन करे, सौभाग्यवृद्धिके लिये लाजा होम करे अथवा ओदन ( भात ) मिश्रित फूलोंसे हवन करे ।

अथ विविधवशीकरणानि–वशिने जुहुयात् पद्मै राजानं वशमानयेत् । अश्वत्थोदुंबरप्लक्षन्यग्रोधसमिधो हुनेत् ॥ विप्रक्षत्रियविट्शूद्राः सद्यो वश्या भवन्ति वै ।

अब विविधवशीकरण प्रकार कहाजाताहै । वश्य कर्ममें कमलदलसे हवन करे इस प्रकार हवन करनेसे राजाभी वश्य होसक्ता है । अश्वत्थ, उदुम्बर, पिलखन, न्यग्रोधकी समिधाओंसे हवन करनेसे ब्राह्मण, क्षत्री, वैश्य, शूद्र सबही वश होसक्ते हैं ।

अथ स्त्रीवशीकरणम्–स्त्रीणां प्रतिकृतिं कृत्वा पिष्टेन प्रतिवासरम् । साज्याहुतित्रयन्तस्य वशमायान्ति नान्यथा ।

अब स्त्री वशीकरण प्रयोग कहाजाता है । प्रतिदिन पिष्ट ( पिट्टी ) से स्त्रीके आकारकी प्रतिमा बनावे और तीन आज्य ( घृत ) की आहुति प्रदान करे तो अवश्य वशमें होय ।

प्रकारान्तरम् । मन्त्रराजं जपित्वा तु यथाविधि महोदरम् । दशांशे जुहुयान्मन्त्री राजिकालवणेन च ॥ तद्भस्म वामहस्तेन गृहीत्वा ताडयेत् स्त्रियम् । समागच्छति सा नारी मदनानलविह्वला ।

अब प्रकारांतर कहाजाता है । मन्त्री यथाविधान श्रीमहाराज गणेशजीके महामंत्रराजका जप कर राई और निमकसे दशांश हवन करे । तत्पश्चात् हवनकी भस्मको वाम हस्तमें लेकर साध्य स्त्रीके ऊपर प्रक्षेप करे, इस प्रयोगके करनेसे अवश्य साध्य स्त्री कामदेवसे विह्वल होकर साधकके समीप आवेगी ।

अथ रिपुस्तम्भनम्—तद्वच्च प्रजपेदेनं पीतपुष्पैश्च मन्त्रवित् । स्तम्भयेद्रिपुसैन्यं च सामात्यबलवाहनम् ॥ प्रतिवादी भवेन्मूको मन्त्रस्यास्य प्रभावतः ।

स्तम्भयेत् पञ्चद्रव्याणि नात्र कार्या विचारणा ।

अब रिपुस्तम्भन प्रयोग कहाजाता है । पूर्व प्रकारानुसार मन्त्रराजका जप कर पीत पुष्पोंसे हवनकरे । इस प्रयोगके करनेसे मंत्री सहित शत्रुके बल ( फौज ) का स्तंभन होता है । इस मन्त्रराजके प्रतापसे वादीका मुख बन्द होजाता है अर्थात् जिह्वासे कहनेको समर्थ नहीं होसकता । इसमें किसी प्रकारका सन्देह नहीं कि इस प्रयोगके करनेसे पञ्चद्रव्योंका स्तम्भन होजाता है ।

अथ शत्रूच्चाटनम्—विभीतिकसमिद्भिस्तु नियतं जुहुयात्तथा । सम्यगुच्चाटयेच्छत्रून् स्वस्थानात्तु विशेषतः ॥ मेरुमण्डलतुल्यो वा स देवोद्विग्नमानसः । ग्रामयुद्धे पुरे वापि इमं स्तुत्वा तु होमयेत् । उच्चाटयति वेगेन मानुषेषु च का कथा ।

अब शत्रूच्चाटन प्रयोग कहाजाता है । शत्रु उच्चाटन प्रयोगमें बहेडेकी समिधाओंसे हवन करे तो अवश्य शत्रुका उच्चाटन हो, विशेष क्या एकबारको मेरु पर्वतके तुल्य स्थिरचित्त पुरुषकाभी

उच्चाटन होसकता है, ग्रामयुद्ध अथवा पुरयुद्धमें मन्त्रराजका जप कर दशांश हवनकरे । इस प्रयोगके करनेसे जड पदार्थका भी उच्चाटन होसकता है मनुष्योंका तो कहनाही क्या है ।

अथ मारणम्–मानुषास्थि समानीय ह्यष्ट-गष्टांगुलीमितम् । मृतकेशैस्तु संवेष्ट्य सहस्राष्टाभिमन्त्रितम् ॥ कुलिकोदयवेलायां शत्रुद्वारे खनेद्भुवि । सप्ताहान्मरणं तस्य भविष्यति न संशय ॥

अब मारण प्रयोग कहाजाता है । आठ अंगुल प्रमाण मनुष्यकी अस्थिके कीलेको मृतक पुरुषके शिरके बालोंसे लपेटकर एक हजार आठ बार ( १००८ ) मन्त्रसे अभिमंत्रितकर कुलिक योगके उदयमें शत्रुके द्वारपर पृथिवी खोदकर दाबदे तो अवश्य शत्रु व्यक्तिका एक सप्ताहके मध्यमें मरण होय ।

अथ गणेशमन्त्रम्–अतः परं मन्त्रराजं शृणु देवि गणेशितुः । सुरम्ये भूतले शुद्धे गजाद्यैः सुपरिष्कृते ॥ कामक्रोधविनिर्मुक्तः पूर्वपक्षपरिप्लुतः ।

संपूज्य देवदेवेशं गणेशं शंकरात्मजम् ॥ भूर्जे क्षौमे तस्योपरि यन्त्रराजं समुद्धरेत् । कस्तूरी-रोचनायन्त्रकाश्मीरं चन्दनं रसम् ॥ गोशकृद्रससंयु-क्तैर्मातंगमदमिश्रितैः । सर्वैश्च सुसमैरेभिः प्राणमापूर्य संलिखेत् ॥ लेखन्या हेमशूच्या वा जातिकाष्ठेन दूर्वया । षट्त्रिंशत्कोणमष्टारं द्वादशारं ततः परम् ॥ कादर्गादीनि गायत्र्या वर्णा-न्यपि लिखेद्बहिः । महाभूमण्डलं कुर्याद्वजाष्टक-विभूषितम् ॥ तद्वाह्यं वारुणं कूर्ममण्डलञ्च नतं शुभम् । कर्णिकायां लिखेन्मन्त्री हक्षौ प्रणववे-ष्टितौ ॥ अंगानि चाष्टकोणेषु लक्ष्मीमनुदलं लिखेत् । द्वादशारे लिखेच्छक्तिं विना नपुंसकस्वरम् ॥ स्वरपत्रं कलापत्रे ततश्चाष्टदलाम्बुजे । कादिमन्ताक्षरञ्चापि सर्वं पूर्वादितो लिखेत् ॥ पुनः पार्श्वककोणेषु वादि सान्तं समालिखेत् । एतन्मंत्रं समाख्यातं न देयं

**यस्य कस्याचित् ॥ अणिमाद्यष्टमन्त्रेण चाष्टबाहुं प्रपूजयेत् ।**

अब गणेश यन्त्र कहाजाता है । हे देवि ! अब श्रीगणेशजी महाराजके यन्त्रको सुनो । गजादिकोंसे अच्छी तरह परिष्कृत, शुद्ध समान भाग पृथिवी तलमें, काम क्रोधको छोडकर पूर्ववत् न्यासकरके देवदेवेश गणेशजीका पूजन करके, कैसे गणेशजीका शिवजीके पुत्र ऐसे, भूर्जपत्र अथवा रेशमीन वस्त्रके ऊपर कस्तूरी, गोरोचन, केशर, रक्तचंदन, मातंग ( हाथीका ) मद इत्यादि सुगंधित द्रव्योंको एकत्र कर गणेशजीका यन्त्र खींचे लेखनी स्वर्ण, चांदी अथवा जातिकाष्ठ वा दूर्वा हो, यन्त्रराज ३६ कोण, अष्ट अरा निर्मित तथा द्वादश अरा निर्मित हो, उसके वहिर्भागमें गायत्रीके कवर्गादिकोंको वहिर्भागमें लिखे, फिर गजाष्टकसे सुशोभित महाभूमंडलको सुशोभित कर भूषित करे । महा भूमंडलके वहिर्भागमें नत वरुण देवके कूर्ममण्डलको लिखे । साधकको योग्य है कि कमलदलकी कार्णिकाओंमें हकार क्षकार इन दो वर्णोंको लिखे, अष्टकोणमें अंग और लक्ष्मी मन्त्र दलोंमें लिखे, द्वादशार कमलमें शक्तिवीज लिखै नपुंसक स्वरके विना, कलापत्रमें स्वरपत्र लिखै । "पुनः" अष्टदल मध्यमें ककार आदि क्षकारांत वर्णोंको क्रमानुसार लिखै फिर पार्श्वके कोणोंमें वकार आदि सकारांत वर्णोंको लिखै । यह इसप्रकार वर्णन कियाहुआ यन्त्रराज साध-

कके विना अन्यको देना उचित नहीं है। अणिमादि आठ मंत्रोंसे अष्टबाहुका पूजन करे।

अं अणिमायै नमः स्वाहा। लं लक्ष्म्यै नमः। व्यं व्याप्त्यै। प्रं प्राकाम्यायै। मं महिमायै। ईं ईशित्वायै। वं वशित्वायै। कं कामावशायित्वायै नमः स्वाहा।

यह अणिमादि अष्ट मंत्र हैं।

एवं संपूज्य विधिवन्मन्त्री मुनिगणान्यजेत्। भोजयित्वा विधानेन नानामिष्टफलादिभिः॥ दिव्यगन्धयुतैः पुष्पैर्दिव्यगन्धप्रलेपनैः। मूषिकं पूजयामास नानामिष्टफलादिभिः॥ ॐ समूषिकाय गणाधिपवाहनाय धर्मराजाय स्वाहा। इत्यनेनैव मन्त्रेण मूषिकं पूजयेत्ततः। एकदन्ताय विद्महे वक्रतुण्डाय धीमहि तन्नो दन्तिः प्रचोदयात्।

मन्त्री इस प्रकार पूजनकर मुनियोंका पूजन करे और नाना-प्रकारके मिष्टान्न तथा फलादि द्वारा ब्राह्मणोंको भोजन करावे।

पुनः दिव्य गंध, पुष्प और दिव्य प्रकारके प्रलेपनादिकोंसे गणेशजीके वाहन मूषकराजका पूजन कर मिष्टान्न और फलादिकोंसे तृप्त करै । यह मंत्र है । "ॐ समूषिकाय गणाधिपवाहनाय धर्मराजाय स्वाहा" इसही मंत्रसे मूषिकराजका पूजन करे । यह मूषिक गायत्री मंत्र है । एकदंताय विद्महे वक्रतुंडाय धीमहि तन्नो दंतिः प्रचोदयात् ।

इति क्रियोड्डीशे महातंत्रराजे शिवगौरीसंवादे एकादशः पटलः ॥

---

अथ वशीकरणम्—पलार्द्धस्वर्णेन रजतेन वा साध्यस्य प्रतिमां कृत्वा साधहस्तं गर्तं कृत्वा हरितालहरिद्राचूर्णकं पलार्द्धं तत्र निःक्षिप्य रक्तासने तत्रोपविश्य चतुर्दिक्षु पताकां निवेश्य तिलपूर्णघटमधः कृत्वा संस्थाप्य प्राणप्रतिष्ठां कृत्वा पूर्वास्यः प्रवालमालया दशसाहस्रजपेन प्रयोगार्हो भवेत् ।

अब वशीकरण प्रयोग कहाजाता है । प्रथम पलार्द्ध (आधापल) स्वर्ण अथवा चांदीकी साध्य (जिसके ऊपर प्रयोग कियाजाय) उसकी प्रतिमा बनावे । पुनः १ हाथ गहरा पृथिवीमें गड्ढा खोदे उसमें महीन पिसाहुआ हलदी और हरतालका चूर्ण बिछावे । साधक रक्त आसनके ऊपर बैठकर

चारों दिशाओंमें ध्वजा ( झंडी ) स्थापन कर तिलपूर्ण घटकी प्राणप्रतिष्ठाकर स्थापन करे और प्रवाल ( मूंगा ) मालासे सुशोभित करे। पुनः साधक पूर्वाभिमुख दशहजार जपकरे तब प्रयोगके योग्य हो।

अथ मन्त्रम्—प्रणवं पूर्वमुच्चार्य मायाबीजं द्वितीयकम्। कात्वं स्वच्छाकिनीयुक्तं वामकर्णेन्दुभूषितम्। ततो मन्तुपदं ब्रूयाच्चामुण्डे तदनन्तरम्। साध्यनाम ततो न्यस्य वशमानय तत्परम्। वह्निजायावधिर्मन्त्रं जपेद्दशसहस्रकम्। अथान्यत्। चामुण्डे मोहय मोहय अमुकं वशमानय स्वाहा। प्रातः स्नात्वा हविष्याशी जितेन्द्रियः शुचिर्भूत्वा प्रातःकालमारभ्य मध्यन्दिनावधिजपसमाप्तेर्दशांशादिक्रमेण होमादींश्च कारयेत्। जातीपुष्पैर्होमेन वशयेन्नात्र संशयः। कामतुल्यश्च नारीणां रिपूणां शमनोपमः। यावज्जीवनपर्यन्तं स्मरणं च प्रजायते।

प्रथम प्रणवका उच्चारण करे। द्वितीय बार मायाबीजका।

तीसरी वार 'कात्वं त्वह्लाकिनी' युक्त वाम कर्ण और इन्दुभूपित मत्तपदका उच्चारण करे। तत्पश्चात् चामुण्डे इस पदको मिश्रित कर साध्य व्यक्तिके नामकी भी योजना कर और वशमानय स्वाहा यह अन्तमें मिलादे । इस प्रकार दश हजार मंत्र जपे। दूसरा प्रकार । चामुंडे मोहय मोहय अमुकं वशमानय स्वाहा। अथवा इस मंत्रका जापकरे प्रातःकाल स्नान कर, हविष्यान्नका भोजन करनेवाली जितेन्द्रिय साधक व्यक्ति शुद्धता और पवित्रतापूर्वक प्रातःकालसे लेकर मध्याह्नतक जापकर जापक्रमानुसार दशांश हवनादि करे । जातिपुष्पोंसे हवन करनेसे अवश्य साध्य व्यक्ति वश्य हो जायगी । और कामदेवके तुल्य मनोहर स्त्रियोंको प्यारी यमके समान असह्य शत्रुवर्गको जीवन पर्यंत साधक व्यक्ति प्रतीत होगी ।

**अन्यच्च । श्वेतापराजितामूलं पेषयेद्रोचनायुतम् । शतेन मन्त्रितं कृत्वा तिलकं कारयेत्ततः । वशयेन्नात्र संदेहः ।**

सफेद अपराजिताकी जडको पीसकर और गोरोचन मिलाकर सौ वार मंत्रसे अभिमंत्रित कर निज मस्तकके ऊपर तिलक करे तिलककी ओर देखने मात्रहीसे साध्यव्यक्ति अवश्य वश्य होगी ।

अथ राजवशीकरणम् । रक्तपुष्पेण चामुण्डा-पूजा । ध्यानम् । दंष्ट्राकोटिविशंकटा सुवदना सान्द्रा कूकारे स्थिता खड्गांगासिनिगूढदक्षिणकरा वामेन पाशांकुशा ॥ श्यामा पिंगलमूर्द्धजा भयकरी शार्दूलचर्मावृता चामुण्डा शववाहिनी जपविधौ ध्येया सदा साधकैः । जप्त्वा किंशुककुसुमैर्हुत्वा फलप्राप्तिः । आद्यन्ते महती पूजा । पञ्चदिनप्रयोगेण राजानं वशमानयेत् ।

अब राजवशीकरण प्रयोग कहाजाताहै । रक्तपुष्पोंसे चामुंडाका पूजन करे । यह ध्यान है दंष्ट्राकोटिसे विशंकट, मनोहर मुखसे सुशोभित, दक्षिण हस्तमें तरवार धारण करनेवाली वामहस्तमें पाश और अंकुश लिये, श्यामवर्णवाली पिंगल वर्णवाले केशोंसे विभूषित शिरोभाग जिसका शत्रु वर्गको भय देनेवाली शार्दूल चर्मसे आच्छादित शरीरवाली, शववाहिनी चामुण्डाका ध्यान करते हैं और इसी प्रकार जप कर्ममें सदा साधकोंको चामुण्डाका ध्यान करना चाहिये । टेसूके फूलोंसे कियाहुआ आवाहन फल प्रदान करनेमें समर्थ होता है । आदि अन्तमें

बृहत् पूजा करनी चाहिये । पांच दिनके प्रयोगसे राजा वश्य होता है ।

प्रकारान्तरेण वशीकरणम्–मृगशीर्षे तु संग्राह्यं सुरक्तकरवीरकम् । नवांगुलं कीलकं तत् सप्तवाराभिमन्त्रितम् । यस्य नाम्ना खनेद्भूमौ स वश्यो भवति ध्रुवम् । मन्त्रम् । ॐ हुँ हुँ स्वाहा । तत्तत्स्थाने यथासंख्यमनुक्ते त्वयुतं जपेत् ।

अब प्रकारान्तरसे वशीकरण प्रयोग कहाजाता है । मृग- शिर नक्षत्रमें रक्त करवीरके काष्ठको लेकर उसमेंसे नौ अंगुल प्रमाण एक कील बनाकर सातवार मंत्रसे अभिमंत्रित कर साध्य व्यक्तिका नाम उच्चारण कर पृथिवीमें खोदकर दाब दे अवश्य साध्य व्यक्ति वश्य होगा । यह मंत्र है । ओं हुं हुं स्वाहा । जिस प्रयोगमें जितना जप कहागया है उतनाही होना चाहिये । जहां कुछभी नहीं कहा है वहां है दश हजार जाप करे ।

इति क्रियोड्डीशे महातंत्रराजे गौरीश्वरसंवादे द्वादशःपटलः ॥

अथ विद्वेषणम्-गृहीत्वा शल्लकीकण्टं निखने-द्भूविदारतः । कलहो जायते नित्यं शत्रोर्गेहे न संशयः । मन्त्रः । ॐ नमोनारायणाय असुकासुकेन सह विद्वेषं कुरुकुरु स्वाहा ।

अब विद्वेषण प्रयोग कहाजाता है । साहीके कांटेको अगाडी कहे हुए मंत्रसे अभिमंत्रित कर भूमिमें गाडदे अवश्य द्वेप भाव प्रकट होकर शत्रुओंमें कलह हो । यह मंत्र है । ओं नमो नारा यणाय असुकासुकेन सह विद्वेषं कुरु कुरु स्वाहा ।

अथान्यत्-परस्परं रिपोर्वैरं मित्रेण सह निश्चितम् । महिषाश्वपुरीषाभ्यां गोमूत्रेण समालिखेत् । ययोर्नाम तयोः शीघ्रं विद्वेषश्च परस्परम् ॥

विद्वेपका दूसरा प्रकार कहाजाताहै । महिष, अश्व इन दोनोंके पुरीषको गोमूत्रसे मिश्रित कर जिनका परस्परमें भारी मेलवाले मित्रोंका नाम लिखे तो वहुत शीघ्र उन वहुत दिनोंके मिलनेवालोंका अवश्य आपसमें विद्वेप भाव होजावे ।

आकाशके तुल्य नीलवर्णवाली, महाचण्डा, सुर और असु-रोंको विमर्दन करनेवाली, तीन नेत्रवाली, महाशब्द करनेवाली सर्व आभूषणोंसे भूषित, कपाल और कर्तृका हाथमें लिये चन्द्र सूर्यके ऊपर स्थित शर समूह धारण करनवाली प्रेत तथा भैर-वसे वेष्टित, पितृकाननमें वास करनेवाली, समस्त सिद्धियां देने-वाली, ऐसी कालिका देवीकी तृप्तिके अर्थ विविध पुष्प, छाग-वालि इत्यादिसे हवन करे और भक्तियुक्त चित्तसे महेशानीका पूजन करे। पुनः हवनकी भस्मको मन्त्रसे अभिमंत्रितकर ललाटमें धारण करे अवश्य शत्रुका विद्वेषभाव उत्पन्न हो।

मन्त्र-ओं ह्रीं विद्वेषिणि अमुकामुकयोः परस्पर-योर्विद्वेषणं कुरुकुरु स्वाहा।

यही विद्वेषण मन्त्र है।

अथोच्चाटनम्। सौरारयोर्दिने ग्राह्यं नरास्थि चतुरंगुलम्। निशावसाने संलिख्य प्रधान-भवने क्षिपेत्॥ सप्ताहाऽभ्यन्तरे शत्रोराशु

चोच्चाटनम्भवेत् ॥ ह्रूं अमुकस्योच्चाटनं कुरुकुरु स्वाहा । ह्रूं अमुकं हनहन स्वाहा ।

शनि वा मंगलवारको चार अंगुल प्रमाण मनुष्यके अस्थिके ऊपर मन्त्र लिखकर रात्रिके अन्तमें शत्रुके स्थानमें मध्यमें फेंक दे तो अवश्य एक सप्ताहके बीच शत्रुका उच्चाटन हो । ह्रूं अमुकस्योच्चाटनं कुरु कुरु स्वाहा । ह्रूं अमुकं हनहन स्वाहा । यह मंत्र है ।

अथ स्तम्भनम्–अमुकस्य मनः स्तम्भयस्तम्भय ह्रुं फट् ।

यह स्तम्भन मन्त्र है ।

अथ शांतिः–शांतिः सर्वाभिचारस्य पञ्चगव्येन जायते । काम्यप्रयोगे सर्वत्र नियमोऽयुतसंख्यकः ॥ होमसंख्या १०००० ॥

अब अभिचार प्रयोगोंकी शान्ति कही जाती है । समस्त अभिचार प्रयोगोंकी शान्ति पञ्चगव्यसे होती है । समस्त काम्य प्रयोगोंमें दश हजार जपकरे ऐसा नियम है ।

अथ मारणम्–महाकृत्याप्रयोगः-अतःपरं महेशानि मारणं शृणु पार्वति । येन विज्ञातमात्रेण

सुसाध्यं भुवनत्रये ॥ रुद्रजाया महायोगिन्यतोगौरी पदं वदेत् । भुवनभयंकरीति पदं वर्मास्त्रमुच्चरेन्मनुम् ॥ अथवा प्रथमं न्यासमथातो ब्रह्मण पदम् । यद्दीर्घयुक्तबीजेन चागमन्त्रेण योजना ॥ हृदयं च ततोऽङ्गेन धर्मास्त्रेण शिरः क्रमात् । शिखाकवचनेत्रास्त्रैरेवंन्यासक्रमः स्मृतः ॥ अंगिराश्च ऋषिर्देवि गायत्रिच्छन्द ईरितम् । सिंहवक्त्रा च भूतानां भयंकरि ततः परम् ॥ महाकृत्या देवता च इत्युक्त्वा न्यासमाचरेत् ।

अब मारण प्रयोग कहाजाता है । यह महाकृत्यांका प्रयोग है । हे पार्वति ! अब मारण प्रयोग कहाजाता है सुनो । इस प्रयोगके यथार्थ करनेसे सिद्धि प्राप्त होती है । इसके अगाडी न्यास क्रम है बुद्धिमान् जन स्वयं जानलेंगे । सिंहवक्त्रा, भूतानां भयंकरि, महाकृत्या, देवता इन नामोंको उच्चारणकर न्यास करे । इसका ऋषि अंगिरा और छन्द गायत्री है ।

अथ ध्यानम्—सिंहाननां कृष्णमुखीं लम्ब-गात्रपयोधराम्। दंष्ट्राकरालवदनां त्रिनेत्रां सर्वप्रोज्ज्वलाम्॥ कृष्णकांचीसमायुक्तां विधूमाग्निसमप्रभाम्। त्रिशूलचक्रमुशलखड्गाङ्करपंकजाम्॥ लेलिहानमहाजिह्वां विद्युत्पुञ्जसुभीषणाम्। ध्यात्वा कृत्यां विधानेन पूजयेन्मन्त्रवित्तमः॥ ध्यात्वा कृत्यामर्चयेद्वै रक्तैः पुष्पैश्च वश्यके॥ कृष्णैर्मारणकृत्येषु मांसरक्तासवैः स्तुताम्।

अब ध्यान कहाजाता है। सिंहके मुखके तुल्य मुखवाली कृष्णमुखी, स्थूल कुचवाली, बृहत् दंष्ट्राओंसे भयङ्कर मुखवाली, त्रिनेत्रा अर्थात् तीन नेत्रवाली, उज्ज्वल वर्णवाली, कृष्णकाञ्ची ( तागडी ) से सुशोभित, प्रज्वलित अग्निके तुल्य कान्तिवाली, त्रिशूल, चक्र, मुशल पद्मको चारों हस्तमें धारण करनेवाली, जिह्वासे होंठोंको चाटती हुई विद्युत, ( बिजली ) पुञ्जके तुल्य भयंकर शब्दवाली ऐसी कृत्या देवीका यथाविधान ध्यानकर पूजन करे परन्तु वश्य कर्ममें रक्त पुष्पोंसे पूजन करना योग्यहै। मारण प्रयोगमें कृष्णपुष्प, मांस तथा रक्तासवसे स्तुतिकर पूजन करे।

कृत्यांश्च मदनां कुमार्यश्चच्छादिनीं तथा ।
भीषणां श्रीमतीं चैव प्रतिष्ठाश्च ततः परम् ॥
विद्यामभ्यर्चयेदष्टपत्रेषु ( क्रमशः ) सुलो-
चनाम् । पूर्वे तु शांकरीं नाम शुक्लवर्णां वरा-
न्विताम् ॥ द्विभुजां सौम्यवदनां पाशांकुश-
धरां शिवाम् । दक्षिणे भीषिकां नाम लम्ब-
जिह्वां सुधामुखीम् ॥ कृष्णवर्णां रक्तमुखीं
रक्तमालानुलेपनाम् । चतुर्भुजां सिंहनादां
महाघोषां कपालिनीम् ॥ खड्गहस्तां शिरो-
मालां सर्वाभरणभूषिताम् ॥ पश्चिमे वारुणीं
नाम स्वर्णवर्णां हसन्मुखीम् । सुरुद्रमालिकां
शुभदंष्ट्रामभयदां सदा । उत्तरे भीमिकां नाम
चतुर्हस्तां भयंकरीम् ।

मदना, कुमार्यश्चच्छादिनी, भीषणा, श्रीमती ऐसी कृत्या देवीकी प्रतिष्ठाकर अष्टदल कमलमें सुलोचना विद्यारूप श्रीकृत्या देवीका पूजन करे । पूर्वदिशामें शांकरी, शुक्लवर्णा, वरान्विता,

द्विभुजा, सौम्यवदना, पाशाङ्कुशधरा, शिवा इन नामोंसे पूजन· करे दक्षिणभागमें भीपिका, लम्बजिह्वा, सुधामुखी, कृष्णवर्णा, रक्तमुखी रक्तमालानुलेपना, चतुर्भुजा सिंहनादा, महाघोषा, कपा· लिनी, खड्गहस्ता, शिरोमाला, सर्वाभरणभूषिता इन नामोंसे पूज· नकर पश्चिम भागमें वारुणी, स्वर्णवर्णा, हसन्मुखी, सुरुद्रमालिका, शुभ्र दंष्ट्रा, अभयदा इन नामोंसे पूजन करे । उत्तर भागमें भीमिका चतुर्भुजा, भयङ्करी इन नामोंसे पूजन करे ।

पूजयित्वा जपेन्मन्त्रं नित्यमष्टोत्तरं शतम् ।
अवाप्य विनियोगस्तु कर्तव्यो मंत्रिणा सदा ॥
कालं विदित्वा प्रतिमां मधूच्छिष्टेन कारयेत् ।
द्वादशांगुलकं शत्रोर्नखलोमसमन्वितम् ॥
हृदये नामधेयञ्च फट्कारञ्च समर्मके । अस्य
प्राणान् प्रतिष्ठाप्य मरिचैर्लेपयेत्ततः ॥ मृत-
ब्राह्मणचाण्डालकेशाभ्यां पादयोः पृथक्
बद्धा करे करमये तोरणे चाप्यधोमुखम् ॥
तस्याधो मेखलायुक्तं त्रिकोणं तत्र कुण्डकम् ॥
तत्र क्षारं विधायाग्निं परिस्तीर्य शरैस्तृणैः ॥

बिभीतकं परीधाय कल्पयेद्यस्य मारणम् ।
जुहुयान्निम्बतैलाक्तैः काकोलूकस्य पुच्छकैः ॥
दारयैनं शोपयैनं मारयेत्यभिधाय च ।
अष्टोत्तरशतेनैव मनुना विधिना ततः ॥ होमान्ते विधिवत् कृत्वा बाह्ये अग्नेश्च सन्निधौ । यो मे द्वेष्टि जनः कश्चिद्दूरस्थो पान्तिकेऽपि च ॥ पिब कृत्येऽमुकं तस्य हुमित्युक्त्वा निवेदयेत् ॥ संरक्ष्याग्निं विधानेन नवरात्रं समाचरेत् ॥ हुनेद्यावत्तावदस्य भवेदेव रिपोर्मृतिः । अर्कक्षीरे च मरिचं पिष्ट्वा सिद्धार्थमेव च ॥ जले संलोड्य मंत्रेण रिपुं ध्यात्वा निरुद्धहृक् । कृष्णाम्बरोत्तरीयाग्रपादेनाक्रम्य तद्रिपुम् । वज्रशूलमिति ध्यात्वा तस्योपरि तु निक्षिपेत् । नवरात्रात् परे शत्रुर्म्रियते नात्र संशयः ।

कृत्या देवीका पूजन कर नित्यप्रति अष्टोत्तर शतमंत्र जपे। मंत्रीको सदा विनियोग करना चाहिये। पुरश्चरणके कालको जान कर मोमसे प्रतिमा बनावै परन्तु शत्रुकी प्रतिमा १२ अंगुल प्रमाण हो और उसके नख लोमभी अवश्य हों "प्रतिमा विषय में नख लोम कृत्रिम होते हैं" प्रतिमाके हृदयमें शत्रुका नाम और मर्मस्थानमें फट्कार लिखे। शत्रु प्रतिमाकी प्राणप्रतिष्ठा करके मिरचोंको पीसकर सर्वांग लेपकरे, पुनः मृतक ब्राह्मण तथा मृतक चाण्डालके केशोंसे प्रतिमाके हाथ पांव बांधकर अधोमुख तोरणमें लटकादे और उसी प्रतिमाके नीचे मेखलायुक्त त्रिकोण कुण्ड स्थापन अर्थात् निर्माण करे उस कुण्डमें अग्नि स्थापनकर तृण और शरसे अग्निको आच्छादित करे। बहेडेकी माला पहनकर काक, उल्लू इन दोनोंकी पूंछको निम्बपत्र ( नीमके पत्ते ) और कडुआ तेल मिला हवनकरे, हवनके समय दारय, शोषय, मारय इन तीन शब्दोंका उच्चारण करताजाय। विधानपूर्वक १०८ बार मंत्र द्वारा हवन करे, पुनः अग्निके निकट हो कहै हे कृत्ये। दूर देशमें रहनेवाला अथवा समीप रहनेवाला जोभी कोई मेरा शत्रु हो उसका रक्त पानकर ऐसा कह मंत्रके अन्तमें हुं बीज मिश्रितकर आहुति प्रदान करे। विधानपूर्वक अग्निकी रक्षा कर नवरात्रितक अथवा जबतक शत्रुका मरण न हो तबतक नियमपूर्वक हवन करता रहे। आकके दूधमें मिर्चोंको पीसकर और मन्त्रोच्चारणपूर्वक

जल मिलाकर नेत्र मूंदकर शत्रुका ध्यान कर काले वस्त्रोंसे वेष्टित उस शत्रु प्रतिमाको चरणके अंगूठेसे स्पर्शकर और वज्र शूलका ध्यानकर उक्त मरिच जलको शत्रु प्रतिमाके शरीरके ऊपर छिडकदे तो नवरात्रिके पश्चात् अवश्य शत्रुका मरण होगा इसमें किसी प्रकारका संदेह नहीं है ।

अथ बटुकभैरवप्रयोगः—अतः परं महेशानि शृणुष्व कर्मसिद्धिदम् । बटुकं विमलाङ्गाख्यं-पूजयेत षट्सु कर्मसु ॥ ( आचम्य स्वस्ति वाचनसूक्तं पठित्वा ) अभ्यर्च्य च शिरःपद्मे श्रीगुरुं करुणामयम् ।

अब बटुकभैरवका प्रयोग कहाजाता है । हे महेशानि । कर्ममें सिद्धि देनेवाले बटुकभैरवका प्रयोग सुनो । विमल है अङ्ग जिनका ऐसे श्रीबटुकभैरवजीका पूजन छहो कर्मोंमें करे । आचमनकर स्वस्तिवाचन सूक्तको पढकर निज शिरपद्ममें करुणामय श्रीगुरुजीका पूजन करे ।

संकल्पः—अद्येत्याद्यमुकगोत्रान्तनामग्रहवि-शिष्टोपशमनपूर्वकारोग्यायुर्वृद्धिकामो गणेशादि-पूजापूर्वकबटुकपार्थिवशिवपूजनमहं करिष्ये ।

गुरु पूजनके पश्चात् यह संकल्प करना योग्य है ।

शान्तिकादौ-रतिं च पूजयेदादौ क्षेत्रपालं ततः पुनः । रुद्रं च पूजयेद्देवि ध्यानं शृणु महामते ।

शांतिकादिमें प्रथम रतिका पूजन करे तत्पश्चात् क्षेत्रपालका । हे देवि ! रुद्रकाभी पूजन करे मैं अब ध्यानकोभी कहता हूँ सुनो ।

प्रणवाद्यं ध्यानम्-शूलहस्तं महारौद्रं सर्वविघ्नविसूदनम् । पूर्णचन्द्रसमाभासं रुद्रं वृषभवाहनम् ॥ एवं ध्यात्वा महाकालीं पूजयेद्रुद्रदैवतम् ॥ प्रणवाद्यं रुद्राय नमः इति । भक्तियोगतः शततोलकपरिमितालिंगमानीय काँस्यपात्रे लिंगं संस्थाप्य । सामान्यार्घ्यं ततः कृत्वा भूतशुद्धिं महेश्वरि । प्राणायाममंगन्यासं पीठन्यासं समाचरेत् ।

प्रणव आदिमें कहकर ध्यान० । त्रिशूल है हाथमें जिनके, महारौद्र स्वरूप, समस्त विघ्न नाश करनेवाले, पूर्ण चन्द्रमण्डलके तुल्य कांतिवाले, वृषभवाहन श्रीरुद्र ( शिव ) जीका ध्यान करते हैं । इस प्रकार रुद्रजीका ध्यान करके रुद्र देवका श्रीमहा-

कालीका पूजन करे । प्रणवाद्य श्रीरुद्रजीको नमस्कार है भक्तिपूर्वक सौ १०० तोले प्रमाण शिवलिंगको लाकर कांशीके पात्रमें स्थापनकर तदनंतर सामान्य अर्घप्रदानकर भूतशुद्धि, प्राणायाम, अंगन्यास, पीठन्यास करे ।

ततः ऋष्यादिन्यासः । ततो देहन्यासः । यथा मूर्ध्नि ॐ भैरवाय नमः । एवं ललाटे भीमदर्शनाय नमः । नेत्रयोः भूताश्रयाय नमः । मुखे तीक्ष्णदर्शनाय नमः । कर्णयोः क्षेत्रपाय नमः । हृदि क्षेत्रपालाय नमः । नाभिदेशे क्षेत्राख्याय नमः । कट्यां सर्वाघनाशनाय नमः । ऊर्वोस्त्रिनेत्राय नमः । जंघयोः रक्तपाणिकाय नमः । पादयोः देवदेवेशाय । सर्वांग वटुकाय ।

तदनंतर । ऋष्यादि न्यास करे । तत्पश्चात् देहन्यास करे । जैसे मूर्ध्नि भैरवाय नमः इस मंत्रसे मस्तक स्पर्श करे । एवं ललाटादि, सर्वांगका स्पर्श करे । ललाटे भीमदर्शनाय नमः । नेत्रयोः भूताश्रयाय नमः । मुखे तीक्ष्णदर्शनाय नमः । कर्णयोः क्षेत्रपाय नमः ।

हृदि क्षेत्रपालाय नमः। नाभिदेशे क्षेत्राख्याय नमः। कंठयोः सर्वविनाशनाय नमः ऊर्वोः त्रिनेत्राय नमः। जंघयोः रक्तपाणिकाय नमः। पादयोः देवदेवेशाय नमः। सर्वांगे वटुकाय नमः। इस प्रकार अंगन्यास करे।

अथ करांगन्यासः। ॐ ह्रीं वाँ अंगुष्ठाभ्यां नमः इत्यादि। ॐ ह्रौं वाँ हृदयाय नम इत्यादि ततो मूलेन व्यापकं कृत्वा ध्यायेत्। ॐ वन्दे बालमित्यादि संपूज्य। द्वाविंशदक्षरञ्चैवं जपेद्रुद्रसहस्रकम्। अभिषेकं तर्पणञ्च यथाविधि समाचरेत्। एषा शांतिर्महाशांतिः कथिता तव श्रद्धया।

अब करांगन्यास कहाजाता है। ॐ ह्रां वां अंगुष्ठाभ्यां नमः इस मंत्रसे दोनों हाथोंके अंगूठोंका स्पर्श करे ॐ ह्रां वां हृदयाय नमः। इस मंत्रसे हृदयका स्पर्श करे। फिर मूलसे व्यापक कर ध्यान करे। ॐ वंदे बालमित्यादि इस ध्यान मंत्रसे ध्यानकरे। पूजनकर २२ अक्षरके मंत्रका ११ हजार जप करे। यथाविधान अभिषेक और तर्पण करे। हे देवि! यह महाशांति तुम्हारी श्रद्धासे वर्णन करी गई है।

अथ वशीकरणम्-पूर्ववत् संकल्प्य । राजसध्यानेन ॐ उद्यद्भास्करादि ध्यात्वा ।

अब वशीकरण प्रयोग कहाजाता है । पूर्ववत् संकल्प करके उद्यद्भास्करादि इस राजस ध्यानसे ध्यान करे ।

अथ स्तम्भनम्-अतः परं महादेवि पूजनं क्रूरकर्मणि । पूर्ववत् संकल्प्य । विद्वेषणोच्चाटनादिषु च क्रूरकर्मसु ध्यानम्-यथा ध्यायेन्नीलाद्रिकान्तमित्यादि ध्यात्वा संपूज्याऽयुतसहस्रसंख्याकमुक्तं शेषे अमुकं वशमानय स्वाहा इति मन्त्रजपकर्माहं करिष्ये ।

अब स्तम्भन प्रयोग कहाजाता है । हे महादेवि ! क्रूरकर्ममें पूजन विधान कहाजाता है । पूर्ववत् संकल्प करके कर्म आरंभ करे । विद्वेषण उच्चाटन आदि क्रूर कर्मोंमें ध्यान यथा ध्यायेन्नीलाद्रिकान्तम्० इस श्लोकद्वारा ध्यान करे । ध्यानकर पूजन करे । जप संख्या ॥ ११००० ॥

यन्त्रे पूजाक्रमः-पुनर्ध्यात्वा यन्त्रे पुष्पं निधाय आवाहनादिकं कुर्यात् । यथा । तत्र

क्रमः । मूलादि सद्योजातमन्त्रेणावाहनम् । यथा मूलं ॐ सद्योजातं प्रपद्यामि सद्योजाताय वै नमः । भवेऽभवेऽनातिभवेभजस्व मां भवोद्भवाय वै नमः । पिनाकधृगिहागच्छ इहागच्छ । पुनर्मूलमुच्चार्य ॐ वामदेवाय नमः एवं ज्येष्ठाय रुद्राय कालाय कलविकरणाय वलाय वलविकरणाय वलप्रमथनाय सर्वभूतदमनाय नमो नमः । उन्मनाय नमः इह तिष्ठ इह तिष्ठ मूलं इह सन्निधेहि ।

अब यन्त्रमें पूजन विधान कहाजाता है । फिर ध्यान कर यन्त्रमें पुष्प स्थापन कर आवहनादि करे । जैसे मूलादि सद्योजातं मंत्रसे आवाहन करे आवाहन मन्त्र यथा । ॐ सद्योजातं प्रपद्यामि सद्योजाताय वै नमः । भवेऽभवेनातिभवेभजस्व मां भवोद्भवाय वै नमः पिनाकधृग् इहागच्छ इहागच्छ फिर मूलका उच्चारण कर इन नाममन्त्रों द्वारा आवाहन करे ।

ॐ वामदेवाय नमः । ॐ ज्येष्ठाय नमः । ॐ रुद्राय नमः । ॐ कालाय नमः । ॐ कल-

विकरणाय नमः । ॐ कलाय नमः । ॐ बल-
विकरणाय नमः । ॐ बलप्रमथनाय नमः ।
ॐ सर्वभूतदमनाय नमोनमः । ॐ उन्मनाय
नमः । इह तिष्ठ इह तिष्ठ मूलं इह सन्निधेहि ।

इस प्रकार आवाहन कर पूजन करे ।

अघोरेण सन्निरोधनम् । पुनर्मूलं ॐ अघो-
रेभ्योऽथ घोरेभ्य घोरघोरतरेभ्यः ॥ सर्वेभ्यः
सर्वशर्वेभ्यो नमोऽस्तुते रुद्ररूपेभ्यः । इह
सन्निरुद्धस्व ।

घोर मंत्रसे सन्निरोधन करे । यही उपरोक्त घोर मन्त्र है ।

तत्पुरुषेण योनिमुद्राप्रदर्शनम् । पुनर्मूलम् ।
ॐ तत्पुरुषाय विद्महे महादेवाय धीमहि
तन्नो रुद्रः प्रचोदयात् । इति योनिमुद्रां
प्रदर्शयेत् ।

तत्पुरुषेण इस मंत्रसे मुद्रा दिखावे । फिर मूल मंत्रका जप करे ॐ तत्पुरुषाय विद्महे महादेवाय धीमहि तन्नो रुद्रः प्रचोदयात् इस शिवगायत्री मंत्रसे मुद्रा दिखावे ।

ईशानेन वन्दनमिति । पुनर्मूलम् । ओं ईशानः सर्वविद्यानमीश्वरः सर्वभूतानां ब्राह्मणोऽधिपतिर्ब्रह्माधिपतिर्ब्रह्माशिवोमेऽस्तु सदाशिव ॐ । शिवं वन्दयामि नमः । ततः प्राणप्रतिष्ठा । ॐ ह्रीं क्रों हंसः वटुकायनमः पशुपतेः शूलपाणेः प्राणाः इह प्राणाः जीव इह स्थितः । सर्वेन्द्रियाणि । चक्षुः श्रोत्रघ्राणप्राणाः इहागत्य सुखं चिरं तिष्ठन्तु स्वाहा । हुं इत्यवगुण्ठ्य । वमिति धेनुमुद्रयामृतीकृत्य छोटिकाभिर्दिग्बंधनं कृत्वा षडंगानि संपूज्य देवं पूजयेत् ।

"ईशान" इस मन्त्रसे वन्दना करे । फिर मूलज० । ॐ ईशानः सर्वविद्यानामीश्वरः सर्वभूतानां ब्रह्माधिपतिर्ब्रह्मा शिवोमेऽस्तु सदाशिवः ॐ शिवं वंदयामि नमः । इन मन्त्रोंसे शिवजीकी वंदना करे । फिर प्राणप्रतिष्ठा करे । ओं ह्रीं क्रों हंसः वटुकाय नमः। पशुपतेः शूलपाणेः प्राणाः इह प्राणाः। जीव इह स्थितः। सर्वेंद्रियाणि चक्षुःश्रोत्रघ्राणप्राणाः इहागत्य सुखं चिरं तिष्ठन्तु

स्वाहा इन मन्त्रोंद्वारा उक्त प्रतिमामें प्राणप्रतिष्ठा करे । हुं इस बीजका अवगुंठन कर 'वम्' इस बीजद्वारा धेनुमुद्रा दिखावे और अमृतीकरण करे छोटिका ( ताली ) द्वारा दिग्बन्धन और षडंग पूजनकर देवदेव श्रीशिवजीका पूजन करे ।

मूलमुच्चार्य एतत् पाद्यम् । ॐ महादेवाय सोममूर्तये बटुकात्मने पशुपतये शिवाय नमः । एवं क्रमेणार्घ्याचमनयादिकं दद्यात् । स्नाने तु विशेषः । यथा । अद्येत्यादि अमुकस्याऽशेषाशुभनिवृत्तिपूर्वकग्रहारिष्टोपशमनारोग्यायुर्वृद्धिकामनया शततोलकपरिमितदुग्धेन बटुकात्मकपशुपतेर्लिङ्गं स्नापयामि । ॐ सद्योजातं प्रपद्यामि इत्यादिना स्नापयेत् । ततो जलेन स्नापयित्वा । मूलम् । एष गन्धः । ॐ महादेवाय सोममूर्तये नमः पुष्पे तु अद्येत्यादि उक्तवत् कामनया बटुकात्मकपशुपतये शिवायाष्टोत्तरशतद्रोणपुष्पाण्यहं संप्रददे । मूल

मुच्चार्य ॐ महादेवाय सोममूर्तये नमः । इति मंत्रेण एकम् एकं कृत्वा दद्यात् । एवं विल्वपत्रम् । मधुपर्कं धूपदीपे तु गन्धवत् । नैवेद्यम् । अद्येत्यादिस्नानीयवत् कामनया एतत् सोपकरणशततोलकपरिमितातपतण्डुलनैवेद्यं बटुकात्मकपशुपतये शिवाय तुभ्यमहं संप्रददे ॐ महादेवाय सोममूर्तये नमः । शततोलकपरिमितसंविदा चूर्णपानीयं तांबूलं च पूर्ववत् संकल्प्य दद्यात् । इति ।

मूल मंत्र उच्चारण करे । ॐ महादेवाय सोममूर्तये वटुकात्मने पशुपतये शिवाय नमः । इस मन्त्रसे शिवजीको पाद्यप्रदान करे । इसी प्रकार अर्घ आचमन आदि प्रदान करे । परन्तु स्नानमें कुछ विशेषता है । यथा । प्रथम संकल्पकरे । संकल्प यह है । अद्येत्यादि अमुकस्याशेषाऽशुभनिवृत्तिपूर्वकग्रहारिष्टोपशगनाऽरोग्यायुर्वृद्धिकामनया शततोलकपरिमितदुग्धेन वटुकात्मकपशुपतेर्लिङ्गं स्नापयामि । ॐ सद्योजातं प्रपद्यामि इत्यादिना स्नापयेत् । इस मंत्रसे शिवको स्नान करावे फिर जलसे स्नान करावे और मूल मंत्रका जप करे । महा देवाय सोममूर्तये नमः । इस

मंत्रसे गन्ध प्रदान करे पुष्पभी संकल्पपूर्वक चढाने/योग्य हैं । यह सकल्प है । अद्येत्यादि अमुकस्याशेषाऽशुभनिवृत्तिपूर्वक ग्रहारिष्टोपशमनाऽरोग्यायुर्वृद्धिकामनया बटुकात्मकपशुपतये शिवायाष्टोत्तरशतद्रोणपुष्पाण्यहं सम्प्रददे । तत्पश्चात् मूलमंत्र उच्चारण कर ॐ महादेवाय सोममूर्तये नमः इस मंत्रसे एक २ पुष्प शिव प्रतिमाके ऊपर चढावे । इसी प्रकार बिल्वपत्रभी चढाना मधुपर्क धूप, दीप, गन्धके तुल्य चढाना संकल्पपूर्वक नैवेद्यभी अर्पण करै यह संकल्प है । अद्येत्यादि अमुकस्याऽशेषाऽशुभनिवृत्तिपूर्वकग्रहाऽरिष्टोपशमनाऽऽरोग्यायुर्वृद्धिकामनया एतत् सोपकरणशततोलकपारिमितातपतण्डुलनैवेद्यं बटुकात्मकपशुपतये शिवाय तुभ्यमहं संप्रददे । इस प्रकार नैवेद्य प्रदानकर तांबूल पूगीफल आदि भी संकलप द्वारा अर्पण करे । संकल्प पूर्ववत् जानना ।

वशीकरणमन्त्रे । मूलमुच्चार्य ओं भवाय जलमूर्तये बटुकात्मने शिवाय नमः । एवं क्रमेण पूजयेत् । एवमर्घाचमनीयं दद्यात् । स्नाने तु अद्येत्यादि-अमुकस्यामुकवशीकरणार्थं शततोलकपरिमितघृतेन मधुना वा बटुकात्मकपाशुपताशिवलिङ्गं स्नाप-

यामि । मूलमुच्चार्य । एष गन्धः ॐ भवाय जलमूर्तये पुष्पे तु अद्येत्यादि अमुकस्यामुकवशीकरणार्थम् अष्टोत्तरशतद्रोणपुष्पं वटुकात्मने पशुपतिशिवायाऽहं सम्प्रददे । मूलमुच्चार्य एतत् द्रोणपुष्पं ॐ भवाय जलमूर्तये नमः इति प्रत्येकम् । एवं बिल्वपत्रम् । धूपदीपे तु ॐ भवाय जलमूर्तये नमः नैवेद्यं तु अद्येत्यादि अमुकस्यामुकवशीकरणार्थंशततोलकपरिमितसोपकरणनैवेद्यं ॐ बटुकात्मकपशुपतिशिवायाऽहं सम्प्रददे मूलमुच्चार्य एतत् सोपकरणशततोलकपरिमितनैवेद्यं साम्विदाचूर्णञ्च ॐ भवाय जलमूर्तये नमः । ततः पानार्थोदकम् आचमनीयं ताम्बूलं च दद्यात् ।

अब वशीकरण मन्त्रका विधान कहाजाता है मूल मंत्रका उच्चारण करे । ॐ भवाय जलमूर्तये वटुकात्मने शिवाय नमः इस क्रमानुसार पूजन करे । इसही क्रमानुसार अर्घ, आचमन

आदि प्रदान करे । स्नानविषयमें संकल्प करे । यह संकल्प है । अद्येत्यादि अमुकस्याऽमुकवशीकरणार्थं शततोलकपरिमितघृतेन मधुना वा वटुकात्मकपशुपतिशिवलिंगं स्नापयामि । मूलमंत्रको उच्चारण कर ॐ भवाय जलमूर्तये नमः इस मंत्रसे गंध प्रदान करे । पुष्प संकल्प द्वारा प्रदान करे । संकल्प यह है अद्येत्यादि अमुकस्यामुकवशीकरणार्थम् अष्टोत्तरशतद्रोणपुष्पं वटुकात्मने पशुपतिशिवायाऽहं सम्प्रददे । मूलमंत्र उच्चारण कर ॐ, भवाय जलमूर्तये नमः इस मन्त्रसे पृथक् पृथक् द्रोण( दोहना ) पुष्प चढावे इसी प्रकार बिल्वपत्रभी चढावे । ॐ भवाय जलमूर्तये नमः । इस मंत्रसे धूप दीप प्रदान करे । नैवेद्य संकल्पपूर्वक प्रदान करे । संकल्प यह है अद्येत्यादि अमुकस्यामुकवशीकरणार्थ शततोलकपरिमितसोपकरणनैवेद्यं ॐ वटुकात्मकपशुपतिशिवाय संप्रददे । मूल मंत्रको उच्चारण कर ॐ भवाय जलमूर्तये नमः इस मंत्रद्वारा नैवेद्य जल तांम्बूल पूगीफल आदि प्रदान करे ।

ततः अष्टावरणं पूजयेत् । ततोष्टमूर्तिं पूजयेत् । ततो मूलेन पुष्पाञ्जलित्रयं दत्त्वा संकल्प्य शिवसहस्रसंख्याकं तन्मन्त्रं जपेत् । शान्तिकादौ क्रूरकर्मण्यपि । ततो मुद्रादिना जपं समाप्य स्तोत्रादिकं पठेत् ।

तदनन्तर अष्टावरण पूजन करे । फिर अष्टमूर्तिका पूजन करे । पुनः मूलमंत्रसे तीन पुष्पाञ्जलि प्रदानकर ११ हजार इस मंत्रका जप करे । शांतिकादि क्रूर कर्ममें भी तदनन्तर गुह्यादिसे मंत्र जपको समाप्त कर स्तोत्रादिका पाठ करे ।

ततो बलिदानम्–यथा मूलमुच्चार्य वटुकभैरवाय एष बलिर्नमः । भैरवपरिवारगणैः सह मम शत्रून् सरुधिरं पिब पिब इमं बलिं गृह्ण गृह्ण स्वाहा । ॐ शत्रुपक्षस्य रुधिरं पिशितं च दिने दिने । भक्षय स्वगणैः सार्द्धं सारमेयसमन्वितम् ॥ ततो विहित-द्रव्यैः अष्टोत्तरशतं सहस्रं वा होमयेत् ।

अब बलिदान प्रकार कहाजाताहै । मूल मंत्रको उच्चारण कर वटुकभैरवाय एष बलिर्नमः । इस मंत्रसे बलिप्रदान करे । भैरवपरिवारगणैः सह मम शत्रून् सरुधिरं पिब पिब इमं बलिं गृह्ण गृह्ण स्वाहा । बलिप्रदानके समय इस मंत्रका उच्चारण करे । ॐ शत्रुपक्षस्य रुधिरं पिशितं च दिने दिने । भक्षयस्वगणैः सार्द्धं सारमेयसमन्वितम् । यह समस्त मंत्र बलिप्रदानके समय उच्चारण करने तत्पश्चात् पीछे कहेहुये कर्मानुसार द्रव्योंसे १०८ अथवा १००० आहुति प्रदान कर हवन करे ।

वशीकरणे तु घृताक्तराजिकाभिरष्टोत्तरसहस्र-होमः । शान्त्यर्थं दूर्वादिकम् । क्रूरकर्मणि बिल्वपत्रम् । उच्चाटने तु ॐ ह्रीं श्रीं हुं शिवाय स्वाहा । इति विशेषः । दक्षिणां वटुकात्मकपशुपतये शिवाय तुभ्यमहं सम्प्रददे । श्वेतसर्षपं लवणमिति ।

वशीकरण प्रयोगमें घृत मिश्रित राईसे १००८ बार हवन करे शांतिके लिये दूर्वादिकसे हवन करे । क्रूर कर्ममें बिल्वपत्रसे हवन करे । उच्चाटन प्रयोगमें ॐ ह्रीं श्रीं हुं शिवाय स्वाहा मंत्रमें इतनी विशेषता है संकल्प द्वारा दक्षिणा प्रदान करे श्वेत सरसों अथवा लवणसे हवन करे ।

इति क्रियोड्डीशे महातंत्रराजे उमामहेश्वरसंवादे

त्रयोदशः पटलः ॥ १३ ॥

---

अथ षट्कर्मणां कवचं शत्रुमर्दनम् ।

श्रीदेव्युवाच । श्रुतं वटुकमाहात्म्यं पूर्णविस्मय-यकारकम् । इदानीं श्रोतुमिच्छामि कवचं वै षट्कर्मणाम् ॥

अब शत्रु विनाशकारक षट्कर्म कवच कहाजाता है । श्रीदेवीजी कहने लगीं । हे भगवन् ! आपके प्रसादसे महाविस्मयकारक बटुकमाहात्म्य श्रवण किया अब मेरी षट्कर्म कवच श्रवण करनेकी इच्छा है कृपापूर्वक वर्णन कीजिये ।

श्रीईश्वर उवाच । शृणु देवि प्रवक्ष्यामि यन्मां त्वं परिपृच्छसि । श्रवणात् पठनाद्वापि शत्रुनाशाय तत्क्षणात् ।

शिवजी कहनेलगे । हे देवि ! श्रवण करो तुम्हारी प्रीतिके अर्थ मैं षट्कर्म कवच वर्णन करताहूं इस कवचके पाठ करनेसे शत्रुका नाश होता है ।

श्रीदेव्युवाच । त्रैलोक्यमोहनार्थंतु कवचं मे प्रकाशय । त्रैलोक्यशत्रुसंहर्तुं नाशितुं यत्क्षमं भवेत् ॥ एवमुक्तो महादेवः क्रुद्धो भूत्वा जगत्पतिः । देवीं प्रबोधयामास वाक्येनामृतवर्षिणा ।

देवीजी कहनेलगीं । भगवन् तीनों लोकोंके मोहनार्थ मेरे प्रति कवचका वर्णन करो । जिस कवचके पाठमात्रहीसे तीनों

लोकोंके शत्रुओंका समुदाय माश नाश हो । इस प्रकार श्रीशिवजी महाराज देवीजीकी वाणी श्रवणकर महाक्रोध हो देवीजीसे कहने लगे ।

श्रीमहादेव उवाच ।

परानिष्टे महादेवि कुतस्ते जायते मतिः ।

हे महादेवि ! पराये अनिष्टको जो चिंतन करती हो न जाने ऐसी विपरीत बुद्धि तुमको कहाँसे उत्पन्नहुई है ।

श्रीदेव्युवाच । जिघांसन्तं जिघांसीयान्न तेन ब्रह्महा भवेत् । ये यथा मां प्रपद्यन्ते श्रुतिरस्ति पुरातनी । यदि ते वर्तते देव दया हि कथ्यतां मयि । शत्रूणां प्राणनाशार्थमुच्चाटनवशीकृतौ । तेषां हि वक्ष्नाशार्थं सर्वदा प्रयता नराः ।

श्रीदेवीजी कहने लगी । भगवन् यह पुरानी श्रुति है कि मारनेवालेको अवश्य मारे उसके मारनेसे ब्रह्महत्या दोष नहीं लगता । हे देव ! यदि आपकी कृपा मेरे ऊपर है तो दयाकर शत्रुके प्राणनाश करनेवाले उच्चाटन तथा वश्य आदि प्रयोगोंको कहिये क्योंकि सर्वकालमें मनुष्य निज शत्रुके नाशके लिये यत्न किय ही करते हैं ।

ईश्वर उवाच । शृणु देवि महाभागे कालाग्नि-प्राणवल्लभे । यस्य धारणमात्रेण शत्रूणां नाशनं भवेत् ॥ धृत्वा तु पादमूलेन स्पृष्ट्वा दास इवाचरेत् । शरणागतमात्रन्तु नाशितुं नैव शक्यते ॥ शृणु देवि महाभागे सावधानावधारय । शत्रूणां प्राणनाशार्थं कुपितः काल एव सः ।

श्रीशिवजी कहनेलगे । हे कालाग्निप्राणवल्लभे ! महादेवि श्रवण करो कि जिस कवचराजके धारण करनेमात्रहीसे शत्रु नाश होताहै । इस कवचराजको पादमूलमें धारण कर शत्रुका स्पर्श करे तो शत्रु दासकी नाईं आज्ञा पालन करनेमें प्रवृत्तहो फिर क्या जरूरत है उसके प्राण नाश करनेकी क्योंकि शरणागतके प्राणनाश करनेमें प्रायश्चित्त है । हे देवि ! हे महाभागे ! सावधान हो श्रवण करो कि यह कवचराज शत्रुके प्राण नाश करनेमें कुपित कालके तुल्य है ।

दशवक्त्रा दशभुजा दशपादाञ्जनप्रभा । कोटिसूर्यप्रभा काली मम शत्रून् विनाशय । नाशयित्वा क्षणं देवि अन्यशत्रुं विनाशय । क्रीं

क्रीं क्रीं उग्रप्रभे विकटदंष्ट्रे परपक्षं मोहय मोहय पच पच मथ मथ दह दह हन हन मारय मारय ये मां हिंसितुमुद्यता योगिनीचक्रैस्तान् वारय वारय छिन्धि छिन्धि भिन्धि भिन्धि करालिनि गृह्ल गृह्ल ओं क्रींक्रीं क्रींक्रीं स्फूरस्फूर पूरपूर पूनपून चूलयचूलय धकधक धमधम मारय मारय सर्वजगद्वशमानय ओं नमः स्वाहा ।

यह भद्रकालीका कवच कहाजाता है । दशमुखवाली, दश-पाद, दशभुजा, अञ्जनपर्वतके तुल्य कृष्णवर्णवाली, करोडों सूर्यकान्तिसे शोभित, महाकाली क्षणमात्रमें मेरे भूत भविष्य वर्तमान शत्रुओंका नाश करे । यह कवचहै क्रीं क्रीं क्रीं उग्रप्रभे विकट दंष्ट्रे परपक्षं मोहयमोहय, पचपच, मथमथ, दहदह, हनहन, मारयमारय, ये मां हिंसितुमुद्यता योगिनीचक्रैस्तान् वारय वारय छिन्धिछिन्धि, भिन्धिभिन्धि, करालिनि गृह्लगृह्ल, ओं क्रीं क्रीं क्रीं क्रीं स्फूरस्फूर, पूरपूर, पूनपून चूलयचूलय, धकधक, धमधोम मारयमारय, सर्वजगद्वशमानय ओं नमः स्वाहा ।

इति ते कवचं देवि भद्रकाल्याः प्रचोदितम् ।
भूर्जे विलिखितश्चैतत् स्वर्णस्थं धारयेद्यदि ।
शिखायां दक्षिणे बाहौ कण्ठे वा धारयेद्यदि ।
त्रैलोक्यं मोहयेत् क्रोधात् त्रैलोक्यं चूर्णयेत् क्षणात् ॥ पुत्रवान्धनवान्धीमान् नानाविद्यानिधिर्भवेत् । ब्रह्मास्त्रादीनि शस्त्राणि तद्गात्रस्पर्शनात्ततः ॥ शत्रवो नाशमायान्ति रजतेन प्रधारितम् । मासमात्रेण शत्रूणां महाविपद्कारणम् ॥ यंयं शत्रुं स्मरन्मर्त्यः कवचं पठति ध्रुवम् । तंतं नाशयते सद्यस्तथ्यं ते तद्वदाम्यहम् । धारणे भजते शत्रुः कण्ठशोषं सदा भवेत् । हृत्कम्पो जायते तावद्यावत्तस्य कृपा न चेत् ॥

हे देवि ! इस प्रकार श्रीभद्रकालीजीका कवच तुम्हारे प्रति वर्णन किया यदि इस कवचराजको गोरोचन आदि द्रव्योंसे भोजपत्रके ऊपर लिखकर सुवर्णके तावीजमें बन्दकर शिखा,

दक्षिण बाहु, अथवा कण्ठमें धारण करे तो क्रोधपूर्वक तीन लोकोंको मोहितकर तत्क्षणस्वाधीन करनेमें समर्थ हो, और पुत्रार्थी पुत्रको प्राप्त होय, धनार्थी धनको, विद्यार्थी नाना प्रकारकी विद्याओंको प्राप्त हो इसमें किसी प्रकारका सन्देह नहीं है। यदि इस यंत्रराजको उक्त विधानानुसार लिखकर चांदीके तावीजमें बन्दकर उक्त स्थानोंमें धारणकरे तो अवश्य धारण करनेवालेके शरीरके स्पर्श मात्रहीसे ब्रह्मादि अस्त्र शस्त्र शत्रुका नाश करनेमें समर्थ होय। इस प्रयोगके अनुष्ठान करनेसे एक मासके भीतर २ शत्रुओंको महा विपत्ति प्राप्त होजाती है। प्रयोगकर्त्ता जिस व्यक्तिका चिन्तवन कर इस प्रयोगका आरम्भ करेगा, अवश्य उस व्यक्तिका नाश होगा। शत्रुका ध्यानकर यदि यह कवचराज निज कण्ठदेशमें धारण कियाजाय तो शत्रुका कण्ठ सूखने लगे और शरीर कांपने लगे, जबतक भद्रकालीकी कृपा न हो कांपाही करे॥ इति कवचम्॥

अथ रिपुनाशकवचम्।

**ईश्वर उवाच॥ त्रिकालं गोपितं देवि कलिकाले प्रकाशितम्। न वक्तव्यं न द्रष्टव्यं तव स्नेहात् प्रकाश्यते॥ काली दिगम्बरी देवि जगन्मोहनकारिणी। तच्छृणुष्व महादेवि त्रैलोक्यमोहनन्त्विदम्।**

श्रीशिवजी कहनेलगे । हे देवि ! यह कवचराज सत्ययुगादि तीनों कालोंमें गुप्त रहा परन्तु अब इस कराल कलिकालके समयमें यह कवचराज प्रकाशित हुआ है इसमें तुम्हारा प्रेमही कारण है अन्यथा यह देवताओंको भी अलभ्य कवचराज प्रकाशके योग्य न था, "अच्छा" अब तुम यह कवचराज न तो किसीको देना और न किसीको दिखाना। हे प्रिये ! जगत्को मोह करनेवाली काली दिगम्बराके प्रयोगको वर्णन करता हूं सुनो । हे महादेवि ! यह महाप्रयोग तीनों लोकोंको मोहित करनेवाला है ।

अस्य महाकालभैरवऋषिः । अनुष्टुप्छन्दः । श्मशानकालिका देवता सर्वमोहने विनियोगः । ऐं क्रीं क्रूं क्रः स्वाहा विवादे पातु मां सदा । क्रीं दक्षिणकालिकादेवतायै सभामध्ये जयप्रदा ॥ क्रीं क्रीं श्यामाङ्गिन्यै शत्रुं मार मारय । ह्रीं क्रीं क्रीं क्रीं त्रैलोक्यं वशमानय । ह्रीं श्रीं क्रीं मां रक्ष रक्ष विवादे राजगोचरे द्वाविंशत्यक्षरी ब्रह्म सर्वत्र रक्ष

मां सदा ॥ कवचे वर्जितं यत्र तत्र मां पातु का-
लिका । सर्वत्र रक्ष मां देवि श्यामा तूग्ररूपरू-
पिणी ॥ एतेषां परमं मोहं भवद्भाग्ये प्रकाशि-
तम् । सदा यस्तु पठेद्वापि त्रैलोक्यं वशमानयेत् ॥
इदं कवचमज्ञात्वा पूजयेद्घोररूपिणीम् । सर्वदा
स महाव्याधिपीडितो नात्र संशयः ॥ अल्पायुः
स भवेद्रोगी कथितं तव नारद । धारणं कवच-
स्यास्य भूर्जपत्रे विशेषतः । स यन्त्रं कवचं धृत्वा
इच्छासिद्धिः प्रजायते । शुक्लाष्टम्यां लिखेन्मंत्री
धारयेत् स्वर्णपत्रके ॥ कवचस्यास्य माहात्म्यं
नाहं वक्तुं महात्मने । शिखायां धारयेद्योगी
फलार्थी दक्षिणे भुजे ॥ इदं कल्पद्रुमं देवि तव
स्नेहात् प्रकाश्यते । गोपनीयं प्रयत्नेन पठनीयं
महाशुभे ।

इस कवचका महाकालभैरव ऋषि, अनुष्टुप् छंद, श्मशान कालिका देवता है । और सर्व मोहनार्थ यह विनियोग है । ऐं क्रीं क्रूं क्रः स्वाहा विवादे पातु मां सदा । क्रीं दक्षिणकालिका-देवतायै सभामध्ये जयप्रदा । क्रीं क्रीं श्यामांगिन्यै शत्रुं मारय-मारय ह्रीं क्रीं क्लीं त्रैलोक्यं वशमानय ह्रीं श्रीं क्रीं मां रक्षरक्ष विवादे राजगोचरे द्वाविंशत्यक्षरी ब्रह्म सर्वत्र रक्ष मां सदा ( यह कवच मन्त्र है इनकी भाषाकी कोई ऐसी आवश्यकता प्रतीत नहीं होती अतः नहीं लिखी ) रक्षा रहित स्थानमें कालिका देवी मेरी रक्षा करें उग्र स्वरूपिणी श्यामा सदा सर्व स्थानमें मेरी रक्षा करें । यह परम मोहन कवच है । हे प्रिये ! तुम्हारे भा-ग्यार्थ प्रकाशित किया गया है । जो मनुष्य सदा इस कव-चका पाठ करते हैं तीनों लोक उनके वशमें हैं विना इस कव-चके जाने जो मनुष्य घोररूपिणी कालिकाका पूजन करेंगे अवश्य सर्वदा वह मनुष्य महाव्याधियोंसे पीडित रहेंगे । वह मनुष्य अल्पायु और सदा रोगी रहेंगे । हे नारद ! यह बात सत्य जानो । विशेषकर भोजपत्रके ऊपर लिखकर इस यन्त्रको धारण करे । यत्नपूर्वक इस कवचके धारण करनेसे इच्छासिद्धि होती है । शुक्लपक्षकी अष्टमीको भोजपत्रके ऊपर लिख कर धारण करे स्वर्णपत्रमें बंद करके हे महात्मन् ! इस कवचके माहात्म्यको वर्णन करनेक लिये मैं समर्थ नहीं हूं । योगी शि॰

खामें धारण करे, फलार्थी दक्षिण भुजामें धारण करे हे देवि ! यह कल्पद्रुम तुम्हारे स्नेहसे प्रकाशित किया है । परन्तु सर्वथा यह कल्पद्रुम गुप्त रखने योग्य है ।

श्रीविष्णुरुवाच–इत्येवं कवचं नित्यं महालक्ष्मि प्रपठ्यताम् । अवश्यं वशमायाति त्रैलोक्यं सचराचरम् । शिवेन कथितं पूर्वं नारदे कलहास्पदे । तत्पाठान्नारदेनापि मोहितं सचराचरम् ।

*श्रीविष्णुभगवान् कहने लगे हे महालक्ष्मि ! इस प्रकार यह* शत्रुमर्दन कवच पढना योग्य है अवश्य तीनों लोक वशमें आजाते हैं । शत्रुवर्गसे विह्वल नारदजीके प्रति श्रीशिवजी महाराजने यह कवचराज वर्णन किया था इसके पाठ करनेसे नारदजीने भी सचर तथा अचर जीवमात्रको मोहित करलिया ॥ इति कवच समाप्त ॥

इति श्रीक्रियोड्डीशे महातंत्रराजे देवीश्वरसंवादे चतुर्दशः पटलः १४

---

अथ सर्वरक्षाकरं कवचम् ।

श्रीदेव्युवाच–भगवन्देवदेवेश सर्वाऽऽम्नायप्रपूजित । सर्वं मे कथितं देव कवचं न प्रका-

शितम् ॥ प्रासादाख्यस्य मंत्रस्य कवचं मे प्रकाशय । सर्वरक्षाकरं देव यदि स्नेहोऽस्ति सम्प्रति ।

श्रीदेवीजी कहनेलगीं । हे भगवन् ! हे देवदेवेश ! हे सर्वाम्नायपूजित ! देव ! सब कुछ आपने मेरे सन्मुख वर्णन किया परन्तु कवचका वर्णन नहीं किया सो अब कृपापूर्वक प्रासादाख्य मंत्रका कवच वर्णन कीजिये जो कि सर्व रक्षाओंका करनेवाला है ।

श्रीभगवानुवाच–प्रासादमन्त्रकवचस्य वामदेव-ऋषिः । पंक्तिश्छन्दः । सदाशिवो देवता । साधकाभीष्टसिद्ध्यै विनियोगः प्रकीर्तितः। शिरो मे सर्वदा पातु प्रासादाख्यः सदाशिवः । षडक्षरस्वरूपो मे वदनं च महेश्वरः ॥ पंचाक्षरात्मा भगवान् भुजौ मे परिरक्षतु । मृत्युञ्जयस्त्रिबीजात्मा आयू रक्षतु मे सदा ॥ वटमूलसमासीनो दक्षिणामूर्तिरव्ययः। सदा मां सर्वतः पातु षट्त्रिंशद्-

र्णरूपधृक् ॥ द्वाविंशार्णात्मको रुद्रः कुक्षौ मे परिरक्षतु । त्रिवर्णात्मा नीलकण्ठः कण्ठं रक्षतु सर्वदा ॥ चिन्तामणिर्बीजरूपे ह्यर्धनारीश्वरो हरः । सदा रक्षतु मे गुह्यं सर्वसम्पत्प्रदायकः ॥ एकाक्षरस्वरूपात्मा कूटरूपी महेश्वरः । मार्तंडभैरवो नित्यं पादौ मे परिरक्षतु ॥ ओमित्याख्यो महाबीजस्वरूपस्त्रिपुरान्तकः । सदा मां रणभूमौ तु रक्षतु त्रिदशाधिपः ॥ ऊर्ध्वमूर्द्धानमीशानो मम रक्षतु सर्वदा । दक्षिणस्यां तत्पुरुषो अव्यान्मे गिरिनायकः ॥ अघोराख्यो महादेवः पूर्वस्यां परिरक्षतु । वामदेवः पश्चिमस्यां सदा मे परिरक्षतु ॥ उत्तरस्यां सदा पातु सद्योजातस्वरूपधृक् ॥

श्रीविष्णुभगवान् कहनेलगे । प्रासादमंत्र कवचका वामदेव ऋषि पंक्तिश्छंद, सदाशिव देवता है साधकअभीष्टसिद्धिके अर्थ विनियोग है । प्रासादाख्य सदाशिव मेरे शिरोभागकी रक्षा

करें, षडक्षर स्वरूप महेश्वर मेरे मुखकी रक्षा करें । पंचाक्षरात्मा भगवान् शिव मेरी दोनों भुजाओंकी रक्षा करें । त्रिवीजात्मा मृत्युंजय सदा मेरी आयुकी रक्षा करें । वटवृक्षकी मूलमें स्थित अव्यय दाक्षिणामूर्ति, षट्त्रिंशत् ( ३६ ) अर्णरूप धारण करनेवाले सदाशिव सर्वदा समस्त स्थानोंमें मेरी रक्षा करें । द्वाविंशवर्णात्मक रुद्रदेव मेरी दोनों कुक्षियोंकी रक्षा करें । त्रिवर्णात्मक नीलकंठ मेरे कंठकी रक्षा करें । चिंतामणि, सर्व नाडियोंमें बीजरूप ईश्वर हर सदा मेरे गुह्य देशकी रक्षा करें । सर्वसम्पत्प्रदाता एकाक्षर स्वरूपात्मा, कूटरूपी महेश्वर, मार्तंड, भैरव, नित्य मेरे पादकी रक्षा करें ॐ इस आख्या (नाम) को धारण करनेवाले, महाबीजस्वरूप त्रिपुरांतक, त्रिदशाधिप, सदा संग्रामभूमिमें मेरी रक्षा करें । ईशान ऊर्ध्वभागमें मेरी रक्षा करें । गिरिनायक तत्पुरुष दक्षिण दिशामें मेरी रक्षा करें । अघोराख्य महादेव पूर्वदिशामें मेरी रक्षा करें । वामदेव पश्चिम दिशामें मेरी रक्षा करें । सद्योजात स्वरूपधृक् उत्तर दिशामें मेरी रक्षा करें ।

इत्थं रक्षाकरं देवि कवचं देवदुर्लभम् । प्रातः-
काले पठेद्यस्तु सोऽभीष्टफलमाप्नुयात् ॥ पूजा-
काले पठेद्यस्तु साधको दक्षिणे भुजे । देवा

मनुष्या गन्धर्वा वश्यास्तस्य न संशयः । कवचं यस्तु शिरसि धारयेद्यदि मानवः ॥ करस्था-स्तस्य देवेशि अणिमाद्यष्टसिद्धयः । स्वर्णपत्रे त्विमां विद्यां शुक्लपट्टेन वेष्टिताम् ॥ राजतोदरसं-विष्टां कृत्वा च धारयेत्सुधीः । संप्राप्य महतीं लक्ष्मीमन्त्रं च शिवरूपधृक् । यस्मै कस्मै न दातव्यं न प्रकाश्यं कदाचन ॥ शिष्याय भक्ति-युक्ताय साधकाय प्रकाशयेत् । अन्यथा सिद्धि-हानिः स्यात् सत्यमेतन्मनोरमे ॥ तव स्नेहान्म-हादेवि कथितं कवचं शुभम् । न देयं कस्य चिद्भद्रे यदीच्छेदात्मनो हितम् ॥ योऽर्चयेद्गन्ध-पुष्पाद्यैः कवचं मन्मुखोदितम् । तेनार्चिता महादेवि सर्वे देवा न संशयः ॥

हे देवि ! इसप्रकार देवताओंको दुर्लभ इस कवचराजका जो मनुष्य प्रातःकालके समय पाठ करते हैं उनको वांछासिद्धि प्राप्त

होती है । जो साधक लोग पूजन समय इस कवचराजको दक्षिण भुजामें रख पाठ करते हैं उनके वश्य ( आधीन ) देव, मनुष्य, गन्धर्व रहते हैं, इसमें किसी प्रकारका संदेह नहीं है । जो मनुष्य कवचको शिरमें धारण करते हैं, हे देवि उन साधकोंके हाथमें ही अणिमादि अष्टसिद्धियां वास करती हैं । इस कवचको स्वर्णक पत्र ( तावीज ) में बंदकर श्वेत पट्टवस्त्रसे वेष्टित करे । अथवा चांदीके तावीजमें बंद कर सफेद रेशमके सूतसे पं वर भुजा या कंठदेशमें धारण करे तो महालक्ष्मीकी प्राप्ति हो और अंतकालमें शिवरूप होके कैलासमें वास करे परन्तु स्त्रीको वाम भुजा और पुरुषको दक्षिण भुजामें यह यंत्र राज धारण करना योग्य है । साधकके विना अन्य किसी धूर्त पुरुषको यह यंत्रराज न देना और न प्रकाश करना भक्तियुक्त शिष्यके निकट प्रकाश करना अन्यथा व्यवहार करनेसे सिद्धि हानि होती है, हे महादेवि ! यह कवच तुम्हारे स्नेहसे कहागया है, हे भद्रे ! अपने शुभकी इच्छा करनेवाला साधक यह कवचराज जिस किसीको न दे । हे महादेवि ! जो साधक मेरे मुखसे निकले इस कवचराजका गंध पुष्पादिसे पूजन करते हैं मानों उन्होंने समस्त देवताओंका पूजन कर लिया इसमें किसी प्रकारका संदेह नहीं ।

इति श्रीउड्डीशे महातन्त्रराजे देवीश्वरसंवादे पंचदशः पटलः ॥ १५ ॥

अथ त्र्यम्बकमृत्युञ्जयमन्त्रः ।

श्रीदेव्युवाच—इदानीं श्रोतुमिच्छामि पूर्वमुक्तं च त्र्यम्बकम् । प्रभेदं कथितं देव शान्ति मृतसंजीवनीम् ॥

श्रीदेवीजी कहनेलगीं । हे देव ! अब त्र्यंबक प्रयोगके श्रवण करनेकी इच्छा है ।

ईश्वर उवाच । शृणु देवि प्रवक्ष्यामि यन्मां त्वं परिपृच्छसि ॥ मातॄणां तिसृणामम्ब गर्भजातो यतो हरः ॥ अतस्त्र्यम्बक इत्युक्तं मम नाम महेश्वरि । वशिष्ठोऽस्य ऋषिः प्रोक्तश्छन्दोऽनुष्टुबुदाहृतः । देवताऽस्य समुद्दिष्टस्त्र्यम्बकःपार्वतीपतिः । विभक्तैर्मन्त्रवर्णैश्च षडंगानां च कल्पनाम् ॥ ततश्च वह्निबीजेन समन्ताज्जलधारया । प्राचीरं चिन्तनं कुर्यात्ततः संकल्पमाचरेत् ॥ पुनः संकल्पं देवेशि भूतशुद्ध्यादिकं च यत् । ततः पश्चात् करन्यासं कुर्याच्च मम सुन्दरि ।

श्रीशिवजी कहनेलगे। हे देवि! सुनो, जो तुम मुझसे बूझती हो, मैं हर तीन मात्रिकाओंके गर्भसे उत्पन्न हूँ। हे महेश्वरि! इसी कारण मेरा नाम त्र्यम्बक है। इसका वसिष्ठ ऋषि, छंद अनुष्टुप् है पार्वतीपति सदाशिव इसके देवता हैं, विभक्त मंत्रवर्णोंसे षडंगकल्पना करनी। फिर वह्निबीजसे जलधारा प्रक्षेप करे। प्राचीर चिन्तवन कर संकल्प करे। तत्पश्चात् भूतशुद्धि करन्यास करे।

**त्र्यम्बकं अंगुष्ठाभ्यां नमः। यजामहे तर्जनीभ्यां स्वाहा। सुगंधिं पुष्टिवर्धनं मध्यमाभ्यां वषट्। उर्वारुकमिव वन्धनादनामिकाभ्यां हुम्। मृत्योर्मुक्षीय कनिष्ठाभ्यां वौषट्। मामृतात् करतलपृष्ठाभ्यां फट्। एवं हृदादिषु।**

अब न्यास कहे जाते हैं। त्र्यम्बकं अंगुष्ठाभ्यां नमः। दोनों हाथोंके अंगूठोंको दोनों हाथोंकी तर्जनी अंगुलियोंसे स्पर्श करे। यजामहे तर्जनीभ्यां स्वाहा। इस मंत्रसे दोनों हाथोंकी तर्जनीअंगुलियोंको दोनों हाथोंके अंगुठोंसे स्पर्श करे। एवं पांचों अंगुलियोंके और करतलपृष्ठको उक्त मन्त्रों द्वारा स्पर्श करताजाय इसी प्रकार हृदयादिन्यास करे।

ततो द्वात्रिंशन्मन्त्रवर्णान्न्यसेत् । पूर्वपश्चिमयाम्योत्तरेषु वक्त्रेषु ४ । उरोगलोर्ध्वास्ये ३ । पुनर्नाभिहृत्पृष्ठकुक्षिषु ४ । लिंगपायूरुमूलान्ते६। जानुयुग्मे २ । गुल्फयोर्युग्मे २ । स्तनयोः २ । पार्श्वयोः २ पादयोः २ । पाण्योः २ । नासिकयोः २ । शीर्षे १ । मन्त्रवर्णान्न्यसेत्क्रमात् पुनस्ततः पादाद्येकादशस्थानेषु न्यसेत् । शिरो १ भ्रूयुगला १ क्षिपु १ वक्त्रे १ गण्डयुगे १ भुजयोः २ हृदये १ जठरे १ पुनः गुह्यो १ रू १ जानु १ पादेषु १ न्यासमेवं समाचरेत् ।

तत्पश्चात् ३२ वर्णोंद्वारा न्यास करे । पूर्व, पश्चिम, दक्षिण, उत्तर मुखमें ४ । वक्षस्थल, गलप्रदेश, ऊर्ध्वमुखमें न्यास करे ३। फिर नाभि, हृदय, पीठ, कुक्षिओंमें न्यास करे ४ । पुंसचिह्न गुदप्रदेश, जंघामूलांतमें न्यास करे ६ । दोनों जानुओंमें न्या० २ । दोनों गुल्फोंमें न्या० २ दोनों स्तनोंमें न्यास करे २ । दोनों पार्श्वोंमें न्या० २ । दोनों चरणोंमें न्या० २ । दोनों हाथोंमें न्यास करे २ ।

दोनों नासिकाके छिद्रोंमें न्या० २। शिरमें न्यास १। फिर पादादि ११ स्थानोंमें न्यास करे। शिर दोनों भौं, दोनों नेत्र, मुख, दोनों कनपटी, दोनों भुजा, हृदय, उदर, इन स्थानोंमें न्यास करे। फिर गुह्य, ऊरु, जानु, पादमें न्यास करे।

तत उक्तध्यानेन ध्यात्वा मानसोपचारैः संपूज्य विशेषार्घ्यं संस्थाप्य शैवोक्तपूजावाहनादिकं पञ्चपुष्पाञ्जलिन्दत्त्वा वरुणं पूजयेत्। त्र्यम्बकं हृदयाय नमः। इत्यादि षडङ्गानि पूजयेत्। ततोऽष्टपत्रेषु ॐ अर्काय नमः। एवमिन्दवे वसुधायै जलाय वह्नये वायवे व्योम्ने यजमानाय तद्बाह्ये पूर्वादितः ॐ रामाय नमः। ॐ राकायै नमः। ॐ प्रभायै नमः। ॐ ज्योत्स्नायै नमः। ॐ पूर्णायै नमः। ॐ उषसे नमः। ॐ पूषायै नमः। ॐ स्वधायै नमः। ॐ विश्वायै नमः। ॐ विद्यायै नमः। ॐ सितायै नमः। ॐ कृत्यै नमः। ॐ श्रद्धायै नमः। ॐ सारायै नमः। ॐ सन्ध्यायै

नमः । ॐ दिवायै नमः । ॐ निशायै नमः । तद्वाह्ये ॐ आर्यायै नमः । ॐ आर्द्रायै नमः । ॐ प्रज्ञायै नमः । ॐ मेधायै नमः । ॐ कान्त्यै नमः । ॐ शान्त्यै नमः । ॐ पुष्ट्यै नमः । ॐ बुद्ध्यै नमः । ॐ धृत्यै नमः । ॐ मत्यै नमः । ततो धूपादिविसर्जनान्तं कर्म समापयेत् ।

तत्पश्चात् उक्त ध्यानसे ध्यानकर मानसिक पूजनकर, विशेष अर्घ्य स्थापन कर, शैवोक्त पूजन तथा आवाहनादि करके पंच पुष्पांजलि प्रदानकर चरण पूजन करे । त्र्यम्बकं हृदयाय नमः इत्यादि षडंग पूजन करे । फिर अष्टदल कमलके मध्यमें इन नाम मन्त्रोंद्वारा पूजन करे । अर्काय नमः । इन्दवे नमः । वसुधायै नमः । जलाय नमः । वह्नये नमः । वायवे नमः । व्योम्ने नमः । यजमानाय नमः । कमलदलके बाहिर भागमें पूर्वादि क्रमानुसार पूजन करे । ओं रामाय नमः । ओं राकायै नमः । ओं प्रभायै नमः । ओं ज्योत्स्नायै नमः । ओं पूर्णायै नमः । ओं उषसे नमः । ओं पूषायै नमः । ओं स्वधायै नमः । ओं विश्वायै नमः । ओं विद्यायै नमः । ओं सितायै नमः । ओं

कृत्यै नमः । ओं श्रद्धायै नमः । ओं सारायै नमः । ओं संध्यायै नमः । ओं दिवायै नमः । ओं निशायै नमः । वहिर्भागमें ॐ आर्यायै नमः । ओं आर्द्रायै नमः । ओं प्रज्ञायै नमः । ॐ मेधायै नमः । ओं क्षान्त्यै नमः । ओं शांत्यै नमः । ओं पुष्ट्यै नमः । ओं बुद्ध्यै नमः । ओं धृत्यै नमः । ओं, मत्यै नमः । तदनन्तर धूप आदि विसर्जनान्त कर्म समाप्त करे ।

प्रयोगस्तु शनैश्चरे कुजे वा अश्वत्थमूलं स्पृष्ट्वा सहस्रं जपेत् । पुरश्चरणविधानेन सर्वं कुर्यान्महेश्वरि । साक्षान्मृत्योर्विमुच्येत किमन्याः क्षुद्रिकाः क्रियाः । प्रत्यहं जुहुयान्मन्त्री चतुःस्थण्डलविधानतः । द्विसहस्रं दूर्वावटजवाभिः करवीरकैः । विल्वपत्रं पलाशश्च तथा कृष्णापराजिता । वट वृक्षस्य समिधं जुहुयादयुतावधि ॥ धनधान्यसमृद्धिः स्यात्सत्यं सत्यं महेश्वरि ।

इसका प्रयोग शनिवार अथवा मंगलके दिन करे और अश्वत्थ ( पीपल ) वृक्षको स्पर्शकर एक हजार मंत्र जप करे । हे महेश्वरि ! पुरश्चरणविधानसे-समस्त प्रयोग करे। इस प्रयोगके करनेसे साक्षात्

मृत्युसे मुक्ति प्राप्त होती है तो अन्य क्षुद्र क्रियाओंका तो कहना ही क्या है । मन्त्रीको योग्य है कि प्रतिदिन चतुःस्थंडिल विधानपूर्वक हवन करे । दो हजार दूर्वाके नाल, जवा, कनेरके पुष्प, बिल्वपत्र, ढाककी समिधा, कृष्ण अपराजिता, वटवृक्षकी समिधा इन सब वस्तुओंसे दशहजार हवन करे तो अवश्य धन धान्यकी वृद्धि होवे । हे देवि ! यह बात सत्य जानो ।

### मृतसञ्जीविनी विद्या ।

अतः परं देवि शृणु मृतसंजीविनीं तथा ॥ आदौ प्रासादबीजं तदनु मृतिहरं तारकं व्याहृतिं च प्रोच्चार्य त्र्यम्बकं यो जपति च सततं संपुटं चानुलोमम् । त्र्यम्बकमिति मृत्युंजयमंत्रस्य जपात् सर्वसिद्धिर्भवति । एतन्मंत्रं जपेदाशु व्याधिमुक्तो भवेद्ध्रुवम् ।

अब मृतसंजीवनी विद्या कहीजाती है हे देवि ! तुम श्रवण करो । प्रथम प्रासाद बीजका उच्चारण करे तत्पश्चात् मृतिहर बीजका तारक तथा व्याहृतिको उच्चारण कर जो साधक लोग निरन्तर संपुट तथा अनुलोम त्र्यम्बक मंत्रका जाप करते हैं उनको

मृत्युंजय त्र्यम्बक मंत्रके प्रसादसे सर्वसिद्धि प्राप्त होती है । इस मंत्रके जापसे शीघ्रव्याधि दूर होती है ।

ध्यानं शृणु महादेवि । स्वच्छं स्वच्छारविन्दं स्थितउभयकरे संस्थितौ पूर्णकुंभौ पाण्योर्हेलाक्षमाले निजकरकमले द्वौ घटौ नित्यपूर्णौ । द्वाभ्यां तौ च स्रवन्तौ शिरसि शशिकला चामृतैः प्लावयन्तीं देहं देवो दधाने विदिशतु विशदा कल्पजालां श्रियं नः ॥ एवं ध्यात्वा त्र्यंबकाय महारुद्राय नमः ॥ महाघोरं यदि तदा पूजयेत्परमेश्वरम् । ततः सुरसुन्दरीत्यादियोगिनीसाधनम् । ततो भूतिनीसाधनम् ।

हे महादेवि! अब ध्यान सुनो । दो हाथोंमें स्वच्छ कमलदलके धारण करनेवाले दो हाथोंमें पूर्णकुम्भ धारण करनेवाले, दो हाथोंमें हेलार्थ अक्षमाला धारण करनेवाले, दो हाथोंमें पूर्ण और स्रावी घट धारण करनेवाले शिरोभागमें अमृतस्राविणी शशिकला धारण करनेवाले, ऐसे देवदेव श्रीसदाशिव कल्पकल्पांततक

हम लोगोंको उत्तम लक्ष्मीप्रदान करे । इस प्रकार ध्यान करे त्र्यम्बक और महारुद्रका यदि महाघोर मंत्रका जप करे तो परमेश्वर सदाशिवका ध्यान करे । तत्पश्चात् सुरसुन्दरी आदि योगिनी साधन करे प्रथम भूतिनीसाधन ।

अथ भूतिनीसाधनम् ।

**श्रीदेव्युवाच । योगिनीसाधनं ज्ञातं भूतिनीसाधनोत्तमम् । तद्वदस्व महादेव कृपास्ति यदि मां प्रति ।**

श्रीदेवीजी कहनेलगीं । हे देव ! योगिनीसाधन तो जाना अब यदि आपकी पूर्ण कृपा हो तो भूतिनीसाधनको भी सुनाइये ।

**श्रीईश्वर उवाच । आद्या विभूषिणी देवी परा कुण्डलधारिणी । हारिणी सिंहिनी चैव हंसिनी च ततो नटी । कामेश्वरी तथा प्रोक्ता रतिदेवी ततः प्रिया । इत्यष्टौ नायिकाः प्रोक्ताः साधकानां सुखावहाः ।**

श्रीशिवजी कहनेलगे । हे प्रिये ! आठ नायिका साधकवर्ग को सुख देनेवाली है उनके पृथक् २ नाम सुनो । आद्या विभूषिणी १ ।, परा कुण्डलधारिणी २ ।, हारिणी ३ ।, सिंहिनी

४ । हासिनी ५ । नटी ६ ।, कामेश्वरी ७ ।, प्रिया रतिदेवी ८। यह आठ नायिका साधकोंके सुखार्थ कही हैं ।

अथ आद्याविभूषिणीसाधनम् ।

यथा मंत्रं महेशानि आद्या विभूषिणी तथा ।
मंत्रः । हूं फट् फट् ह्रीं भूतिनी हूं हूं हूं । क्रोधा-
स्त्रद्वयं मायांते भूतिनी च त्रिकूर्चतः ।
अथवा शृणु देवेशि ॐ ह्रीं ह्रीं फट् फट्
विभूषिणी हूं हूं । तारं लज्जाद्वयास्त्रद्वयं विभूषि-
णीक्रोधद्वयम् ।

हे देवि ! यथामंत्र आद्याविभूषिणीका साधन करना योग्य है । यह मंत्र है । हूँ फट् फट् ह्रीं भूतिनी हूँ हूँ हूँ । क्रोधास्त्रद्वय, मायान्तमें भूतिनी बीज, त्रिकूर्च मिश्रित करे । हे देवेशि ! और भी सुनो ॐ ह्रीं ह्रीं फट् फट् विभूषिणी हूँ हूँ हूँ । तार, लज्जा-द्वयास्त्रद्वयविभूषिणी क्रोधद्वयमिश्रित करे ।

अथ ध्यानम् ।

दक्षे कर्त्तरिकां परेऽसिलतिकां हस्ताब्जके
बिभ्रती ह्युत्तुंगस्तनशोभिवक्षसि चलैर्हारा-
दिभिः शोभिता । दन्तान्तर्गतमांसशोणितवसा-

सिक्तालित यस्यास्तनूः कालश्यामलवर्णिकाम्र-
मभुजंगैर्वेष्टिता रक्षतु ।

अब ध्यान कहाजाता है । एक हाथमें कर्तरी और दूसरे हाथमें तलवार धारण करनेवाली ऊंचे कुम्भ तुल्य स्तनवाली, हृदयमें आभूषण धारण करनेवाली, दांतोंके अग्रभागसे दुष्टोंके मांस शोणितको तथा चर्वीको चाबकर पीनेसे जिसका देह भीग गया है और कालके तुल्य श्यामवर्णवाली, रसालवृक्षके आश्रित व्यालवर्गसे सुशोभित पृष्ठदेशवाली ऐसी पर्वतवासिनी देवी रक्षा करे ।

स्थानं वृक्षतले तत्र यामिन्यां दिवसत्रयम् ।
जपेदष्टसहस्रं तु ध्यायेदेकाग्रमानसः । जपान्ते
च महापूजा पुनर्धूपं निवेदयेत् । चन्दनोदकमि-
श्रेण दत्त्वार्घ्यं तुष्यति ध्रुवम् । माता वा भगिनी
भार्या हृष्टा भवति कामिता । करामलकवत्तां
कृत्वा माता भूत्वा जगत्त्रयम् । शताष्टपरिवारस्य
ददात्यंजनभूषणम् । भगिनी चेन्महाभागा सह-
स्रयोजनादपि ।

ददाति स्त्रियमानीय दिव्यं रसं रसायनम् ।
भार्या चेत्पृष्ठमारोप्य स्वर्गं प्रयाति निश्चयः ।
दीनाराणां सहस्रन्तु रसं चैव रसायनम् । सर्वाशां
पूरयत्येव सदा देवी विभूषिणी ।

तीन रात्रितक अश्वत्थ वृक्षके नीचे वासकर आठ हजार मंत्र जपे और एकाग्रमनसे ध्यान करे जपान्तमें महापूजा करे और फिर धूप प्रदान करे। चन्दनमिश्रित अर्घप्रदान करनेसे देवता विशेष प्रसन्न होती है। कामनार्थ माता, भगिनी, भार्या इस प्रकार इन स्वरूपोंका ध्यानकर पूजन करे तो देवता अत्यन्त प्रसन्न हो अभीष्ट प्रदान करे । मातारूप देवता प्रसन्न हो दिव्य दृष्टि होती है । भगिनीरूप देवता प्रसन्न हो सहस्रयोजन ४००० ( कोस ) दूरमें स्थित दिव्यरस और रसायन तथा स्त्रीको क्षणभरमें ला सामने उपस्थित करदेती है । भार्यारूप देवता रस, रसायन, तथा असर्फियोंको अपनी पृष्ठमें लादकर कुवेरके भण्डारसे लाकर सामने उपस्थित करदेती है । विशेष क्या स्त्रीरूपसे ध्यान करी हुई आद्या विभूषिणी देवी स्त्रीके तुल्य समस्त आशा पूर्ण करनेमें समर्थ होती है ।

अथ पराकुण्डलिनीसाधनम् ।

पराकुण्डलिनीध्यानं शृणु देवि महेश्वरि । कर्णे
कुण्डलधारिणी शशिमुखी लीलावती सस्मित

शैलश्रोणिविलम्बिकाञ्चिविततान्यामुग्धलोकत्रया।
मुक्ताहारमरीचिकान्तिविलसत्प्रोत्तुंगकुम्भस्तनी
पायात्कुण्डलधारिणी त्रिजगतामानन्दसन्दोहभूः।

हे देवि पराकुण्डलधारिणीका ध्यान सुनो। कानोंमें कुण्डलोंसे सुशोभित, चन्द्रमाके तुल्य मुखवाली, लीलावती, मन्द मन्द मुसकान करनेवाली, पर्वतरूप श्रोणितटमें विततकांची धारण करनेवाली, तीनों लोकोंको मुग्ध करनेवाली, मोतियोंके हारकी कान्तिसे विभूषित, उन्नत कुम्भके तुल्य स्तनोंवाली, तीनों लोकोंको आनन्द देनेवाली पृथिवीस्वरूपा कुण्डलधारिणी योगिनी हमारी रक्षा करे।

श्मशाने पूजयेद्देतामयुतं जपमाचरेत् । आयाति तत्क्षणाद्देवी ततः कुण्डलधारिणी । साधकेनापि रक्तार्घ्यं देयं तुष्टा वदत्यपि । किं कर्तव्यं मया वत्स मातरुक्त्वेति साधकः । पञ्चाशतञ्च दीनारान्देहि त्रैलोक्यदायिनि ।

यह प्रयोग श्मशानमें करने योग्य है, और १०००० जप करे। तत्क्षणमें प्रसन्न हुई कुण्डलधारिणी देवी साधकके सम्मुख

आ उपस्थित होती है । प्रसन्नचित्त साधक रक्त अर्घ प्रदानकरे तो देवता प्रसन्न हो कहै कि हे वत्स ! अब मुझको क्या कर्तव्य है, आज्ञादे, तब साधक कहे हे मातः ! तुम त्रैलोक्यदाता हो, अतः पचास असर्फी मुझको भी दो ।

अथ सिन्दूरहारिणीसाधनम् ।

**अतः परन्तु चार्वंगि सिन्दूरहारिणीमनुः ॥ क्रोधद्वयेन्दुसंयुक्तः सिन्दूरहारिणिपदम् । कूर्चबीजत्रयं चास्त्रं सम्प्रोक्तं विविधं तथा ।**

अब सिन्दूरहारिणी योगिनीका साधनप्रकार कहाजाताहै । हे चार्वंगि ! सिन्दूरहारिणी योगिनीका मन्त्र श्रवण करो । इन्दु संयुक्त क्रोधद्वय कूर्चबीजत्रय अस्त्र इनको मिश्रितकर हारिणी योगिनीका मन्त्रोद्धार होता है ।

**ध्यानम् । सिन्दूराकृतिहारिणी चलदलव्यालोल शाखास्वरा सोत्कण्ठीकृतगात्रयष्टिशुभगा शुभ्रांशुचन्द्रास्मिता । अन्तः सन्ततदंतकांतिममलिना त्रैलोक्यशोभाकरी पायादुन्नतबाहुयुग्मलतिका सिन्दूरहारिण्यसौ ।**

सिन्दूरके तुल्य आकृतिवाली, शत्रुवर्गको हरणकरनेवाली सकम्पस्वरा, उत्कण्ठायुक्त देहसे शोभित, उज्ज्वलहास्यपूर्ण मलिनदन्तकान्ति, तीनों लोकोंकी शोभा करनेवाली, दीर्घवाहुयुक्त सिन्दूरहारिणी योगिनी हमारी रक्षा करे ।

शून्ये देवालये गत्वा निर्जने निशि साधकः ।
तत्त्वसंख्यदिनं यावज्जपस्तत्त्व-( २५ ) सहस्रकः ॥ तदन्ते महतीं पूजां वस्त्रालंकारभूषणैः।
कुर्यात्साधकवर्यस्तु भार्या भवति कामिता ॥
वरं वरय शीघ्रं त्वं प्रोक्ता सिन्दूरहारिणि । रक्षति द्वादशदिनं देवी सिन्दूरहारिणी ।

साधक २५ दिनतक निर्जन देवस्थानमें रात्रिके समय २५ हजार जप करे तदनन्तर महापूजा कर वस्त्र और भूषणादिसे देवताको अलंकृत करे तो कामिता भार्या होय; और उसी समय सिन्दूरहारिणी सम्मुख आकर कहेगी हे साधक ! वर मांग और द्वादश ( १२ ) दिनतक देवी सिन्दुरहारिणी रक्षा करनेमें समर्थ होगी ।

अथ सिंहिनीसाधनम् ।

अतः परं देवि शृणु सिंहिन्याश्च महामनुम् ।

मायाद्वयं क्रोधद्वयं सिंहिनीति पदन्ततः ॥ पुनः क्रोधं तदन्ते च सिंहिनी च महामनुः ॥ ह्रीं ह्रीं फट् फट् सिंहिनी हूं हूं फट् । शैलाग्रे निर्जने वापि सिंहिन्याः पूजनं तथा ।

अब सिंहिनी साधन कहाजाता है । हे देवि । सिंहिनीके महामन्त्रको सुनो । दो मायाबीज ( ह्रीं ह्रीं ) दो क्रोधबीज ( फट् फट् सिंहिनी पद फिर क्रोधबीज ( हूँ हूँ फट् )के मिश्रित करनेसे सिंहिनीका मन्त्र होता है, यथा "ह्रीं ह्रीं फट् फट् सिंहिनी हूँ हूँ फट्" । सिंहिनी देवीका पूजन पर्वत अथवा निर्जन स्थानमें करे ।

ध्यानम्–शैलाग्रक्रमदुर्गमन्तु अटवीदुर्गास्तु दैत्याहते केशाग्रस्थसमस्तविष्णुचरणं प्रभ्रष्टसं-सिंहिनी । यावन्तो बलदण्डवारणबलात् प्रक्षु क-सिद्धांगना शंपं पातु समस्तमन्तककुलव्याकल्प-मानाकला ।

यह सिंहिनी योगिनीका ध्यानमंत्र है । यह ध्यानमंत्र पूजन समय उच्चारण करना योग्य है ।

गत्वैकलिंगं यामिन्यां प्रजपेदयुतं मनुम् । ततो ह्यतिवरदा सिंहिनी चेति पूजिता ॥ किं करोमि वदत्येव भार्या भवति कामिता । दिनावसाने यामिन्यां सिंहिन्यायाति राति च । वस्त्रयुग्मं रसमयं साधकाय दिने दिने ।

शिवमंदिरमें रात्रि समय जाकर १०००० मंत्र जप करे । इस प्रकार मंत्रके जप और पूजनके करनेसे वरदा सिंहिनी देवी प्रसन्न हो साधकसे कहेगी कि हे साधक ! आज्ञाकर अब मेरा क्या कर्त्तव्य है । सिंहिनी देवी दिनावसान ( सायंकाल ) में साधकके सम्मुख स्थित हो साधकको वस्त्रयुग्म और रसमय पदार्थ प्रतिदिन प्रदान करेगी ।

हंसिनीसाधनम् ।

अतः परं शृणु चार्वांगि हंसिनीसाधनक्रमम् । ॐ हूं हूं हूं फट् हंसिनी । प्रणवञ्च त्रिकूर्चांस्त्रहंसिनी कथितो मनुः ।

अब हंसिनीसाधन प्रकार कहाजाता है । हे चार्वांगि ! अब हंसिनी योगिनीके साधन प्रकारको सुनो । ॐ हूं हूं हूं फट् हंसिनी । यह हंसिनीके साधन प्रकारका मंत्र है ।

ध्यानम्—शुभ्रा शुभ्रसरोजतुल्यनयना सायुग्मबाणान्विता शुश्रूषाकुलमुग्धसाध्यवनिता संसेविता सादरम् । किंचित्तिर्यगपांगलोलवलितव्यामुग्धस्मेराननना दिव्या काञ्चनरत्नहारललिता श्रीहंसिनी पातु नः ।

श्वेतवर्ण, श्वेतकमलदलके तुल्य नेत्रवाली, युग्म ( दो ) शरोंसे व्याप्त, सेवामें तत्पर, मूढ साध्य वधूगणसे आदरपूर्वक सेवित कुछ एक अपाङ्ग भागको तिरछा तिरछाकर मधुर हास्य करनेवाली मनोहर सुवर्णकी माला धारण करनेवाली देवी हंसिनी हमारी रक्षाकरे ।

वज्रपाणिर्गृहं गत्वा प्रतिमां शोभनां लिखेत् । अवधानेन संपूज्य जपेदयुतसंख्यकम् ॥ यावदर्द्धनिशा देवि ! हंसिन्यायाति निश्चितम् । चंदनार्घ्यप्रदानेन हृष्टा भवति हंसिनी ॥ किं मया ते प्रकर्तव्यं शीघ्रं तद्वद साधक । वस्त्रालंकारभोज्यानि दिव्यार्थं संप्रयच्छति । अवशेषव्ययाभावान्न ददाति प्रकुप्यति ।

हस्तमें वज्रको लेकर गृहमें प्रवेश करे और शोभायमान हंसिनीकी प्रतिमाको लिखे । सावधान होकर १००००। दशहजार मंत्रका जप करना योग्य है । हे देवि ! अर्द्धरात्रिके समय हंसिनी देवी साधकके सम्मुख आकर स्वयं उपस्थित होगी उस समय साधकको योग्य है कि चन्दनादि पूजाद्रव्यद्वारा देवीका पूजन आनन्दपूर्वक करे यही देवताको प्रसन्न करनेका महोपाय है । इस विधानके अनन्तर देवी साधकसे कहेगी कि हे साधक ! इस समय मुझको क्या करना चाहिये आज्ञा कर ऐसा कह साधकको वस्त्र अलंकार, भोज्य आदि पदार्थ देती है तब साधकको योग्य है कि उक्त लब्ध पदार्थोंको अपने व्ययसे अधिक अपने पास न रक्खे किन्तु दीन दुःखियोंको दान करदे अन्यथा देवी क्रोध करती है ।

अथ नटीसाधनम् ।

इतः परं महामाये शृणु मे नटीसाधनम् । "ॐ हूँ हूँ फट् फट् नटी हूँ हूँ हूँ" ॥ तारं कूर्चंक्रोधास्त्रद्वयतो नटीति पदमुद्धरेत् । कूर्चत्रयन्तु मन्त्रोऽयं कथितो नर्तकीमनुः ।

हे महामाये ! अब नटी योगिनीका साधन सुनो । प्रथम नटी मन्त्र कहाजाताहै बीजोद्धारानुसार ॐ हूँ हूँ फट्ट फट्ट नटी हूँ हूँ हूँ।

ध्यानम्—फुल्लेन्दीवरसुन्दरोदरमुखी प्रोत्तुङ्गकुम्भ-स्तनी मृगयुग्मनयना सानन्दाह्लादस्मिता क्षीरा-म्भोनिधिसम्भवा विलसिता मातुपवैरिविनाशिनी वीणासंगीतशालिनी मणिमयकुण्डले कर्णे धार-णतत्परा व्याहारवाक्चातुरी ।

अथ ध्यान कहाजाताहै । प्रफुल्लितकमलदलके सदृश मुख तथा उदरवाली उच्च कलशके तुल्य स्तनवाली, मीनके तुल्य चंचल दो नेत्रोंको धारण करनेवाली, आनन्दपूर्वक मंद २ हास्य करनेवाली, क्षीरसागरसे उत्पन्न हुई, भक्तोंके शत्रुओंको नाश करनेवाली, वीणायुक्त मनोहर गान करनेवाली, मणि जटित कुण्डलोंको कानमें धारण करनेवाली, मनोहरवाणी बोलनेवाली नटी योगिनीका हम ध्यान करते हैं ।

नीचपार्श्वं गमं गत्वा सप्ताहजपपूजने । नटी सुसिद्धा भवति धूपं दद्यान्मुहुर्मुहुः ॥ चन्दनेनार्घ्यं देयन्तु नैवेद्यञ्च मनोहरम् । सदा कामभोगदात्री भार्या भवति नर्तकी ॥ सुवर्णफलमेकन्तु व्ययं त्यक्त्वा-नुगच्छति । दिने दिने नटी देवी स्थायिनी भवति ध्रुवम् ।

नीच स्थानमें एक सप्ताह इस प्रयोगको करे और मंत्रजपभी करे । वारम्वार धूपके देनेसे देवी प्रसन्न होती है और तत्क्षण सिद्धि प्राप्त होती है । चन्दनमिश्रित अर्घ प्रदान कर मनोहर नैवेद्य प्रदान करे तो नर्तकी सर्वदा स्त्रीवत् प्रसन्न हो काम भोग प्रदान करेगी । और प्रतिदिन नटी देवी साधकके खर्चके लिये एक सुवर्ण फल प्रदान कर स्थिर रहेगी ।

अथ चेटीसाधनम् ।

अतः परं महादेवि चेटचा आकर्षणं शृणु ।
मन्त्रो यथा—तारं कूर्चद्वयान्ते च अस्त्रयुग्मं ततः परम् । चेटी क्रोधद्वयश्चोक्तं चेटीमन्त्रोत्तमोत्तमः ।

अब चेटीसाधन प्रकार कहाजाताहै । हे देवि । चेटी योगिनीके आकर्षण प्रयोगको श्रवण करो । यह चेटीयोगिनीका मन्त्र है । ॐ हूँ हूँ हूँ फट् फट् चेटी हूँ हूँ

ध्यानम्—देव्येषाऽमृतभाषिणी शशिमुखी श्वेतोत्तरीयाधरा बिभ्राणा कलशं सरोजममलं स्वर्णं च सीमंतके । श्रीखण्डादिविलेपनाग-

ख्वपुः सौरभ्यसंभाविता किञ्चिद्धर्मसमाहिता पिकरवा पायात्प्रभाचेटिका ।

अमृतभाषिणी, चन्द्रमुखी, उत्तरीयको धारण करनेवाली, मनोहर अधरोष्ठवाली, कमलदलवत् सुन्दर कलश धारण करनेवाली, सीमन्तभागमें सुवर्ण धारणकरनेवाली, चन्दनादि विलेपसे सुगंधित शरीरवाली, कोकिलाके तुल्य मनोहर कण्ठवाली चेटी योगिनी हमारी अथवा तुम्हारी रक्षा करे ।

अत्रापि भीषणस्थाने नामोच्चारणमात्रतः ।
ध्रुवं चेटी समागत्य चेटीकर्म करोत्यपि ॥ अथवा स्वगृहद्वारे त्र्यहं रात्रौ जपं चरेत् । आगत्य नियतं देवी चेटीकर्म करोति च ।

भीषण स्थानमें नाममात्रके उच्चारण करनेसे निश्चय चेटी देवी आकर कर्म करनेमें समर्थ होती है अथवा निज गृहके द्वार पर तीन दिन और तीन रात्रितक मंत्र जापकरे तो चेटी देवी स्वयं आकर दासीवत् कर्म करनेमें समर्थ होय ।

अथ कामेश्वरीसाधनम् ।

कामेश्वरीप्रयोगः । तारं कूर्चास्त्रयुग्मं कामेश्वरी भूतिनी ततः । परं ङेन्तं क्रोधत्रयं कामेश्वर्याः मनुः स्मृतः ।

अब कामेश्वरीसाधन कहाजाताहै । यह कामेश्वरीका मंत्रोद्धार है । मन्त्र यथा । कामेश्वरि ॐ ह्रें फट् फट् कामेश्वरि भूतिन्यै ह्रैं हूं ह्रैं ।

ध्यानम्— ॐ तालस्कन्धसमागता मधुरता कामन्तु पुष्पान्विता गायत्री मधुराधरा स्मितमुखी वीणायुता गायती । रक्ताम्भोजविलोचना मधुमदैर्युक्ता समन्तादियं पुष्पत्पुष्पधनुर्धरामधुमुखी कामेश्वरी भूतिनी ॥

तालवृक्षमें निवास करनेवाली, मधुपानमें आसक्त बहुत फूल युक्त भक्तकी रक्षा करनेवाली, सुन्दर होंठोंवाली हंसमुखी, वीणा बजाकर गानेवाली, लाल कमलके समान नेत्रवाली, मधुपानसे मत्त फूलहुए फूलोंका धनुष धारण करनेवाली कामेश्वरी हमारी रक्षा करे ।

तत्र स्थानं समागत्य कृत्वा मांसस्य भक्षणम् । मांसादिना बलिं दत्त्वा सहस्रं जपमाचरेत् ॥ मनुमर्कं सहस्रन्तु जपित्वा सिद्धिमाप्नुयात् । जपान्निशीथमायाति रक्तनाव्यैं

निवेदयेत् । कामेश्वरी भवेत्तुष्टा भार्या भवति कामिता । सर्वाशां पूरयत्येव राज्यं यच्छति निश्चितम् ।

उस स्थानपर जाय मांसका भक्षण कर तथा मांस आदिसे बलिदान कर एक हजार जप करै । इस प्रकार बारह हजार जप करनेसे अवश्य सिद्धि होती है, जप करते २ रात्रिमें रक्तका अर्घ देना । ऐसा करनेसे कामेश्वरी देवी सन्तुष्ट होजाती है और मन· मानी स्त्री होती है संपूर्ण आशायें पूर्णकर राज्यतक देदेती है ।

अथ कुमारीसाधनम् । हूं हूं फट् फट् देव्यै हूं हूं हूं । क्रोधद्वयास्त्रयुग्मं च देवीति पदमुद्धरेत् । ङेन्तं क्रोधत्रयं युतं कुमारीमन्त्रमुत्तमम् ।

कुमारीसाधन कहते हैं । 'हूँ हूँ फट् फट् देव्यै हूँ हूँ हूँ' यह मंत्र जानना । इस मंत्रका उद्धार दिखाते हैं । यथा–क्रोधद्वय ( हूँहूँ ) तथा–अस्त्रयुग्म ( फट् फट् ) और 'देव्यै' ऐसा पद, पुनः क्रोधत्रय ( हूँ हूँ हूँ ) इतने अक्षर जिसमें हों वही कुमारी देवीका मंत्र है ।

ध्यानम्–दिव्यकार्मुकहेमाभा कुमारी दिव्यरूपिणी । सर्वालंकारसंयुक्ता भार्या भवति साधिता ॥

दिव्य धनुषको धारण किये, सोनेकीसी कांतिवाली, सम्पूर्ण अलंकारोंसे शोभित, दिव्य रूपवाली कुमारी देवि पूर्वोक्त जपादि करनेसे भार्या होजाती है ।

रात्रौ देवगृहं गत्वा तत्र शय्यां प्रकल्पयेत् ।
सितवस्त्रं चंदनं च ज्योतिः पुष्पं प्रदापयेत् ॥
धूपं तु गुग्गुलं दत्त्वाष्टसहस्रं जपेन्मनुम् । जपान्ते नित्यमायाति चुम्बनालिंगनादिभिः ॥ कामिता जायते भार्या सत्यं देवी कुमारिका । ददात्यष्टौ च दीनारान्दिव्यवस्त्रयुगं तथा ॥ कामिकं भोजनं दिव्यं परिवारस्य दास्यति । अन्याश्रमगृहाद्द्रव्यमानीयाशु प्रयच्छति ॥ नित्यं सहस्रं जप्त्वा तु सा चायाति कुमारिका । सत्यं सत्यं पुनः सत्यं शृणु मे प्राणवल्लभे ॥

रात्रिके समय देवमंदिरमें जाकर वहां शय्याकी रचना करे । सफेद चन्दन तथा सफेद वस्त्र और चमेलीके फूल चढावे । गूगलकी धूप दे आठ हजार मंत्र जपे इसप्रकार मंत्र जपनेके पश्चात्

चुंबन आलिंगन आदिको देती हुई कुमारी देवी अवश्य आती है और आकर आठ अशरफियोंको देती है तथा दिव्य वस्त्र, दिव्य भोजन देती है। हे प्राणप्यारी ! मैं सत्यही तुझसे कहताहूँ कि जो पुरुष प्रति दिन एक हजार जप पूर्वोक्त मन्त्रका करता है उसके पास देवी कुमारी आती है तथा दूसरोंका भी धन लाकर उस साधकको देजाती है।

मुहुर्मुहुर्जपेन्मन्त्रं क्रोधस्य मंत्रमुत्तमम् । क्रोधाधिपं व्योमवक्त्रं वज्रपाणिं सुरान्तकम् । एतन्मन्त्रमविज्ञाय यो जपेत्सिद्धिकांक्षया । तस्य स्यान्निष्फलं कर्म अन्ते नरकमाप्नुयात् । कलिकल्पतरोर्वल्ली भूतिनी सिद्धिरुच्यते ।

उत्तम क्रोधमंत्रको वारम्वार जपे । जो साधक लोग विना प्रयोगविधि जानें मन्त्रजप करते हैं। कदापि उनको सिद्धि प्राप्त नहीं होती किन्तु अन्तमें नरकगामी होते हैं।

अथ साधनक्रमः—अतः शृणु परं देवि सुन्दरीसिद्धिसाधनम् । सुन्दर्यादिप्रभेदेन प्रत्येकं पूजयेच्छिवे ॥ प्रातरुत्थाय सुस्नातो नित्यकर्म समाचरेत् । ततः प्रासादमारुह्य पूजास्थानं सु-

शोभनम् ॥ बिल्वमूले श्मशाने वा प्रान्तरे च चतुष्पथे । तत्रस्थः साधयेद्योगी योगिन्यादिं च भूतिनीम् ।

हे सुन्दरि ! अब सुन्दरीके सिद्धिसाधन क्रमको सुनो । हे शिवे सुंदरी आदि भेदानुसार प्रत्येकका पूजन करे । साधक प्रातःकाल शय्यासे उठकर स्नानादि समाप्तकर नित्य कर्म करे । तत्पश्चात् गृहमें आकर पूजास्थानमें स्थित हो बिल्वमूल अथवा श्मशानमें या चौराहेमें योगिनी आदि भूतिनीका साधन करे ।

अजिनासनगः शुद्धस्तिलकं मूर्ध्नि कारयेत् । ततो विधिवदाचम्य सूर्यार्घ्यं प्रदद्देत्ततः ॥ स्वस्तिवाचनिकं कृत्वा शान्तिपाठं पुनः पुनः ॥ गणेशं बटुकञ्चैव पूजयेद्यन्त्रकोपरि ॥ ततश्चोदङ्मुखो भूत्वा संकल्पं तत्र कारयेत् । गणेशं क्रोधभैरवं पूजयेत्परमेश्वरि ॥ मूलमंत्रेण प्राणायामं षडंगन्यासमाचरेत् । पूर्ववच्च पुनर्ध्यात्वा मानसैः पूजयेत्ततः ॥ कृत्वार्घ्यं स्थापनं तत्र पद्ममष्टदलं लिखेत् । तन्मध्ये च विनिर्माय चन्द्र-

नेन विलेपनम् ॥ लज्जाबीजं लिखेत्तत्र पुनर्ध्यात्वा प्रपूजयेत् । निशायां पूजयेद्वीरं दिवायां पूजयेत्पशुम् ॥ मूलमन्त्रं महादेवि मासं व्याप्य जपेत सुधीः । अर्द्धरात्रे ततः पूजां बलिं कृत्वा विधानतः ॥ निर्भयः संजपेन्मंत्र हृद्गतं च निवेदयेत् ।

मृगचर्मके ऊपर स्थित होकर निज मस्तकमें तिलक करे। पुनः आचमन करे । स्वस्तिवाचनपूर्वक सूर्य भगवान्को अर्घ प्रदान करे। यन्त्रके ऊपर गणेशजी तथा बटुकजीका पूजन करे । फिर उत्तरमुख हो संकल्प करे । हे परमेश्वरि ! गणेश तथा क्रोध भैरवजीका पूजन करे । मूलमंत्रसे प्राणायाम तथा षडंगन्यास करे फिर उक्तरूपसे ध्यानकर मानसिक पूजन करे । अर्घ स्थापन कर अष्टदल कमल लिखे और उस अष्टदलके मध्यमें चन्दनसे लेप करे। उक्त दलके मध्यमें लज्जाबीज लिखकर श्रीभगवतीका ध्यानकर पूजन करे । रात्रि समय वीरका और दिनके समय पशुका पूजन करे । हे महादेवि ! साधकको योग्य है कि एक मासपर्यंत मूलमंत्रका जप करे । अर्द्ध रात्रिके समय पूजनकर बलिप्रदान दे और निर्भय हो मंत्रका जप करे ।

अथ यक्षसाधनम् ।

अतः परं महादेवि यक्षसाधनमुत्तमम् ।

अब यक्षसाधन कहाजाता है । हे महादेवि ! यक्षसाधान प्रकार सुनो । प्रथम वीस ( २० ) प्रकारके यक्षोंके नाम कहेजाते हैं ।

भीमवक्र १ महावक्र २ सिंहवक्र ३ हयानन ४ गर्द्धभास्य ५ महावीर ६ वहुवक्र ७ गजानन ८ विभ्रम ९ वाहुक १० वीर ११ सुग्रीव १२ रंजक १३ पिशाचास्य १४ जृम्भक १५ वामक १६ अर्थद १७ जयद १८ माणिभद्र १९ मनोहर २० । यह २० यक्ष साधकको सिद्धि देनेवाले हैं ।

अथ यक्षमन्त्रः—गगनो ग्रहणश्चैव युक्तचन्द्रार्द्धशेखरः । एकाक्षरमहामन्त्रो साधकैर्जप्यते यदि । संख्ययाष्टसहस्राश्च सर्वसिद्धिप्रदायकः ।

इस एकाक्षर यक्षमंत्रका ८००० हजार जप करे तो साधकको सर्वसिद्धि प्राप्त होय ।

श्रीदेव्युवाच । भीमवक्रादियक्षाणां महामन्त्राः श्रुता मया ॥ चंद्रशेखर तद्ध्यानं संक्षेपेण वद प्रभो ।

श्रीदेवीजी कहनेलगीं। हे चन्द्रशेखर! भीमवक्रादि २० यक्षों के महामंत्रको कहो। श्रीशिवजी कहते हैं, हे प्रिये! नाम मंत्र श्रवण करो। यथा-ह्रीं भीमवक्राय स्वाहा १ ह्रीं ह्रीं महावक्राय स्वाहा २ वं ह्रीं सिंहवक्राय स्वाहा ३ ह्रीं लं कर्माणि साधय हयाननाय स्वाहा ४ ह्रीं कुरु कर्माणि साधय साधय गर्द्दभास्याय स्वाहा ५ ह्रीं महावीराय स्वाहा ६ ह्रीं कुरुकुरु वहुवक्राय स्वाहा ७ ह्रीं महावलिने गजाननाय स्वाहा ८ ह्रीं विभ्रमाय स्वाहा ९ ह्रीं ह्रीं वाहुकाय स्वाहा १० ह्रीं ऐं वीराय स्वाहा ११ ह्रीं सुग्रीवाय स्वाहा १२ ह्रीं रचकाय स्वाहा १३ ह्रीं सर्वकर्माणि साधय पिशाचाय स्वाहा १४ ह्रीं जृंभकाय स्वाहा १५ ह्रीं लं वामकाय स्वाहा १६ ह्रीं अर्थदाय स्वाहा १७ ह्रीं जयप्रदाय स्वाहा १८ ह्रीं माणिभद्राय स्वाहा १९ ह्रीं मनोहराय स्वाहा २० हे महादेवि! इसके पश्चात् ध्यान सुनो।

अथ यक्षाणां ध्यानानि।

भीमवक्रध्यानम्। प्रत्यालीढपदं कृष्णं खर्वकर्बुरमूर्धजम्। द्विभुजं दक्षिणे कर्त्रीं वामे खर्परधारिणम्। व्याघ्रचर्माम्बरधरं त्रिनेत्रं भीषणाननम्।

अब यक्षोंके ध्यान कहेजाते हैं । प्रथम भीमवक्रका ध्यान कहाजाता है । कृष्ण वर्ण, छोटे शरीरवाला, कर्बुर केश दो भुज दक्षिण हाथमें कर्त्री ( कैंची ) और वाम हाथमें खप्पर धारण करनेवाला, बघेरेके चर्मको धारण करनेवाला, त्रिनेत्र ऐसे भीषणाननका ध्यान करते हैं ।

महावक्रध्यानम् । ध्यायेद्देवं महावक्रमग्निवर्णं त्रिनेत्रकम् । द्विभुजं दक्षिणे खड्गं खेटकं वामहस्तके ॥ कृष्णकेशन्तु कुटिलं विकृतास्यं भयानकम् । साधकाय प्रयच्छन्तमभयं वरमेव च ।

महावक्रका ध्यान कहाजाता है । अग्निके तुल्य वर्णवाले त्रिनेत्र द्विभुज अर्थात् दो भुजावाले, दक्षिण हस्तमें खड्ग और वाम हस्तमें खेटको धारण करनेवाले, कृष्णकेश और कुटिल, फैले मुखवाले भयानक, साधकके अर्थ अभय और वर देनेवाले महावक्र देवका हम साधक लोग ध्यान करते हैं ।

सिंहवक्रध्यानम् । ध्यायेद्देवं सिंहवक्रं जटाभारसमन्वितम् । विकृतास्यं द्विजिह्वं च चतुर्नेत्रं द्विकर्णकम् । द्विभुजं च गदापाणिं वामे चाऽभयसंयुतम् ।

सिंहवक्त्रका ध्यान कहाजाता है । जटाओंके भारसे समन्वित टेढे मुखवाले, दो जिह्वावाले, हाथमें गदाधारण करनेवाले, वाम हाथसे अभय प्रदान करनेवाले ऐसे सिंहवक्त्रजीका हम ध्यान करते हैं ।

अथ हयाननध्यानम् । श्वेतो हयाननः खर्वो द्विभुजोऽतिभयानकः । दक्षे डमरुकं धत्ते वामे चैव त्रिशूलकम् ।

अब हयानन यक्षका ध्यान कहाजाता है । श्वेतवर्ण, छोटे शरीरवाला, भयङ्कर स्वरूप, दक्षिण हाथमें डमरू और वाम हाथमें त्रिशूल धारण करनेवाला हयानन यक्ष हमारी रक्षाकरे ।

महावीरध्यानम् । ध्यायेद्देवं महावीरं द्विकर्णन्तु त्रिनेत्रकम् । द्विभुजं हास्यवदनं वराऽभयविधारकम् ।

अब महावीरका ध्यान कहाजाता है । दो कर्णवाले, तीन नेत्रवाले, दो भुज और हास्य करनेवाले, दोनों हाथोंमें वर और अभय धारण करनेवाले ऐसे महावीरका ध्यान करते हैं, और यक्षोंके ध्यान डामरतन्त्रमें विस्तारसे कहेगये हैं ।

इति क्रियोड्डीशे महातंत्रराजे गौरीश्वरसंवादे षोडशः पटलः ॥ १६ ॥

अथ मृत्युञ्जयविधानम् ।

देव्युवाच-प्राणनाथ कृपासिन्धो ब्रूहि शास्त्रवि- शारद । मृत्युञ्जयस्य पूजायाः किं फलं किं विधानकम् ।

अब मृत्युञ्जय विधान कहाजाता है । हे प्राणनाथ ! हे कृपासिंधो ! हे शास्त्रविशारद ! मृत्युञ्जय शिवपूजाका क्या विधान और क्या फल है कृपा कर कहो ।

श्रीशिव उवाच । वक्तुशाहं क्षमो गौरि त्वयि स्नेहात् प्रकाशितम् । मृत्युंजयविधानं तु न वक्तव्यं बहिर्मुखे । मुखे तु देवि वक्तव्यं यत्नतः प्राणवल्लभे । मृत्युंजयो महादेवः साक्षान्मृत्युहरः परः । विधानं तस्य संक्षेपाद्वक्तव्यं शृणु सुन्दरि । देवेशि रोगशान्त्यर्थं तस्य पूजाविधिर्यथा ॥ मृत्युंजयं समापूज्य लिंगं त्रिभुवनेश्वरम् । रोगा- र्तो मुच्यते रोगाद्वद्धो मुच्येत बन्धनात् । यस्तु-

संपूजयेद्भक्त्या लिंगं मृत्युंजयाभिधम् । यमोऽपि प्रणमेद्भक्त्या किं करिष्यति पामरः ॥

शिवजी कहने लगे । हे गौरि ! इस प्रयोगको प्रकाश करनेकी मेरी इच्छा नहीं है तथापि तुम्हारे स्नेहवश प्रकाश करता हूं । यह प्रयोग धर्मविमुख पुरुषके संमुख न कहना । हे प्राणवल्लभे ! श्रद्धावान् पुरुषके निकट यह प्रयोग प्रकाश करना योग्य है । साक्षात् मृत्युञ्जय श्रीशिवजी मृत्युके हरनेवाले हैं । हे सुन्दरि ! अब मैं उनका विधान संक्षेपसे कहता हूं सुनो । हे देवेशि ! रोगशांतिके अर्थ शिवलिंगका पूजन करे तो रोगी रोगसे छूटे । वंदी वंधनसे छूटे । जो लोग शिवलिंगका पूजन करते हैं यमराजभी आकर उनको भक्तिपूर्वक प्रणाम करते हैं अन्य पामर मनुष्योंकी कौन कथा ।

तस्य पूजाविधिं वक्ष्ये शृणु मत्प्राणवल्लभे ।
जातिभेदैर्मृत्तिकान्तु गृहीत्वाऽशीतितोलकाम् ॥
निर्माय पार्थिवं लिंगं कांत्याधारे निवेशयेत् ।
पौराणिकेन मंत्रेण कुर्याच्च पठनं बुधः ॥ स्नापयेत् पञ्चगव्येन प्रत्येकस्याष्टतोलकम् । स्वस्वमन्त्रैश्च प्रत्येकद्रव्येण स्नापयेत् सुधीः ॥ रोग-

क्षयेच्छया विद्वान्नामगोत्रादिपूर्वकम् । उपविश्या- सने विप्रो धृत्वा धौतं च वाससम् ॥ रुद्राक्ष- मालां कण्ठे च धृत्वा भस्मत्रिपुंड्रकम् । उप- चाराः षोडश तु देया भक्त्या प्रयत्नतः । सुवर्णस्यासनं देयं तथैवाभरणानि च । वस्त्रयुग्मं प्रदद्यात्तु परिधेयं यथा भवेत् ॥

हे प्राणवल्लभे ! पूजनविधान कहता हूं सुनो । जातिभेदसे ८० तोले मृत्तिका लेकर शिवलिंग बनावे और उस लिंगको कांसीके पात्रमें स्थापन कर पौराणिक मंत्रोंद्वारा पूजन करे पंचगव्यसे स्नान करावे निज निज मन्त्रमें कहे द्रव्यसे पृथक् २ स्नान करावे । रोगनाशकी इच्छासे नाम और गोत्रको उच्चारण कर स्नान करावे । विप्र आसनपर बैठकर और धौत वस्त्र पह- नकर कण्ठमें रुद्राक्षकी माला पहनकर भस्मका त्रिपुंड्र लगाकर भक्तिपूर्वक षोडशोपचारोंसे पूजन करके सुवर्णनिर्मित आसन प्रदान करे और आभूषण, तथा वस्त्रादिक भी प्रदान करे ।

शिवयन्त्रं यथा—षट्कोणमण्डलं कृत्वा तदन्ते साध्यनामकम् । प्रसादबीजं हौं संलिख्य ततः षट्कोणेषु प्रणवसहितपंचाक्षरवर्णान् षडंगमं-

त्रांश्च विलिख्य तद्बहिः पञ्चदलानि विरच्य तद्दलेषु ॐ ईशानाय नमः । ॐ तत्पुरुषाय नमः । ॐ अघोराय नमः । ॐ सद्योजाताय नमः ॐ वामदेवाय नमः । इति पंच मंत्रान् प्रागादिक्रमेण लिखेत् । तद्बहिरष्टदलानि रच-यित्वा तद्दलेषु मातृकावर्णान् लिखेत् । तद्बहि-र्वृत्तं त्र्यम्बकेण वेष्टयेत् । एतद्यन्त्रं जपहोमा-दिना संपूज्य धारयेत् । आयुरारोग्यैश्वर्यादि-सिद्धिर्भवति ।

अब शिवयंत्र कहाजाता है । प्रथम षट्कोण यंत्रको लिख-कर उसके मध्यमें साध्य व्यक्तिका नाम लिखे और प्रसाद बीजोंको लिखकर षट्कोणोंमें प्रणवसहित पंचाक्षरमंत्रके वर्णो ( अक्षरों ) को लिखे तथा षडङ्गमंत्रोंको भी लिखे । उसके बहिर्भागमें पंचदल निर्माण कर उसके दलोंमें ॐ ईशानाय नमः । ॐ तत्पुरुषाय नमः । ॐ अघोराय नमः । ॐ सद्यो-जाताय नमः । ॐ वामदेवाय नमः । इन पांच मंत्रोंको प्रागादि क्रमसे लिखे । उस यंत्रके बहिर्भागमें अष्टदल निर्माण कर

दलोंमें मातृकाओंके वर्णोंको लिखे । अष्टदलके बहिर्भागको त्र्यम्बक मंत्रसे वेष्टित करे । इस यंत्रको जप होम आदिसे पूजन कर धारण करे तो आयु आरोग्य ऐश्वर्य आदिकी सिद्धि होय ।

अथ मृत्युंजयमंत्रः—अथवा शृणु देवेशि यंत्रं सर्वसुसिद्धिदम् । मध्ये साध्याक्षराढ्यं ध्रुवमभिविलिखेन्मध्यमं दिग्दलेषु कोणेष्वन्तं मनोस्तत् क्षितिभुवनमथो दिक्षु चन्द्रं विदिक्षु । ढान्तं यन्त्रं तदुक्तं सकलभयहरं क्ष्वेडभूतापमृत्युव्याधिव्यामोहदुःखप्रशमनमुदितं श्रीपदं कीर्तिदायि ॥

मृत्युञ्जय यंत्रका चित्र अन्य तंत्रोंमें वर्तमान है बुद्धिमान् जन उन ग्रन्थोंको देखकर अपनी तृप्ति करसकते हैं । ग्रन्थ विस्तारके भयसे यहां चित्र नहीं बनायागया है । विना चित्र दिखाये विशेष व्याख्यासे कुछ काम साधारण पुरुषोंका नहीं निकल सकता है इस यंत्रका सांगोपांग पूजन करनेसे श्रीप्राप्ति होती है ।

मधुपर्कं कांस्यपात्रे दद्याद्भोजनयुग्मकम् । विल्वपत्रसहस्रन्तु ह्यभग्नं विनिवेदयेत् ॥ एवं

संपूज्य लिंगैकं द्विसहस्रं मनुं जपेत् । बलि-द्भिस्तु गुडूच्यास्तु तत्र होमं समाचरेत् ॥ दक्षिणां ब्राह्मणे देवि सुवर्णं वस्त्रकं तथा । तदर्धं वा तदर्धं वा यथाशक्त्यमानतः । अंगहीना न कर्तव्या पूजा चाफलदा यतः । एकलिंगं समाराध्य फलं स्यादन्यके युगे ॥ तत्फलं लभते देवि कलौ संख्या चतुर्गुणा । आम्रपात्रे तु संस्थाप्य जल-श्चाशीतितोलकम् ॥ तज्जलेनैव देवेशि कुशैः सम्मार्ज्य रोगिणम् । क्षिपेद्दीपशिखायां च मन्त्र-मुच्चार्य मानकम् ॥ एवं विधिविधानेन पूजये-न्मम लिंगकम् । यादृग्यादृग् भवेद्रोगो नाश-मेति मयोदितम् । सांगेन पूजयित्वा तु लभते वांछितं फलम् ॥ अंगव्यतिक्रमेणैव वृथा भवति वासना । रोगा प्रमुच्यते सद्यो भोगीवोज्झित-कंचुकः । यदि मद्वचने भक्तिस्तदा मुक्तो भवे-

दृढ्ध्रुवम् । अन्यथा यदि देवेशि सर्वं भवति निष्फलम् ।

अब मधुपर्क कहाजाता है । काँसी के पात्रमें युग्म भोजन प्रदान करे छिद्ररहित १००० विल्वपत्र प्रदान करे । इस प्रकार लिंगका पूजन कर दो हजार मंत्र जप करे । गिलोयकी जडकी समिधाओंसे हवन करे । हे देवि ! सुवर्ण, तथा वस्त्र ब्राह्मणोंको देवे और शुभ दक्षिणा भी देवे शक्तिके अनुसार आधा अथवा आधेका आधा जितना होसके भक्तिपूर्वक प्रदान करे । अंगहीन कर्म न करना चाहिये क्योंकि प्रयोग निष्फल होजाता है । एक लिंगका पूजन करनेसे अन्य युगोंमें भी फल होता है । हे देवि ! कलियुगमें यदि तंत्रशास्त्रमें कहे विधानसे चौगुना जपादि करे तो फल प्राप्त होता है । आमके पात्रमें ८० तोले जल भर कर रोगीको कुशाओंसे मार्जन करे । इस विधिके अनुसार शिवलिंगका पूजन करे तो जिस किसी प्रकारका भी रोगीको रोग होगा वह शीघ्रही नाशको प्राप्त होजायगा । सांगोपाङ्ग पूजनके करनेसे वांछित फलकी प्राप्ति होतीहै । अंगहीन प्रयोगके करनेसे समस्त वासना वृथा होजाती है । इस प्रयोगके करनेसे रोगी इस प्रकार रोगसे मुक्त होजाता है जैसे कि कैंचलीसे सर्प मुक्त होजाता है । जिन पुरुषोंको शिववाक्यमें, भक्ति और विश्वास है वोही सहसा रोग

से छूट सकते हैं । हे देवेशि ! जिन पुरुषोंका मेरे ऊपर पूर्णता से विश्वास नहीं है उनकी समस्त क्रिया निष्फल होजाती हैं ।

अथ मंत्रपूजाविधानम् । अतः परं देवि शृणु यंत्रपूजाविधानकम् ।

अब मंत्रपूजाका विधान कहाजाता है । हे देवि ! अब इसके पश्चात् यंत्रपूजनके विधानको सुनो ।

कृतनित्यक्रियो देवि स्वस्तिवाचनपूर्वकम् । संकल्पं च ततः कुर्याद्विधिवाक्यानुसारतः ॥ अद्येत्यादि अमुकगोत्रः श्रीपूर्वकदेवशर्मा यंत्राधिष्ठितदेवतायाः पूजार्थममुकयंत्रसंस्कारमहं करिष्ये । इति संकल्प्य महादेवि गुरोरर्चनमाचरेत् । पञ्चगव्यं ततः कृत्वा शिवमंत्रेण मंत्रितम् । तत्र चक्रं क्षिपेन्मंत्री प्रणवेन समाकुलम् । तदुद्धृत्य ततश्चक्रं स्थापयेत्स्वर्णपात्रके ॥ पञ्चामृतेन दुग्धेन कस्तूरीकुंकुमेन च । पयोदधिघृतक्षौद्रशर्कराद्यैरनुक्रमात् ॥ तोयधूपान्तरैः

कुर्यात् पंचामृतमनुत्तमम् । अष्टाभिः कलशै-र्देवीमष्टाभिर्वारिपूरितैः ॥ कषायजलसम्पन्नैः का-रयेत् स्नानमुत्तमम् । स्नानं समाप्य तां देवीं स्थापयेत् स्वर्णपीठके ॥

स्वस्तिवाचनपूर्वक नित्यक्रियाको करे फिर विधिवाक्यके अनु-सार संकल्प करे । अद्येत्यादि यही संकल्प है । पुनः गुरुपूजा करे तत्पश्चात् पंचगव्यको निर्माण कर शिवमंत्रसे अभिमंत्रित करे । फिर प्रणवयुक्त चक्र निर्माण करे उस चक्रको स्वर्णके पात्रमें स्थापन करे । पञ्चामृत, दुग्ध, कस्तूरी, कुंकुम, पय, दधि, घृत, सहत, शर्करा इत्यादिसे क्रमानुसार यंत्रराजको स्नान करावे । और धूप दीप आदि प्रदान करे । आठ प्रकारके जलोंसे पूरित आठ कलशोंमें सर्वौषधि आदि सुगंधित पदार्थ स्थापन करे और उसी जलसे स्नान करे और उसी देवीको सुवर्णके सिंहासनमें स्थापन करे ।

गायत्री यथा—यंत्रराजाय विद्महे महायंत्राय धीमहि तन्नो यन्त्रः प्रचोदयात् । स्पृष्ट्वा यंत्रं कुशाग्रेण गायत्र्या चाभिमन्त्रयेत् । अष्टोत्तर-

शतं देवि देवताभावसिद्धये ॥ आत्मशुद्धिं ततः कृत्वा षडंगैर्देवतां यजेत् । तत्रावाह्य महादेवि जीवन्यासञ्च कारयेत् ।

उक्त गायत्रीमंत्रको उच्चारण कर यंत्रको कुशाग्रभागसे स्पर्श कर अभिमंत्रित करे । हे देवि! देवताभावकी सिद्धिके अर्थ १०८ वार मंत्र जपकरे पुनः आत्मशुद्धि कर षडंगद्वारा देवताका पूजन करे । हे महादेवि ! यंत्रमें देवताका आवाहन कर जीवन्यास करे ।

प्राणप्रतिष्ठा–अस्य प्राणप्रतिष्ठामन्त्रस्य ब्रह्माविष्णुमहेश्वरा ऋषयः । ऋग्यजुःसामानि च्छन्दांसि । चैतन्यं देवता । प्राणप्रतिष्ठायां विनियोगः । उपचारैः षोडशभिर्महामुद्रादिभिस्तथा । फलताम्बूलनैवेद्यैः शिवं तत्र समर्चयेत् ॥ पट्टसूत्रादिकं दद्याद्वस्त्रालंकारमेव च । अगुरुं चामरं घण्टां यथायोग्यं महेश्वरि ॥ सर्वमेतत्प्रयत्नेन दद्यादात्महिते रतः । ततो जपेत्सहस्रन्तु सकले-

प्सितसिद्धये ॥ जपसमापनं कुर्यादष्टांगेन नम-स्कृतम् । अष्टोत्तरशतं हुत्वा सम्पाताज्यं विनि-क्षिपेत् ॥ होमकर्मण्यशक्तश्चेद्द्विगुणं जपमाच-रेत् । गुरवे दक्षिणां दद्यात्ततो देवीं विसर्जयेत् ।

अब प्राणप्रतिष्ठा कही जाती है । प्रथम विनियोग समाप्त कर षोडश उपचार और महामुद्रादि द्वारा पूजन करे । फल ताम्बूल नैवेद्य आदि शिवजीको समर्पण करे । रेशमीन वस्त्र, तथा अन्य प्रकारके वस्त्र आभूषणादिसे शिवजीको प्रसन्नकर पूजन करे और आत्मकामनाके अर्थ अगुरु चामर, घंटा, यथा-शक्ति प्रदान करे । फिर सहस्रवार मूल मंत्रका जप करे । जप समाप्त कर अष्टांग नमस्कार करे १०८ वार हवन करके धारा-बांध अग्निमें घृत प्रदान करे । यदि हवन करनेकी शक्ति न हो तो दुगुना मंत्र जप करे । और गुरुको दक्षिणा देकर देवताका विसर्जन करे ।

अस्य प्रयोगः । कृतनित्यक्रियः स्वस्ति-वाचनपूर्वकं संकल्पं कुर्यात् । अद्येत्यादि अमुकगोत्रः श्रीअमुकदेवशर्मा अमुकदेवता पूजार्थममुकयन्त्रसंस्कारमहं करिष्ये । ततः

पञ्चगव्यमानीय हौं इति मन्त्रेणाष्टोत्तरशतमभिमन्त्र्य प्रणवेन यंत्रं तत्र क्षिपेत्। तत उत्थाप्य स्नापयेच्छीतलजलचन्दनगन्धकस्तूरीकुंकुमैः। स्नापयित्वा पञ्चगव्यमानीय हौं इति मन्त्रेणाष्टोत्तरशतमभिमन्त्र्य प्रणवेन शोधयित्वा स्नापयेत्। तत्र क्रमः। प्रथमं क्षीरेण स्नापयित्वा धूपं दद्यात्। एवं दध्ना घृतेन मधुना शर्करया च। ततोऽष्टाभिः कलशैः स्नापयेत्। कुंकुमगोरोचनया चन्दनमिश्रितैस्तोयैः स्नापयेत्। सर्वत्र स्नानं मूलमन्त्रेण ततो यन्त्रमुत्तोल्य कुशाग्रेण तत्स्पृष्ट्वा गायत्र्यष्टोत्तरशताभिमंत्रितं कृत्वा प्राणप्रतिष्ठां कुर्यात्। अस्य प्राणप्रतिष्ठामंत्रस्य ब्रह्मा-विष्णुमहेश्वरा ऋषयो ऋग्यजुः सामानि च्छन्दांसि चैतन्यं देवता प्राणप्रतिष्ठायां विनियोगः। तद्यथा—ऑं ह्रीं क्रौं यं वं लं वं शं यं सं हौं हंसः॥

अमुकदेवतायाः प्राणा इह प्राणाः । जीव इह स्थितः । सर्वेन्द्रियाणि वाङ्मन इत्यादि प्राणान् प्रतिष्ठाप्य तत्र प्रकृतिदेवतामावाह्य षोडशोपचारैः पंचोपचारैर्वा पूजयेत् । तत्र पट्टसूत्रादिकं दत्त्वा अष्टोत्तरशतं सहस्रं वा जपित्वा शक्तश्चेद्बलिं दद्यात् । ततोऽष्टोत्तरशतं होमं कुर्यात् । होमाभावे द्विगुणो जपः कार्यः । ततो दक्षिणां दत्त्वा छिद्रावधारणं कुर्य्यात् ।

अब इसका प्रयोग कहाजाता है । नित्य क्रियाको समाप्त कर स्वस्तिवांचनपूर्वक संकल्प करे । अद्येत्यादि यह संकल्प है फिर पंचगव्यको लाकर ह्रीं इस मंत्र से १०८ वार अभिमंत्रित कर प्रणवसे यन्त्रको उसमें निक्षेप करे । फिर उस यंत्रको उठा कर शीतल जल, चन्दन, गन्ध, कस्तूरी कुंकुमसे स्नान करावे । फिर ह्रीं इस मंत्रको उच्चारण कर प्रणवसे शोधन कर स्नान करावे । यह क्रम है । प्रथम दूधसे स्नान कराकर धूप प्रदान करे इसी प्रकार दही, घृत, सहत, शर्करासे स्नान करा अष्ट कलशसे स्नान करावे । कुंकुम, गोरोचन, चन्दन मिश्रित करावे ।

सब जगह मूलमन्त्रसे स्नान करावे । फिर यंत्रको उठाकर कुशाके अग्रभागसे छूकर गायत्री मंत्रसे अभिमंत्रित कर प्राण प्रतिष्ठा करे । और उक्त विनियोग प्रदान करे आँ ह्रीं क्रों यँ वँ लँ वँ शँ यँ सँ हों हंसः अमुक देवतायाः प्राणा इह प्राणा जीव इह स्थितः इत्यादि उच्चारणकर देवताका आवाहनकर पंचोपचार तथा षोडशोपचार पूजन करे और रेशमीन वस्त्र आदि देकर १०८ वार अथवा १००० मंत्र जप करे यदि शक्ति हो तो बलिदान भी करदे । फिर १०८ वार हवन करे । होमाभावमें द्विगुण जप करे । तदनन्तर दक्षिणा देकर छिद्रावधारण करे ।

इति श्रीक्रियोड्डीशे महातन्त्रराजे देवीश्वरसंवादे
सप्तदशः पटलः ॥ १७ ॥

---

अथ शिवयंत्रम् ।

तत्रादौ षट्कोणमण्डलं कृत्वा तदन्ते साध्ये नाम युक्तं प्रसादबीजं विलिख्य षट्कोणेषु प्रणवबहिस्तपञ्चाक्षरवर्णान् विलिख्य विवरेषु षडंगमंत्रात् तद्बहिः पंचदलानि विरच्य तद्दलेषु ॐ वामदेवाय

नमः । ॐ ईशानाय नमः । ॐ तत्पुरुषाय नमः । ॐ अघोराय नमः । ॐ सद्योजाताय नमः इति पंच मंत्रान् प्रागादिक्रमेण लिखेत् । तद्बहिरष्टदलानि रचयित्वा तद्दलेषु मातृकावर्णान् लिखेत् । तद्बहिर्वृत्तं त्र्यम्बकेन वेष्टयेत् । तद्यन्त्रे जपहोमादिः कार्यः ।

अब शिव मंत्र कहाजाताहै—प्रथम षट्कोण मण्डल निर्माण करे और उस मण्डलके बीचमें साध्य व्यक्तिके नामको लिखे और प्रसाद बीजको भी लिखे । छओं कोणोंमें प्रणवसहित पञ्चाक्षर मंत्रके वर्णोंको लिखे । विवरोंमें षडंग मंत्रोंको लिखे यंत्रके वाहिर्भागमें पंचदल बनावे । दलोंमें नाममन्त्रोंको लिखे यह नाममंत्र है । ॐ वामदेवाय नमः । ॐ ईशानाय नमः । ॐ तत्पुरुषाय नमः । ॐ अघोराय नमः। ॐ सद्योजाताय नमः । इस प्रकार इन पांच मंत्रोंको प्रागादि क्रमसे लिखे । पुनः यंत्रके वहिर्भागमें अष्टदल निर्माण करे । दलोंमें मातृकाओंके वर्णोंको लिखे । दलोंके वहिर्भागको त्र्यम्बक मंत्रसे वेष्टित करे और यंत्रमें जप होमादिक करे ।

अथ मृत्युञ्जययन्त्रम्-मध्ये साध्याक्षराढ्यं ध्रुवमभिविलिखेन्मध्यमं दिग्दलेषु कोणेष्वन्तं मन स्तत्क्षितिभुवनमथो दिक्षु चन्द्रं विदिक्षु । ढान्तं यन्त्रं तदुक्तं सकलभयहरं क्ष्वेडभूतापमृत्युव्याधिव्यामोहदुःखप्रशमनमुदितं श्रीप्रदं कीर्त्तिदायि ।

इसका अर्थ पिछाडी कहचुके हैं ।

अथ रोगशान्त्यर्थ-त्र्यम्बकमृतसंजीविनीविधानम् ।

स्वच्छं स्वच्छारविन्दस्थितमुभयकरे संस्थितौ पूर्णकुम्भौ द्वाभ्यामेणाक्षमाले निजकरकमले द्वौ घटौ नित्यपूर्णौ । द्वाभ्यां द्वौ च स्रवन्तौ शिरसि शशिकलां चामृतैः प्लावयन्तं देहं देवो दधानं विदिशतु विशदां कल्पजालैः श्रियं वः ॥

इसका भी भावार्थ हम पिछाडी लिख चुके हैं अतः पिष्टपेषण न्यायसे क्या काम ?

आदौ प्रासादबीजं तदनु मृतिहरं तारकं व्याहृतिश्च प्रोच्चार्यं त्र्यम्बकं यो जपति च सततं संपुटं चानुलोमम् । गायत्र्याः पूर्वपादं तदनु च शिवदं त्र्यम्बकस्यादिमं तत्प्रोच्चार्य्यं ध्यानपूर्वं जपति हि मननोऽस्त्वेति मृत्युं ध्रुवं सः ॥ प्रासादबीजं हौं मृतिहरं त्र्यक्षरं मृत्युञ्जयमंत्रं ॐ जूं सः । तारकम् । ॐ व्याहृतयः भूर्भुवः स्वः । तेन हौं ॐ जूं सः । ॐ भूर्भुवः स्वः तत्त्र्यम्बकमंत्रः पूर्वमंत्रेणानुलोमक्रमेण संपुटितः । अस्य जपात् सर्वसिद्धिर्भवति पुनः ❀ ❀ गायत्र्याः प्रथमपादं त्र्यम्बकस्य प्रथमपादमित्यादि च ध्यानं पूर्वमुक्तम् ।

प्रथम प्रासादबीज तत्पश्चात् मृत्युहर तारक तथा व्याहृतिका उच्चारण कर जो मनुष्य निरन्तर संपुट तथा अनुलोम त्र्यम्बक मंत्रका जप करते हैं उनको सर्वसिद्धि प्राप्त होती हैं। हौं यह प्रासादबीज है। मृत्युहर तीन अक्षरका ओं जूं सः यही त्र्यंबक मंत्र है। ओं को तारक कहते हैं। भूर्भुवः स्वः इनको व्याहृति कहते हैं। हौं ओं जूं सः ओं भूर्भुवः स्वः। इस अनुलोम क्रमानुसार संपुटितकर जप करे सिद्धि प्राप्त होगी। फिर गायत्री मंत्रका प्रथम पाद और त्र्यम्बक मंत्रके प्रथमपादको सम्पुटितकर जप करे ध्यान प्रथम कह चुके हैं।

इति क्रियोड्डीशे महातंत्रराजे देवीश्वरसंवादेऽष्टादशःपटलः॥ १८

---

अथ मृत्युञ्जयकवचम्।

**श्रीदेव्युवाच–भगवन् देवदेवेश देवताभिः प्रपूजित। सर्वं मे कथितं देव कवचन्न प्रकाशितम्॥ मृत्युरक्षाकरं देव सर्वाशुभविनाशनम्। कथयस्वाद्य मे नाथ यदि स्नेहोऽस्ति मां प्रति।**

अब मृत्युञ्जय कवच कहाजाता है। श्रीदेवीजी कहती हैं। हे देवदेवेश! हे देवताओंसे प्रपूजित! भगवन्! आपने मुझसे सब कुछ कहा परन्तु मृत्युहर, सर्व रक्षाकर, अशुभनाशक कवच

नहीं कहा कृपाकर कहिये । हे भगवन् ! यदि मेरे ऊपर आपका परम स्नेह है तो ॥

ईश्वर उवाच—अस्य मृत्युञ्जयमन्त्रस्य वामदेव ऋषिर्गायत्रीच्छन्दो मृत्युञ्जयो देवता साधकाभीष्टसिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः । शिरो मे सर्वदा पातु मृत्युञ्जयसदाशिवः । सत्र्यक्षरस्वरूपो मे वदनं च महेश्वरः । पञ्चाक्षरात्मा भगवान् भुजौ मे परिरक्षतु । मृत्युञ्जयस्त्रिबीजात्मा ह्यायू रक्षतु मे सदा ॥ बिल्ववृक्षसमासीनो दक्षिणामूर्तिरव्ययः । सदा मे सर्वतः पातु षट्त्रिंशद्वर्णरूपधृक् ॥ द्वाविंशत्यक्षरो रुद्रः कुक्षौ मे परिरक्षतु । त्रिवर्णात्मा नीलकण्ठः कण्ठं रक्षतु सर्वदा ॥ चिन्तामणिर्बीजपूरे ह्यर्द्धनारीश्वरो हरः । सदा रक्षतु मे गुह्यं सर्वसम्पत्प्रदायकः ॥ स त्र्यक्षरस्वरूपात्मा कूटरूपी महेश्वरः।मार्तण्डभैरवो नित्यं पादौ मे परिरक्षतु ॥ ॐ जूं सः महाबीजस्वरू-

पस्त्रिपुरान्तकः । ऊर्ध्वमूर्द्धनि चेशानो मम रक्षतु सर्वदा । दक्षिणस्यां महादेवो रक्षेन्मे गिरिनायकः । अघोराख्यो महादेवः पूर्वस्यां परिरक्षतु ॥ वामदेवः पश्चिमस्यां सदा मे परिरक्षतु ॥ उत्तरस्यां सदा पातु सद्योजातस्वरूपधृक् ॥ इत्थं रक्षाकरं देवि कवचं देवदुर्लभम् । प्रातर्मध्याह्नकाले तु यः पठेच्छिवसन्निधौ ॥ सोऽभीष्टफलमाप्नोति कवचस्य प्रसादतः । कवचं धारयेद्यस्तु साधको दक्षिणे भुजे ॥ सर्वसिद्धिकरं पुण्यं सर्वारिष्टविनाशनम् । योगिनीभूतवेतालाः प्रेतकूष्माण्डपन्नगाः ॥ न तस्य हिंसां कुर्वन्ति पुत्रवत्पालयन्ति ते । पठित्वाभ्यर्चयेद्देवि यथाविधि पुरःसरम् ॥ लक्षञ्च मूलमंत्रस्य पुरश्चरणमुच्यते । तद्धारणे महादेवि मृत्युरोगविनाशनम् ॥ एवं यः कुरुते मर्त्यः पुण्यां गतिमवाप्नुयात् । इति ज्ञात्वं

महादेवि तस्य वक्त्रे स्थितं सदा ॥ कवचस्य प्रसादेन मृत्युमुक्तो भवेन्नरः । अन्यथा सिद्धिहानिः स्यात्सत्यमेतन्मनोरमे ॥ तव स्नेहान्महादेवि कथितं कवचं शुभम् । न देयं कस्यचिद्देवि यदीच्छेदात्मनो हितम् ॥

श्रीशिवजी कहनेलगे । इस मृत्युंजय मंत्रका वामदेव ऋषि गायत्री छंद मृत्युंजय देवता है और साधकोंके मनोरथ सिद्धिके अर्थ विनियोग कहा है । मृत्युंजय सदाशिव मेरे शिरकी रक्षा करें । तीन अक्षरस्वरूप महेश्वर मेरे मुखकी रक्षा करें । पंचवर्णात्मक भगवान् सदाशिव मेरी दोनों भुजाओंकी रक्षा करें । मृत्युंजय मेरी आयुकी रक्षा करें । बिल्ववृक्षके नीचे वासकरनेवाले अव्यय सदाशिव, दक्षिणामूर्ति षट्त्रिंशत् ( ३६ ) वर्ण रूप, धारण करनेवाले सर्व स्थानोंमें मेरी रक्षा करें द्वाविंशति रूपात्मक रुद्र मेरी कुक्षिकी रक्षा करें । त्रिवर्णात्मक नीलकण्ठ मेरे कण्ठकी रक्षा करें । बीजपूरमें चिन्तामणिके तुल्य अर्द्धनारीश्वर भगवान् सदाशिव मेरे गुह्यभागकी रक्षा करें । त्रिवर्णात्मक, क्रूररूप, महेश्वर, मार्तंड भैरव नित्य मेरे पांवकी रक्षा

करें। ओं जूं सः इन बीजोंके रूपको धारण करनेवाले त्रिपुरान्तक मेरे ऊर्ध्वभाग अर्थात् मस्तककी रक्षा करें। गिरिनायक महादेव दक्षिण दिशामें मेरी रक्षा करें। अघोराख्य महादेव पूर्वदिशामें मेरी रक्षा करें। वामदेव पश्चिम दिशामें मेरी रक्षा करें। सद्योजातस्वरूप धारण करनेवाले उत्तरदिशामें मेरी रक्षा करें। हे देवि! इस प्रकार देवताओंको भी दुर्लभ ऐसे रक्षाकर कवचका प्रातःकाल और सायंकाल जो मनुष्य शिव मंदिरमें पाठ करते हैं उनको इस कवचके प्रसादसे वांछित फल प्राप्त होता है। जो साधक इस परम पवित्र कवचको दक्षिण भुजामें धारण करते हैं उनको सम्पूर्ण सम्पत्तियां प्राप्त होती हैं और समस्त रोग उनके नाश होजाते हैं। और योगिनी, भूत, वेताल आदि कदापि उसकी हिंसा नहीं करते किन्तु पुत्रवत् पालन करते हैं। हे देवि! यथाविधान, इस कवचका पाठ करके शिवपूजन करे लक्ष अर्थात् एक लाख मूलमंत्रके जप करनेसे एक पुरश्चरण होता है। हे देवि! इस पुरश्चरणके करनेसे मृत्यु और रोगका नाश होता है। इस प्रकार करनेसे पुण्य गति प्राप्त होतीहै। हे देवि! इस कवचके ज्ञाता मृत्युसे निर्भय रहते हैं। न करनेसे सिद्धिकी हानि होती है। हे महादेवि! तुम्हारे स्नेहसे शुभ कवचराज कहा है। हे भद्रे! अपनी कामना पूर्ण

होनेकी इच्छा करनेवाला अन्यको यह कवच न दे । मृत्युंजय कवच समाप्त । पूर्वमें पूजन विधान कहआये हैं ।

इति क्रियोड्डीशे महातंत्रराजे देवीश्वरसंवादे एकोनविंशतितमः पटलः ॥१९॥

---

अथ यन्त्रप्रकरणम् ।

वन्ध्यायन्त्रम्—अतः परं देवि शृणु यन्त्रधारणमुत्तमम् । यन्त्रधारणमात्रेण सर्वाभीष्टफलं लभेत ॥ जन्मवन्ध्या च या नारी शुभपुत्रवती भवेत् । तदा गोरोचनाद्येन लिखेद्यन्त्रमनुत्तमम् ॥ वृत्तद्वयं समालिख्य पद्ममष्टदलं लिखेत । प्रतिपद्मे लिखेन्मायावीजं भूपुरकं ततः ॥ भूर्जपत्रे लिखेद्यन्त्रं धारयेत्तु महेश्वरि । कुक्षौ धृत्वा महायन्त्रं शुभपुत्रवती भवेत् ॥ प्रयोगान्तरमन्यत्र प्राणसङ्कटतो नहि । दक्षिणां गुरवे दत्वा गृह्णीयाद्यन्त्रमुत्तमम् ॥

अब यन्त्रप्रकरण कहाजाता है । प्रथम वन्ध्यायन्त्र । हे देवि ! यन्त्रधारणाविधानको सुनो । यन्त्रके धारणमात्रहीसे समस्त वांछित फल प्राप्त होजाते हैं जन्मवन्ध्या स्त्री शुभ पुत्रको

प्राप्त होजाती है । गोरोचनादि सुगन्धित पदार्थोंसे उत्तम यन्त्रको लिखे । दो वृत्त निर्माण कर अष्टदल कमल लिखे । प्रतिपत्रमें
२ मायाबीज और भूपुर लिखे । हे महेश्वरि ! भोजपत्रके ऊपर लिखकर इस यंत्रको धारण करे तो इसके प्रसादसे वंध्या स्त्री भी पुत्रवती हो । इस प्रयोगकी समाप्तिमें गुरुजीको दक्षिणा देवे ।

**वृत्तं चतुर्दलं पद्मं भूपुरेण समान्वितम् । वृत्तमध्ये लिखेद्देवि साधकाख्यां विशेषतः ॥ पुत्रवतीपदं पश्चात् भवत्विति पदं ततः । प्रणवैः पुटिता लज्जा त्रिधा पत्रेषु संलिखेत् ॥ पूर्ववत्पूजयेद्देवि धारयेद्दक्षिणे भुजे । सत्यं सत्यं हि देवेशि वन्ध्या पुत्रवती भवेत् ॥ दुर्भगा चेद्भवेन्नारी सुभगा मासतो भवेत् ।**

वृत्तचतुर्दलपद्म भूपुरयुक्त निर्माण करे । हे देवि ! वृत्तके मध्यमें साधकके नामको लिखे और पुत्रवती इस पदको लिखके भवतु इस पदको लिखे ( उदाहरण ) रमा पुत्रवती भवतु इस उदाहरणके अनुसार लिखे फिर प्रणवपुटित लज्जाबीज तीन प्रकार पत्रोंमें लिखे । हे देवि ! पूर्ववत् पूजन करे । और दक्षिण भुजामें धारण करे । हे देवि ! यह सत्य बात है कि इसके

धारण करनेसे वंध्या पुत्रवती होती है । दुर्भगा स्त्री एक मासके भीतर सौभाग्यवती होजाती है ।

अथ रक्षायन्त्रम् ।

अतः परं प्रवक्ष्यामि महारक्षाकरं परम् ।
धारणाद्दानवपतिर्महारक्षाकरो भवेत् ॥ पञ्चदलं
लिखेद्देवि ग्लौंबीजेनैव लाञ्छितम् । गंपञ्चकं
सर्वमध्ये लिखित्वा धारयेद्यदि ॥ न तस्य पुत्र
भीतिः स्यात्तत्र रक्षाकरो हरः । गोरोचनाकुंकु
माभ्यां भूर्जे संलिख्य धारयेत् ॥ तत्र पूजां महा
देवि गणपस्य समाचरेत् । पूजितं धारितञ्चैव
सर्वोपद्रवनाशनम् ॥ वृत्तमष्टदलं पद्मं पुनः पद्मेषु
संलिखेत् । गोरोचनाभिः संलिख्य धारयेत्परमे-
श्वरि ॥ उक्तरूपेण लिंगस्य पूजां कृत्वा महेश्वरि ।
धारयेद्यो भवेत्तस्य ह्यपमृत्युविनाशनम् ॥

अब महारक्षाकर यन्त्र कहाजाता है जिसके धारण करनेसे दैत्येश्वर भी रक्षा करनेवाला हो जाता है । हे देवि ! पंचदल कमल लिखकर ग्लौंबीजसे अंकित करे । और सर्वदलोंके मध्यमें

गम्बीज लिखकर पूजन कर धारण करे तो पुत्रभय कदापि न हो किन्तु शिवजी महाराज स्वयं आकर रक्षा करेंगे । भोजपत्रके ऊपर गोरोचन और कुंकुमसे लिखकर धारण करे और गणपतिका पूजन कर यंत्र धारण करे तो समस्त उपद्रव नाश हों और पुत्रकी प्राप्ति हो । वृत्त अष्टदल कमलके प्रतिदलमें ला बीज लिखे । हे परमेश्वरि ! गोरोचनादि सुगंधित पदार्थोंसे लिख धारण करनेसे पुत्रप्राप्ति होतीहै ! हे महेश्वरि ! उक्त विधानके अनुसार यंत्रका पूजन करे । हे देवि ! पूजन और यन्त्रके धारण करनेसे अपमृत्यु दोष दूर होता है ।

अथ पुत्रजननयन्त्रम् ।

बिन्दुवृत्तं समालिख्य लिखेदष्टदलं ततः । प्रतिपत्रेषु यंबीजं लिखेदथ पृथक्पृथक् ॥ पूर्ववत्पूजजयेद्देवि धारणान्मृत्युनाशनम् । काकवन्ध्याजनस्यापि बहुपुत्रकरं परम् ॥ षट्कोणं विलिखेद्वृत्तं ततश्चाष्टदलं लिखेत् । षट्कोणेषु च षट् दीर्घान् विलिखेत्परमेश्वरि ॥ ऐं ह्रीं ॐ ऐं ह्रीं फट् स्वाहा लिखेदष्टदले ततः । सर्वमध्ये लिखेद्देवि ततः

शृणु महेश्वरि ॥ प्रणवस्तु ततो माया साधकाख्यं तु ङन्तकम् । सुपुत्रञ्च समालिख्य उत्पादय पदन्ततः ॥ विधाय चैवं विधिवद्धारयेद्यन्त्रमुत्तमम् । धारणात्सर्वसंपत्तिर्भवेद्देवि न संशयः ॥ पूजनं पूर्वमुक्तम् । देवीं कालीमंत्रेण पूजयेत् ।

अव पुत्र उत्पन्न करनेवाला यंत्र कहाजाता है । विन्दुवृत्तको लिखकर अष्टदल कमल लिखे, और उक्त कमलदलके प्रतिदलमें पृथक् २ यंवीजको लिखे । हे देवि ! पूर्ववत् पूजनकर धारण करे तो मृत्युसे भय न हो । काकवंध्या स्त्री भी बहुपुत्र लाभ करे षट्कोण वृत्त लिखकर पुनः अष्टदल लिखे और छहों कोणोंमें वीजमंत्र लिखे । "ऐं ह्रीं ॐ ऐं ह्रीं फट् स्वाहा" इनको अष्टदलमें लिखे । यंत्रके मध्यम प्रणव, मायावीज, साधकका नाम सुपुत्रं, उत्पादय इन पदोंकी योजना कर सविभक्तिक लिखे । विधिपूर्वक इस उत्तम यंत्रको धारण करे । हे देवि ! यंत्र धारण करनेसे समस्त सम्पत्ति प्राप्ति होती है, इसमें किसी प्रकारका संदेह नहीं है । इसका पूजनविधान पिछाड़ी कह आये हैं । देवीजीका पूजन कालीके मंत्रसे करै ।

अथ वशीकरणम् ।

वशीकरणयन्त्रन्तु शृणु मत्प्राणवल्लभे । यस्य धारणमात्रेण वशीं कुर्यात् पुनः प्रिये ॥ चतुर्वृत्तं समालिख्य लिखेदष्टदलं ततः । ॐ शत्रुमुखं बन्धयेति प्रतिपद्मदलं लिखेत् ॥ यस्य नामाभिसंलिख्य बाहौ सन्धारयेच्छिवे । पूर्ववत्पूजयेद्देवीं जपेल्लक्षं विधानतः ॥ चामुण्डोक्तविधानेन पूजयेद्देवि साधकः । हुत्वा चैव विधानेन स वशी भवति ध्रुवम् ।

हे मत्प्राणवल्लभे ! अब वशीकरण यन्त्र सुनो कि जिसके धारण करने मात्रसेही वशीकरण होसक्ता है । चतुर्वृत्त लिखकर अष्टदल लिखे । "ओं शत्रुमुखं बन्धय" प्रतिदलमें लिखे । साध्य व्यक्तिके नामको लिखकर बाहुमें धारण करे और पूर्ववत् पूजन करे । चामुंडाके विधानको देखकर पूजन करे और विधानपूर्वक हवन करे ।

अथ बन्धमुक्तियन्त्रम् ।

प्रथमन्तु लिखेद्वृत्तं तद्बहिस्तु स्वरांल्लिखेत् । बहिर्भूद्वयं लिख्य चतुर्दिक्षु च ह्रीं लिखेत् ॥

वृत्तयुग्माष्टपत्रञ्च लिखेद्गोरोचनादिना । ग्रीवायां कंठदेशे वा शिखायां वापि धारणात् । बन्धमुक्तिर्भवेत्तस्य नवमे दिवसे तथा । पूर्वोक्तविधिना-लक्षं दुर्गामंत्रं जपेद्बुधः ।

अब बन्दीमोचन यन्त्र कहाजाता है ।। वृत्तलिखे और उस वृत्तके बाहिर्भागमें स्वरोंको लिखे । बहिर्भागमें दो भुभू लिखे और चारों दिशाओंमें ह्रीं लिखे दो वृत्त लिखकर गोरोचनादि-कसे अष्टदल लिखे । ग्रीवा ( गर्दन ) कण्ठ, शिखामें धारण करे तो नौवें दिन बन्धनसे मुक्ति हो । पूजन प्रकार पूर्व कह-दिया है एक लाख दुर्गामन्त्र जपे ।

अथ डाकिन्यादिभयविनाशनयन्त्रं जीववत्सायन्त्रं च ।

वृत्तयुग्मं लिखेत्तत्र महाबीजचतुष्टयम् । चतुष्कोणद्वयं बाह्ये लिखित्वा धारयेद्यदि ॥ नाशयेत्क्षणमात्रेण डाकिन्यादिभवं भयम् । मृतवत्सा यदि भवेन्नारी दुःखपरायणा ॥ धारयेत् परमं यंत्रं जीववत्सा ततो भवेत् ।

अब डाकिनी आदि भयनाशक तथा जीववत्सायन्त्र कहाजा-ता है । दो वृत्त लिखकर चारों कोनोंमें चार महाबीज लिखे और

पूजन कर धारण करे तो डाकिनी आदि भय नाश हो। अथवा जिस स्त्रीका पुत्र उत्पन्न होकर मरजाता हो और सर्वथा सन्तानसे दुःखित हो यदि वह स्त्री इस यन्त्रराजको सांगोपांग धारण करे तो उसकी संतान जिये और सुख भोगे।

दीर्घरेखाद्वयं दत्त्वा तदग्रेऽष्टदलं लिखेत्। ॐ ह्रीं देवदत्त ह्रीं रेखामध्ये लिखेच्छिवे॥ रेखागात्र दले ॐ हूँ रेखाद्यन्तदले च ॐ (लिखेत्)। गोरोचनाकुंकुमेन तथैवालक्तकेन वा॥ यस्य नाम तु संलिख्य स्थापयेत्परमेश्वरि। पंचामृतेषु देवेशि जीववत्सा भवेद्धि सा॥ तत्सुतस्याकालमृत्युर्नान्यथा जायते प्रिये। उक्तरूपे तथा पूजां लक्षमन्त्रं जपेच्छिवे॥ १०॥

दो दीर्घ रेखा लिखकर उनमें अष्टदल कमल लिखे और उक्त रेखाओंके मध्यमें ओं ह्रीं देवदत्त ह्रीं ओं इस मंत्रको लिखे। रेखाके गात्रदलमें ओं हूँ रेखाके अन्तदलमें ओं इन बीजोंको लिखे। हे परमेश्वरि! गोरोचन, कुंकुम लाख इनसे साध्य व्य-

त्रिके नामको लिखे और पंचामृतमें स्नान करावे हे देवेशि ! स्त्री अवश्य जीववत्सा हो हे शिवे ! इस यन्त्रको धारण करनेवाली स्त्रीका पुत्र कदापि अकाल मृत्युको न प्राप्त होगा । परन्तु उक्त विधिके अनुसार पूजन करे और एक लाख मन्त्र जप करे ॥

इति क्रियोड्डीशे महातंत्रराजे देवीश्वरसंवादे विंशतितमः पटलः समाप्तः ॥ २० ॥

---

अथ विजयानुपानम् ।

दुग्धयोगेन विजया महातेजस्करी स्मृता । क्षुद्रोधवलकारित्वाच्चक्षुर्दोषापहारिणी ॥ जलयोगेन सा हन्ति ह्यजीर्णादिगदान्क्षणात् । घृतेन मेधाजननी वाग्देवीवशकारिणी ॥ कफदोषानशेषांस्तु मधुना सह नाशयेत् । सैन्धवेन युता सा हि जठराग्निं विवर्द्धयेत् ॥ सितया लवणेनापि गुडेन सह सेविता । अम्लपित्तं तथा शूलं विनाशयति तत्क्षणात् ॥

बलपुष्टिप्रदा प्रोक्ता मधुरस्वरकारिणी ॥ कैवल्य-
ज्ञानदा चेत्थं सर्वसिद्धिप्रदायिनी ।

अब विजया अनुपानका विधान कहाजाता है । यदि विजया ( भंग ) दूधके साथ पी जाय तो तेजका उदय हो नेत्र आदिका दोष दूर हो । कोई कहते हैं कि विजयाके पान करनेसे चक्षु आदि दोष उत्पन्न होजाते हैं । यदि विजयाको केवल जलमें पीसकर और पानीमें छानकर पिये तो अजीर्ण रोग दूर होजाता है । घृतके योगसे विजयाका सेवन करना वाणीकी चतुराई देता है । सहतके योगसे विजयाका सेवन करना समस्त कफ दोषोंको नाश करता है । सेंधेनमकके योगसे विजयाका सेवन करना जठराग्निको प्रज्वलित करताहै लवण अथवा शर्करा वा गुडके योगसे विजयाका सेवन करना शूल और अम्लपित्तको नाश करता है । विजयाके सेवन करनेसे बल, पुष्टि प्राप्त होती है और ज्ञान भी प्राप्त होता है । विजया समस्त सिद्धियोंको देने-वाली परमसिद्धि है ।

इति क्रियोड्डीशे महातन्त्रराजे शिवगौरीसंवादे
एकविंशतितमः पटलः ॥ २१ ॥

अथ मंगलचण्डीप्रयोगः ।

ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं सर्वपूज्ये देवि मंगलचंडिके हूँ हूँ फट् स्वाहा । इत्येकविंशाक्षरो मनुः । ध्यानं यथा–देवीं षोडशवर्षीयां शश्वत्सुस्थिरयौवनाम् । सर्वरूपगुणाढ्यां च कोमलांगीं मनोहराम् । श्वेतचम्पकवर्णाभां चन्द्रकोटिसमप्रभाम् । वह्निशुद्धां शुकाढ्यां च रत्नभूषणभूषिताम् ॥ बिभ्रतीं कबरीभारं मल्लिकामाल्यभूषितम्[1] ॥ बिम्बोष्ठीं सुदतीं शुद्धां श्वेतपद्मनिभाननाम् । ईषद्धास्यप्रसन्नास्यां सुनीलोत्पललोचनाम् ॥ जगद्धात्रीञ्च दात्रीं च सर्वेभ्यः सर्वसम्पदाम् । संसारसागरे घोरे पोतरूपां वरां भजे ॥

इति श्रीमदिन्द्रजिद्विरचितः क्रियोड्डीशः समाप्तः ।

---

१ मल्लिकामाल्यभूषितामिति पाठांतरम् ।

अब मंगलचंडीप्रयोग कहाजाता है । ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं सर्वपूज्ये देवि मंगलचंडिके ह्रूं ह्रूं फट् स्वाहा । यह २१ अक्षरका मंगलचंडीका मंत्र है । अब ध्यान कहाजाता है । १६ वर्षकी अवस्थावाली, निरंतर युवावस्था पूर्ण, समस्त गुण तथा रूपसे सुशोभित, कोमल अंगवाली, मनको हरनेवाली, श्वेत चम्पाके तुल्य कांतिवाली, चन्द्रकिरणके तुल्य उज्ज्वल, अग्निके तुल्य शुद्ध कराल ( भयंकर ) स्वरूप धारण करनेवाली, रत्नोंके भूषणोंसे भूषित, श्वेतवस्त्र धारण करनेवाली चमेलीके फूलोंसे जटित कवरी ( चोटी ) को धारण करनेवाली, कन्दूरीके तुल्य रक्त ओष्ठवाली, श्रेष्ठदांतवाली, श्वेत अर्थात् पवित्र, कमलकी कांतिको धारणकरनेवाली मंद मुसकान करनेवाली, नीलकमलदलके तुल्य नेत्रोंवाली, जगत्को धारण करनेवाली, समस्त सम्पत्ति देनेवाली, इस दुष्पारसंसारमें नौकाके तुल्य पार लगानेवाली जगज्जननी देवीजीका हम साधक लोक ध्यान करते हैं ।

इति श्रीवैद्यरामनारायणशास्त्रिकृतभाषानुवादसमेतं
क्रियोड्डीशतंत्रं समाप्तम् ।

---

पुस्तक मिलनेका ठिकाना-

गंगाविष्णु श्रीकृष्णदास,
" लक्ष्मीवेंकटेश्वर " स्टीम् प्रेस,
कल्याण-मुंबई.

खेमराज श्रीकृष्णदास,
"श्रीवेंकटेश्वर" स्टीम् प्रेस,
खेतवाडी-मुंबई.

## क्रय्यपुस्तकानि-( मन्त्रशास्त्र-ग्रन्थाः )

| नाम. | की. रु. आ. |
| --- | --- |
| अनुष्ठानप्रकाश-पं० चतुर्थीलालकृत-नैमित्तिककर्ममें परमोपयोगी है इसमें-अकडमकडचक्र, दीक्षा-पुरश्चरण, सूर्यचन्द्रादि ग्रहणोंमें पुरश्चरण तथा संकल्पादि संग्रहीत हैं और अनेक प्रकारके देवी देवताओंके अनुष्ठान प्रकाश किये हैं .... | ६-० |
| आश्चर्ययोगरत्नमालातन्त्र .... .... .... | ०-४ |
| आसुरीकल्प-भाषाटीकासमेत। तन्त्रशास्त्रोंके पुस्तकोंमें यह भी एक है .... .... .... | ०-२ |
| बृहत् इन्द्रजाल-( संस्कृत और भाषा ) मन्त्र, तन्त्र, मोहन, उच्चाटन, वशीकरण, प्रयोग और वैद्यक तथा समस्तकार्योंके सिद्धकरनेवाले १३८ यन्त्रोंसमेत संग्राह्य है. .... .... .... .... | २-० |
| इन्द्रजाल-बडा-मथुराका छपा .... .... | १-४ |
| उच्छिष्टगणपतिपञ्चांग .... .... .... | १-० |
| उड्डीशतन्त्र-रावणविरचित मूल तथा मुरादाबादनिवासीश्यामसुन्दरलाल त्रिपाठीकृत भाषाटीकासहित | ०-६ |

नाम. की. रु. आ.

कार्तवीर्यार्जुनोपासनाध्याय-यह ग्रन्थ कार्तवीर्योपासकोंको तथा सभी लोगोंको अवश्य लेना चाहिये २-०

कामरत्नतन्त्र-महाराष्ट्र ( मराठी ) भाषासहित-इसमें मोहन, वशीकरण इत्यादिके अलावा वैद्यकके भी वाजीकरणादिक उत्तम प्रयोग हैं । मराठी जाननेवालोंको बहुत उपयोगी है .... .... १-०

गायत्रीपुरश्चरण .... .... .... .... ०-२

गायत्रीपञ्चांग-इसमें-गायत्रीचक्र, कल्पपद्धति, उपनिषद्, गायत्रीतत्त्व, गायत्रीकवच, गायत्री स्तवराज, गायत्रीपंजरस्तोत्र, गायत्रीसहस्रनाम और गायत्रीपटलादि संग्रहहैं .... .... .... १-०

गुप्तसाधनतन्त्र-पं० बलदेवप्रसादमिश्रकृत भाषाटीकासहित इसमें-अनेक प्रकारके योगानुकूल षट्कर्म और गर्भ इत्यादिका औषधिप्रयोग है .... ०-६

गोपालपंचांग-इसमें-( पटल, पद्धति, सहस्रनाम, कवच, स्तवराज ) यह पांचों अंग हैं .... .... ०-१०

गौतमतन्त्र-महर्षि गौतमप्रणीत । यह वैष्णवोंको परमोपयोगी तथा श्रीगोपालोपासकोंको परमश्रेयस्कर है १०-८

| नाम | की. रु. आ. |
|---|---|
| गंधोत्तमानिर्णयतंत्र--इसमें मद्यका विवेचन है .... | ०-८ |
| चतुर्विंशतिगायत्री-श्रीमद्विद्यावारिधि पं० ज्वालाप्रसादजी मिश्रकृत-भाषाटीकासहित .... .... | ०-४ |
| दत्तात्रेयतन्त्र-भाषाटीकासमेत । यह औषधिप्रयोग इत्यादि २४ पटलोंमें वर्णित है .... .... | ०-६ |
| दुर्गासप्तशती--इसमें-प्रतिश्लोक, बीजमन्त्र, प्रयोगविधि देवीकवच, अर्गला, कीलक, नवार्णविधि, रात्रिसूक्त, सप्तशतीन्यास, दुर्गापाठ, उत्तरन्यास, देवीसूक्त, नवार्णवसन्निवेदन, प्राधानिकरहस्य, वैकृतिरहस्य मूर्तिरहस्य समेत ८ पंक्तिकी मोटा अक्षर रेशमी जिल्द गुटका ग्लेज .... .... .... .... | १-१२ |
| ,, तथा रफ कागज रेशमी गुटका .... .... | १-४ |
| दुर्गासप्तशती--संपूर्ण घटनाओंके मूर्तिमान् चित्रोंसहित वडा अक्षर चित्रभी देखने योग्य हैं .... .... | २-० |
| दुर्गासप्तशती-मोटा अक्षर उपरोक्त विषयानुसार खुलीसाँची .... .... .... .... | १-४ |
| दुर्गासप्तशती-३२ पेजी रेशमी गुटका .... .... | ०-१२ |
| ,, तथा खुलापत्रा .... .... .... | ०-८ |
| दुर्गासप्तशती--६४ पेजी रेशमी गुटका छोटा अक्षर .... | ०-८ |
| दुर्गासप्तशती--छोटा तावीज गुटका .... .... | ०-४ |

| नाम. | की. रु. आ. |
|---|---|
| दुर्गासप्तशती–शान्तनवीटीकासमेत .... | .... ०–१२ |
| दुर्गासप्तशती–नागोजीभट्टकृत टीकासमेत | .... १–४ |
| दुर्गासप्तशती–सातटीकासमेत । इसमें--दुर्गाप्रदीप, गुप्तवती, चतुर्धरी, शान्तनवी, नागोजीभट्टी, जगचन्द्रिका दशोद्धारादि सप्तटीकासमेत है .... | .... ४–० |
| दुर्गासप्तशती--भाषाटीकासहित पं० रामेश्वरभट्टजी अनुवादित ग्लेज कागज .... | .... १–०४ |
| दुर्गासप्तशती- पद्यात्मकभाषा–अनन्यकविकृत | .... ०–६ |
| दुर्गोपासनाकल्पद्रुम–पं० हरिकृष्ण व्यंकटरामसंगृहीत । जिसमें–दुर्गाजीका ६० प्रकरण कईएक शास्त्रसे उद्धृत कर अन्तमें दुर्गापाठभी रक्खा गया है । दुर्गाजीके उपासकोंको अवश्य संग्रहोपयोगी है.... | ५–० |
| धन्वन्तरितन्त्रशिक्षा–भाषाटीकासहित । देवादिदेव महादेवप्रणीत । इस-ग्रन्थमें तन्त्रके विषय बहुत अच्छे हैं, तान्त्रिकोंके अवश्य लेने योग्यहै .... | .... १–८ |
| नवरात्रार्चापद्धति--नवरात्रमें घटस्थापनादि नित्यपूजापद्धति .... .... .... | .... ०–४ |
| प्रत्यंगिरापचांग–इसमें–पटलपद्धति, कवच, तथा सहस्रनाम स्तोत्रका संग्रह प्रत्यक्ष फलदायकहै | .... ०–१४ |
| पुरश्चरणदीपिका–पुरश्चरणकर्ममें अति उपयोगी है .... | ०–३ |

| नाम | की. रु. आ. |
| --- | --- |
| वटुकभैरवोपासनाध्याय-( बृहज्ज्योतिषार्णवान्तर्गत ) जिसमें संपूर्ण भैरवोंकी उपासनाका मन्त्रोद्धार, पुरश्चरणकवच, पुजासहस्रनामस्तवादिका संग्रह है .... | १-८ |
| महालक्ष्मीपूजापद्धति-भाषाटीकासहित .... | ०-२ |
| महायक्षिणीसाधन-पं०ज्वालाप्रसादमिश्रकृत भाषाटीका समेत । इसमें-अनेक प्रकारकी यक्षिणी साधनादि-विधि समस्त ( २२५ ) विषयहैं .... .... | ०-१२ |
| मन्त्रमहार्णव-मन्त्रशास्त्रका महान् ग्रन्थ संपूर्ण छपके तैयार है । ऐसा ग्रन्थ आजतक अन्यत्र कहीं भी नहीं छपा । इस बृहद्ग्रन्थका दाम भी थोडा रक्खाहै .... .... .... .... | २०-० |
| महानिर्वाणतन्त्र-भाषाटीकासमेत । इसमें-तान्त्रिक उपासना, मूलमन्त्र, कर्मकाण्डादि आध्यात्मिकतत्त्वादि विषयहैं .... .... .... .... | ४-० |
| मन्त्रमहोदधि-सटीक ( ९८ ) यन्त्रोंसमेत । इसमें-गणेश मन्त्र, कालिकामन्त्र, तारामन्त्र, ब्रह्मोपासिततारा, छिन्नमस्ता, यक्षिणी, वाराही, धूमावती, कर्ण पिशाचिना, स्वप्नेश्वरी, बाला, त्रिपुरसुन्दरि, अन्नपूर्णेश्वरी, मंगलपूर्वकश्रीविद्या, श्रीविद्याका परिवार, हनुमन्मन्त्र, विष्णु | |

नाम कौ. रु. आ.

मन्त्र, रोगदारिद्र्यनाशकरविमन्त्र, महामृत्युंजयमन्त्र, अभीष्टसिद्धिदकार्तवीर्यार्जुनमन्त्र, कालरात्रि-मन्त्रविधि, कूटमन्त्र, सर्वदेवोंके यन्त्र, नित्यपूजा, नित्यार्चनविधि, पवित्रपूजनार्चन, मन्त्रशुद्धि और शान्त्यादि षट्कर्म इत्यादिमन्त्रोंका उद्धारादि उत्तमप्रकारसे वर्णितहै.... ५-०

मन्त्रमुक्तावली-( मन्त्रसंग्रह ) वैष्णव शैव-शाक्तोंको सर्वोपयोगी है । .... .... .... ०-३

माहेश्वरीतन्त्र-भाषाटीकासमेत । इसमें-मारण, मोहन, वशीकरण, उच्चाटनादि विधि भलीप्रकार वर्णितहै....०-४

मेरुतन्त्र-तन्त्रोंपर प्रायः लोग यह दोष लगातेहैं कि, वह वाममत प्रधान होनेसे वैदिक लोगोंके अनुष्ठानके योग्य नहीं किन्तु इस सर्वश्रेष्ठ "मेरुतन्त्र" में अनेक वैदिक-प्रयोग ऐसे उत्तम हैं कि, उक्त दोष कभी नहीं लगसक्ते । इसमें-अनेक अपूर्व २ अनुष्ठानहैं जो वैदिक तथा तान्त्रिक सभीके उपयोगी हैं । अवश्य लीजिये, नूतन छपाहै .... .... .... .... ८-०

योगिनीतन्त्र-पं० कन्हैयालालमिश्रकृत भाषाटीकासहित इसमें भगवतीकी उपासना, मन्त्र, पुरश्चरण तथा

नाम. की. रु. अ

अनुष्ठानविधि इत्यादि भलीभाँति वर्णित है .... ४-

योगमालातन्त्र-पं० बलदेवप्रसादमिश्रकृत भाषाटीकासमेत। इसमें-अनेकप्रकारके योगानुकूल षट्कर्म और ग इत्यादिका औषधिप्रयोग है । .... .... ०

राधाकृष्णपञ्चाङ्ग-इसमें-श्रीराधिका और श्रीकृष्णजीव युगलरूप पटल, पद्धति, कवच, सहस्रनामस्तो भक्तिमय उपासना योग्यहै । इसका रेशमी गुटका है ०

रुद्राक्षधारणविधि-शिवभक्तोंको अवश्य लेना चाहिये .... ०

वर्णबीजप्रकाश-इसमें अकारादि क्रमसे शब्द लिखके उन बीजवर्ण लिखे हुए हैं और उनकी स्पष्टताके लि अमुक २ वर्गोंके अमुक अमुक वर्णोंके एकत्र योग यह बीज वर्ण बना हुआहै, यहभी लिखागया है, य ग्रन्थ मन्त्रोद्धार करनेके लिये बहुतही उपकारक है और आजतक ऐसा कोई दूसरा ग्रन्थ नहीं छपा सुन्दर रेशमी जिल्द बँधीहै .... .... १-